kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ़ सच

वर्ष-14 | अंक-286 | गुरुवार, 20 नवम्बर 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12




एनआईटी बहु-विषयी शिक्षा, नवोन्मेष, अनुसंधान, उद्यम क्षेत्रों के साथ सहयोग और कौशल-जनित शिक्षा को बढ़ावा देकर छात्रों को भविष्योन्मुखी आवश्यकताओं की दिशा में सक्षम बना रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु


लोक सभा अध्यक्ष ने संयुक्त राष्ट्र में सुधारों का किया आह्वान 11

स्वयंसेवक बढ़ा रहे हैं विश्वविद्यालय की शान 12


## संक्षेप

### एटीएस को जल्द देंगे मदरसा छात्रों व शिक्षकों का ब्योरा : राजभर

**लखनऊ।** अल्पसंख्यक कल्याण व पंचायतीराज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने कहा है कि राज्य सरकार मदरसा छात्रों व शिक्षकों का पूरा ब्योरा एटीएस को जल्द उपलब्ध कराने जा रही है। मदरसों को किसी भी कीमत पर अपराध का अड्डा नहीं बनने दिया जाएगा। पुलिस को जांच में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग पूरी मदद करेगा। उन्होंने बुधवार को पंचायती राज निदेशालय में विश्व शौचालय दिवस पर बातचीत में कहा कि प्रयागराज व कुशीनगर में जाली नोट छापने और बहराइच के मदरसे में विदेशी लोगों को गलत ढंग से शरण देने के मामलों को देखते हुए विभाग भी पूरी तरह चौकन्ना है। दिल्ली बम धमाके के बाद जहां पर पुलिस को शक हो रहा है वह जांच कर रही है। ऐसे में विभाग भी पूरी मदद देगा। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वह सूची तैयार करें। मदरसों में कितने छात्र पढ़ रहे हैं और कितने शिक्षा पढ़ा रहे हैं। उन सभी के मोबाइल नंबर और माता-पिता व निवास स्थान इत्यादि की जानकारी एटीएस की ओर से मांगी गई है। उन्होंने फिर कहा है कि पंचायत चुनाव अप्रैल-मई में होगा। समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग के गठन की प्रक्रिया जल्द शुरू होगी। कैबिनेट में यह प्रस्ताव पास कराया जाएगा।

### यूपी में निवेशकों को जारी हुए 6.77 लाख करोड़ की एलओसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश उद्यमियों के लिए सबसे आकर्षक केंद्र बना है। राज्य सरकार की ओर से 70 से अधिक निवेशकों को 6.77 लाख करोड़ रुपये का लेटर ऑफ कंफर्ट (एलओसी) जारी किया जा चुका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में एक सशक्त औद्योगिक इकोसिस्टम का निर्माण हुआ है, जिसने ईज आफ डूइंग बिजनेस के मानकों को उल्लेखनीय रूप से बेहतर किया है। औद्योगिक निवेश और रोजगार प्रोत्साहन नीति 2022, एफडीआई/एफसीआई नीति 2023 के साथ ही सेमीकंडक्टर, रक्षा उत्पादन, इलेक्ट्रिक वाहन, ऊर्जा और डेटा सेंटर जैसे क्षेत्रों की नीतियां उद्यमियों को आकर्षित कर रही हैं। उच्च-स्तरीय अधिकार प्राप्त समिति (एचएलईसी) द्वारा हर महीने औसतन 10 लेटर ऑफ कंफर्ट जारी किए जा रहे हैं।

### सम्मान निधि की 21 वीं किस्त के रूप में यूपी के किसानों के खाते में पहुंची राशि

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कोयंबटूर से किसानों के खाते में पीएम किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त जारी की। उत्तर प्रदेश के 2,15,71,323 किसानों के सीधे खाते में 4,314.26 करोड़ रुपये की राशि पहुंची। प्रदेश के किसानों के खाते में अब तक पीएम किसान सम्मान निधि की (20वीं किस्त) कुल 90,354.32 करोड़ रुपये भेजे जा चुके हैं। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने प्रदेश के किसानों एवं राज्य सरकार की ओर से प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया।

# आज शपथ की दहाई पूरी करेंगे बिहार के 'सुशासन बाबू'

## नीतीश का इस्तीफा, राज्यपाल के समक्ष नई राजग सरकार बनाने का दावा पेश किया, 10वीं बार लेंगे मुख्यमंत्री पद की शपथ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार की राजनीतिक विसात के मझे हुए खिलाड़ी के रूप में प्रतिष्ठित जनता दल (यू) के मुखिया नीतीश कुमार गुरुवार को दसवीं बार राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे।

अपनी प्रशासनिक क्षमता और कार्यशैली से बिहार के 'सुशासन बाबू' कहे जाने वाले श्री नीतीश कुमार को बुधवार को यहां राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) विधायक दलों की बैठक में सर्वसम्मति से नेता चुना गया। वह किसी भी राज्य में सर्वाधिक बार मुख्यमंत्री पद की सपथ लेने का रिकार्ड बना चुके हैं। राजनीतिक थकान, सत्तारूढ़ दल के प्रति मतदाताओं में उदासीनता बढ़ने की भविष्यवाणियों को धता बताते हुए श्री कुमार ने पार्टी को इस बार के विधान सभा चुनाव में जबरदस्त जीत दिलायी। चुनाव से पहले राजनीतिक विश्लेषकों का अनुमान था कि लगभग दो दशकों तक सत्ता में रहने के बाद श्री नीतीश कुमार के लिए बार की चुनावी लड़ाई कठिन होगी लेकिन उन्होंने ऐसे विश्लेषणों को गलत साबित कर दिया। पिछले दो दशक में बीच बीच में राज्य की राजनीतिक के दो ध्रुवों के बीच गठबंधन बदलने के बावजूद उनके समर्थन और लोकप्रियता पर कोई असर नहीं दिखायी दिया। वर्ष 2020 में हुए पिछले चुनाव में जदयू महज 43 सीटों पर सिमट गयी थी लेकिन इस बार पार्टी ने उसकी करीब दो गुना सीटें (85) सीटें हासिल कर सहयोगी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के करीब करीब बराबरी पर है।

इस बार राजग में भाजपा और जदयू ने बराबर-बराबर 101-101 सीटों पर सीटों पर चुनाव लड़ा और राजग ने उन्हें फिर से मुख्यमंत्री के चेहरे के रूप में आगे रख कर चुनाव लड़ा। इस चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नितीश कुमार की छवि का फायदा मिला राजग ने 2010 के 200 से अधिक सीटों को जीतने के प्रदर्शन को दोहराया।इन चुनाओं में नीतीश कुमार ने



महिला मतदाताओं के बीच एक मजबूत सद्भावना अर्जित की है। बिहार की 'दीदियों' ने मजबूती से उनका हाथ थामे रखा। बिहार में पटना जिले के बख्तियारपुर में एक मार्च 1951 को एक साधारण परिवार में जन्मे श्री नीतीश कुमार के पिता स्व. कविराज राम लखन सिंह स्वतंत्रता सेनानी और वैद्य थे । श्री कुमार बिहार इंजीनियरिंग कॉलेज पटना में पढ़ायी के दौरान ही लोक नायक जयप्रकाश नारायण से प्रभावित होकर वर्ष 1974 के छात्र आंदोलन में कूद पड़े थे। पढ़ाई पूरी करने के बाद जब वर्ष 1977 का चुनाव हुआ तब वह जनता पार्टी के टिकट पर नालंदा जिले के हरनौत विधान सभा क्षेत्र से चुनाव लड़े लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा । इसके बाद 1980 के विधानसभा चुनाव में भी उन्हें हार का मुंह देखना पड़ा तब उनके परिवार वालों ने उन पर राजनीति छोड़कर नौकरी के लिए दबाव बनाना शुरु कर दिया लेकिन श्री कुमार नहीं माने और राजनीति में डटे रहे। इसके बाद श्री कुमार को पहली बार 1985 के विधानसभा चुनाव में हरनौत से ही सफलता मिली और उसके बाद 1989 के लोकसभा चुनाव में वह बाढ़ संसदीय क्षेत्र से चुनकर लोकसभा पहुंचे । श्री कुमार 1990 में विश्वनाथ प्रताप सिंह सरकार में केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री बने। वर्ष 1991 केमध्यावधि चुनाव में वह फिर से लोकसभा के सदस्य चुने गये। श्री लालू प्रसाद यादव से राजनीतिक मतभेद के कारण वर्ष 1994 में जनता दल से अलग होकर श्री कुमार ने श्री जार्ज फर्नांडीस के नेतृत्व में समता पार्टी बनाकर 1995 का विधानसभा चुनाव लड़ा तब उनकी पार्टी मात्र सात सीट पर ही जीत हासिल कर सकी । श्री कुमार ने इस हार से सबक लेते हुए लालू विरोधी मतों के विभाजन को रोकने के इरादे से वर्ष 1996 में भाजपा के साथ गठजोड़ कर लिया। उनका यह फार्मूला कामयाब रहा और उसका फायदा उन्हें आज तक मिल रहा है।

श्री कुमार वर्ष 1996 ,1998 और 1999 के लोकसभा चुनाव में विजयी हुए। श्री कुमार ने अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में वर्ष 1998 में रेल मंत्री और भूतल परिवहन मंत्री का कार्य भार संभाला । 1999 में फिर बनी वाजपेयी सरकार में वह भूतल परिवहन और कृषि मंत्री बनाये गये। वर्ष 2000 के विधानसभा चुनाव में त्रिशंकु विधान सभा में उन्होंने राजग विधायक दल के नेता के रूप में मुख्यमंत्री पद की पहली बार शपथ ली लेकिन बहुमत नहीं जुटा पाने के कारण विधानसभा में शक्ति परीक्षण से पहले ही सात दिनों के बाद उन्होंने इस्तीफा दे दिया था। श्री कुमार के लिए यह बड़ा राजनीतिक झटका था।उसके बाद वह फिर से केन्द्र की राजनीति में लौट गये और वर्ष 2000 से लेकर 2004 ● शेष पेज 11 पर

## ट्रिब्यूनल सुधार अधिनियम, 2021 के कुछ प्रावधानों को किया रद

# हमारे फैसले नहीं पलट सकती संसद : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार के ट्रिब्यूनल रिफॉर्म एक्ट 2021 के कई महत्वपूर्ण प्रावधानों को रद कर दिया है। कोर्ट ने साफ कहा कि संसद मामूली बदलाव करके कोर्ट के फैसले को नहीं बदल सकती।

कोर्ट ने कहा कि सरकार ने वही प्रावधान कानून में फिर से डाल दिए, जिन्हें पहले भी कोर्ट ने खारिज किया था। सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन ने बुधवार को 137 पेज का फैसला सुनाया। 11 नवंबर को सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। पूरा मामला 2020 से जुड़ा है। नवंबर 2020 में सुप्रीम कोर्ट ने ट्रिब्यूनल के अध्यक्ष और सदस्यों का कार्यकाल पांच साल तय किया था। सरकार 2021 में नया कानून ले आई और कार्यकाल चार साल कर दिया। इसके बाद मद्रास बार एसोसिएशन ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई। मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने विभिन्न न्यायाधिकरणों में नियुक्तियों के संबंध में पूर्व के निर्णयों में बाध्यकारी निर्देशों को लागू करने में बार-बार विफल रहने पर केंद्र सरकार पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। शीर्ष अदालत ने कहा कि 2021 के अधिनियम में पहले निरस्त किए गए प्रावधानों को पुनः लागू किया गया तथा मद्रास बार एसोसिएशन (एमबीए) के कई मामलों में न्यायालय द्वारा चिन्हित दोषों



को समाप्त नहीं किया गया। एमबीए द्वारा 2021 में दायर चुनौती को स्वीकार करते हुए, शीर्ष अदालत ने माना कि यह अधिनियम आधिकारिक न्यायिक घोषणाओं को विधायी रूप से खारिज करने के समान है और इसे बरकरार नहीं रखा जा सकता है। इसने दोहराया कि पूर्व एमबीए निर्णयों में निर्धारित निर्देश, जैसे न्यायाधिकरण के सदस्यों के लिए न्यूनतम पांच वर्ष का कार्यकाल और कम से कम दस वर्ष के अनुभव वाले अधिवक्ताओं की पात्रता, तब तक लागू रहेंगे जब तक कि संसद न्यायिक निर्देशों के अनुपालन में नया कानून नहीं बना लेती। पीठ ने केंद्र सरकार को चार महीने के अंदर राष्ट्रीय न्यायाधिकरण आयोग स्थापित करने का भी निर्देश दिया।

इसने आगे स्पष्ट किया कि 2021 अधिनियम से पहले हुई नियुक्तियां एमबीए-4 और एमबीए-5 निर्णयों द्वारा शासित होंगी। उच्चतम न्यायालय ने इसके अलावा यह भी आदेश दिया कि आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण (आईटीएटी) के सदस्य 62 वर्ष की आयु तक सेवा में बने रहेंगे तथा अध्यक्ष 65 वर्ष की आयु तक सेवा में रहेंगे। सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण (सीईएसटीएटी) के सदस्यों और अध्यक्ष के लिए भी यही आयु मानदंड लागू होगा।

पीठ ने इस बात पर जोर दिया कि 2021 अधिनियम के कुछ प्रावधान, जैसे कि चार साल का कार्यकाल, न्यूनतम आयु 50 वर्ष की आवश्यकता और खोज-सह-चयन समिति के कामकाज में बदलाव, स्थापित न्यायिक जनादेश के विपरीत हैं और इसलिए संवैधानिक रूप से अस्वीकार्य हैं।

### प्रदूषण नियंत्रण उपायों में वाहनों की उम्र ही नहीं, बल्कि तय की गयी दूरी पर भी विचार करने की ज़रूरत

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि वाहनों से होने वाले प्रदूषण का आकलन सिर्फ़ उनकी उम्र के आधार पर नहीं किया जा सकता है बल्कि वाहनों द्वारा तय की गई दूरी को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए। प्रख्यात पर्यावरणविद् एमसी मेहता मामले में दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु प्रदूषण से संबंधित मामलों की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि कुछ ● शेष पेज 11 पर

# धनशोधन मामले में 13 दिन की ईडी हिरासत में अल-फ़लाह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने अल-फलाह विश्वविद्यालय, फरीदाबाद के अध्यक्ष एवं कुलाधिपति जावद अहमद सिद्दीकी को कथित धोखाधड़ी वाले मान्यता दावों से जुड़े धनशोधन मामले में 13 दिनों की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में भेज दिया है। यह आदेश मंगलवार देर रात साकेत जिला न्यायालय में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश शीतल चौधरी प्रधान ने पारित किया।

ईडी ने 14 दिन की हिरासत की मांग करते हुए, तर्क दिया था कि सिद्दीकी उस योजना के केंद्र में था जिसमें अल-फलाह विश्वविद्यालय और उसके संबद्ध संस्थानों





ने कथित रूप से लगभग 415.10 करोड़ रुपये की अपराध आय अर्जित की थी। एजेंसी के अनुसार, यह राशि एनएएसी मान्यता और यूजीसी मान्यता के झूठे दावों के आधार पर छात्रों से एकत्रित की गई फीस है। ईडी ने तर्क दिया कि इन भ्रामक प्रथाओं का उपयोग छात्रों एवं अभिभावकों को बेईमानी से फीस का भुगतान करने हेतु प्रेरित करने के लिए किया गया, जिससे अत्यधिक अपराध ● शेष पेज 11 पर

### एनआईए को दिल्ली विस्फोट की जांच में संदिग्ध कार कानपुर में मिली

नयी दिल्ली। दिल्ली विस्फोट मामले की जांच कर रही राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने उत्तर प्रदेश के कानपुर के हितकारी नगर से हरियाणा में पंजीकृत एक संदिग्ध कार बरामद की है। एनआईए अधिकारी कार के मालिकाना हक की जांच कर रहे हैं । सूत्रों के अनुसार इस मामले में गिरफ्तार डॉ. शाहीन सईद विस्फोट से लगभग 25 दिन पहले कानपुर गयी थी। पूछताछ में डॉ. शाहीन और उसके सहयोगी मुजम्मिल ने कथित रूप से फरीदाबाद स्थित अल-फलाह विश्वविद्यालय की प्रयोगशाला से बम बनाने के लिए रसायन चुराने की बात स्वीकार की।

### राममंदिर में 25 नवंबर को बंद रहेगा

अयोध्या। उत्तर प्रदेश के अयोध्या में 25 नवंबर को ध्वजारोहण समारोह के कारण राममंदिर आम भक्तों के लिए बंद रहेगा।

ध्वजारोहण समारोह के दिन आमंत्रित अतिथियों को ही रामलला के दर्शन होंगे। 26 नवम्बर को भोर में चार बजे से आम भक्तों के लिए श्रीराम मंदिर में रामलला के दर्शन शुरू हो जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ कल हुई बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों ने रामविवाह के कारण अयोध्या में बड़ी संख्या में आने वाले रामभक्तों को दर्शन कब कराएंगे के जवाब में यह जानकारी दी। ध्वजारोहण समारोह और रामविवाह उत्सव एक दिन होने से अयोध्या में श्रद्धालुओं की संख्या आम दिन की तुलना में अधिक रहेगी। अयोध्या जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे ने बताया कि राममंदिर ● शेष पेज 11 पर

# अनमोल बिश्नोई 11 दिनों की एनआईए रिमांड पर

एजेंसी

नई दिल्ली। गैंगस्टर अनमोल बिश्नोई को अमेरिका से निर्वासन (डिपोर्टेशन) के बाद भारत पहुंचते ही राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने हिरासत में ले लिया। इसके कुछ घंटों बाद दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने उन्हें 11 दिनों की एनआईए रिमांड पर भेज दिया।

अनमोल पर हत्या, अपहरण और जबरन वसूली जैसे गंभीर आरोप हैं और वह लंबे समय से फरार था। वर्ष 2022 से फरार और अमेरिका में रह रहा अनमोल बिश्नोई जेल में बंद अपने भाई लॉरेंस बिश्नोई की



अगुवाई वाले आतंकी सिंडिकेट में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार होने वाला 19वाँ आरोपी है। मामले की जाँच के बाद यह स्थापित हुआ कि अनमोल ने 2020-2023 की अवधि के दौरान देश में विभिन्न आतंकवादी कृत्यों ● शेष पेज 11 पर

# आंध्र प्रदेश में 50 माओवादी गिरफ्तार

एजेंसी

विजयवाड़ा। आंध्र प्रदेश खुफिया विभाग के अतिरिक्त महानिदेशक महेश चंद्र लड्डा ने बुधवार को कहा कि अति वांछित माओवादी कमांडर और सुरक्षा बलों पर हमलों का मास्टरमाइंड माडवी हिडमा सुरक्षा एजेंसियों के साथ जंगल में भीषण मुठभेड़ में मारा गया है।

उन्होंने उसे गिरफ्तार करने के बाद फर्जी मुठभेड़ में मारे जाने से किया इनकार करते हुए कहा कि उस दौरान कुछ माओवादी भागने में सफल रहे। श्री लड्डा ने यहां एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए मीडिया के एक वर्ग में चल रही उन खबरों का खंडन किया जिनमें कहा गया था कि यह एक फर्जी मुठभेड़ थी। यह पूछे जाने पर कि क्या हिडमा पुलिस के सामने आत्मसमर्पण करना चाहता था और उसने इस संबंध में पत्रकारों को पत्र लिखा था, तो उन्होंने स्पष्ट किया कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने हालांकि यह भी कहा कि कई माओवादियों ने वास्तव में आत्मसमर्पण किया है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि हाल ही में एनटीआर, कृष्णा,

### खुफिया अधिकारी ने हिडमा की फर्जी मुठभेड़ से किया इनकार

एलुरु, काकीनाडा और कोनासीमा जिलों में 50 माओवादियों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें तीन स्पेशल जोनल कमेटी के सदस्य, 23 प्लाटून सदस्य, पांच डिविजनल कमेटी के सदस्य और 19 एरिया कमेटी के सदस्य शामिल थे। उन्होंने बताया कि उनके पास से भारी मात्रा में हथियार, राइफल, रिवॉल्वर और गोला-बारूद के अलावा माओवादी साहित्य भी जब्त किया गया है।

श्री लड्डा ने बताया, ''माओवादी छत्तीसगढ़ और तेलंगाना राज्यों से आंध्र प्रदेश में प्रवेश कर रहे हैं। माओवादियों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए सीमावर्ती इलाकों में कड़ी निगरानी रखी जा रही है। एएसआर जिले के मारेडुमिल्ली में मुठभेड़ के बाद कुछ माओवादी भागने में सफल रहे और उन्हें पकड़ने के लिए व्यापक तलाशी अभियान चलाया गया है।'' उन्होंने कहा, मंगलवार को शहर में 27 माओवादियों को गिरफ्तार किया गया। हम इस बात की जांच कर रहे हैं कि वे यहां क्यों थे। यह पहली बार है जब राज्य में इतनी बड़ी संख्या में माओवादियों को गिरफ्तार किया गया है।

### आंध्र प्रदेश में पुलिस के साथ मुठभेड़ में सात माओवादी ढेर

पडेरू। आंध्र प्रदेश में अल्लूरी सीताराम राजू जिले के मारेडुमिली गाँव के घने जंगलों में बुधवार तड़के पुलिस के साथ मुठभेड़ में सात माओवादी मारे गए। खुफिया विभाग के अतिरिक्त महानिदेशक महेश चंद्र लड्डा ने बताया कि भीषण मुठभेड़ में सात माओवादी मारे गए। इनमें तीन महिला माओवादी भी शामिल हैं। मृत माओवादियों की पहचान जोगा राव उर्फ टेक शंकर, सीता उर्फ ज्योति, सुरेश, गणेश, वासु, अनीता और शम्मी के रूप में हुई है। मृतक माओवादी जोगा राव उर्फ टेक शंकर दक्षिण क्षेत्रीय समिति का सदस्य और आंध्र-ओडिशा सीमा प्रभारी भी था। एक अन्य मृतक सुरेश माओवादी संचार दल का प्रमुख था, जबकि अनीता जगरकोंडा समिति सदस्य एवं क्षेत्र समिति सदस्य थी। इन सभी मृतक माओवादियों पर इनाम घोषित थे।

## मुख्यमंत्री योगी ने मेरठ, कानपुर और मथुरा-वृंदावन की विकास कार्ययोजना की समीक्षा की

# परियोजनाओं में निजी क्षेत्र की भागीदारी के लिए रेवेन्यू शेयरिंग और पीपीपी मॉडल अपनाने पर जोर

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को मेरठ, कानपुर और मथुरा-वृंदावन के समग्र नगरीय विकास की कार्ययोजना की समीक्षा करते हुए कहा कि इन नगरों का विकास केवल सड़कों और इमारतों के निर्माण तक सीमित न हो, बल्कि उनका स्वरूप ऐसा बने जिसमें स्थानीय पहचान, इतिहास, संस्कृति और आधुनिक सुविधाओं का संतुलन दिखे। उन्होंने निर्देश दिया कि योजनाएं चरणबद्ध ढंग से लागू हों, कार्य समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरे किए जाएं और नागरिकों को इसका प्रत्यक्ष लाभ दिखे। मुख्यमंत्री ने मेरठ में प्रस्तावित बिजली बम्बा बाईपास को लखनऊ ग्रीन कॉरिडोर की तर्ज पर पीपीपी मोड में विकसित करने की संभावना तलाशने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री आवास पर बुधवार को



### सरकार पर निर्भरता कम करें, परियोजना निर्धारित करते समय आय सृजन की संभावनाओं का भी रखें ध्यानः योगी आदित्यनाथ

आयोजित बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से तीनों मंडलों के मंडलायुक्तों ने बारी-बारी से अपनी कार्ययोजना से अवगत कराया। बताया गया ● शेष पेज 11 पर

### नहर व्यवस्था सुधार के लिए 95 नई परियोजनाओं को मुख्यमंत्री योगी ने दी मंजूरी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की विस्तृत समीक्षा बैठक में नहर व्यवस्था को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से 95 नई परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि ये परियोजनाएं प्रदेश के कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने और किसानों को समयबद्ध सिंचाई उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। कुल 39453.39 लाख की लागत वाली इन परियोजनाओं के पूर्ण होने पर 36 हजार हेक्टेयर भूमि में सिंचाई क्षमता पुनर्स्थापित होगी। इससे लगभग 9 लाख किसान और ग्रामीण आबादी को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। साथ ही 273 हेक्टेयर विभागीय राजकीय भूमि को संरक्षित किया जा सकेगा। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी स्वीकृत कार्य निर्धारित समयसीमा में पूर्ण हों और गुणवत्ता पर किसी भी स्थिति में समझौता न किया जाए। बैठक में बताया गया कि नहर पुनरुस्थापना से जुड़ी इन 95 परियोजनाओं में नहर प्रणाली के गैप्स में नहर निर्माण, हेड रेगुलेटर, क्रॉस रेगुलेटर, साइफन, फॉल तथा अन्य पक्की संरचनाओं का निर्माण शामिल है। नहरों के आंतरिक एवं बाह्य सेक्शन के सुधार, फिलिंग रीच में लाइनिंग के कार्य, क्षतिग्रस्त कुलाबों के पुनर्निर्माण, नहरों पर पुल-पुलियों के निर्माण एवं मरम्मत तथा नहर पटरियों पर खड़ंजा निर्माण को भी परियोजनाओं में शामिल किया गया है। निरीक्षण भवनों, कार्यालय भवनों तथा नहरों पर निर्मित पनचक्कियों के जीर्णोद्धार के साथ ही विभागीय भूमि की सुरक्षा हेतु चहारदीवारी निर्माण भी प्रस्तावित है। इन परियोजनाओं के क्रियान्वयन से सिंचाई नेटवर्क की ● शेष पेज 11 पर

# एडीजी और मण्डलायुक्त की संयुक्त बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । आगामी माघ मेला 2026 में श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं भीड़ प्रबंधन को सुगम बनाने के लिए अपर पुलिस महानिदेशक डॉ. संजीव गुप्ता और मण्डलायुक्त सौम्या अग्रवाल की संयुक्त अध्यक्षता में मेला प्राधिकरण के आईसीसीसी सभागार में महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में इस वर्ष की यातायात योजना, पार्किंग व्यवस्था, साइनेज, तथा आपातकालीन (कॉन्टिजेंसी) तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई।मेला अधिकारियों ने बताया कि बाढ़ का पानी घटने के बाद उपलब्ध भूमि का पुनर्मूल्यांकन किया गया है। साथ ही पिछली मेलों की यातायात योजनाओं की समीक्षा कर इस बार आवश्यक सुधार प्रस्तावित किए गए हैं। विभिन्न जिलों से मेला क्षेत्र की ओर आने वाले मार्गों पर पार्किंग स्थलों और स्नान पर्वों के दौरान श्रद्धालुओं की एंट्री-एक्ज़िट रूट व्यवस्था पर भी मंथन किया गया। घाटों की नंबरिंग और गूगल मैप इंटीग्रेशन की तैयारीइस बार सभी घाटों की नंबरिंग कर उन्हें गूगल मैप से इंटीग्रेट करने पर सहमति बनी है, ताकि श्रद्धालुओं को सही लोकेशन का रियल-टाइम मार्गदर्शन मिल सके। इसके लिए मेला प्रशासन गूगल अधिकारियों से तकनीकी समन्वय करेगा। स्नानघाटों एवं अन्य प्रमुख स्थानों के चिन्हांकन हेतु गुब्बारों का उपयोग भी किया जाएगा, जिससे भीड़ को दिशा-निर्धारण में सहायता मिलेगी। साइनेज व्यवस्था के लिए संयुक्त टीम करेगी निरीक्षणबेहतर साइनेज व्यवस्था के लिए मेला एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम मेला क्षेत्र और शहर के विभिन्न मार्गों का निरीक्षण कर साइन बोर्डों के नए डिजाइन और रणनीतिक स्थानों को फाइनल करेगी।बैठक में आइजी अजय कुमार मिश्रा, पुलिस आयुक्त जोगेंद्र कुमार, एसीपी डॉ. अजय पाल, मेला अधिकारी ऋषिराज, नगर आयुक्त सीलम साई तेजा, अपर मेला अधिकारी दयानंद प्रसाद सहित सभी अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने किया संयुक्त निरीक्षणबैठक के बाद प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने मेला क्षेत्र का मैदानी निरीक्षण भी किया। सबसे पहले झूंसी रेलवे स्टेशन पहुंचकर भीड़ प्रबंधन और यात्री सुविधाओं की आवश्यकताओं पर चर्चा की गई। इसके बाद अंदावा होते हुए टिकर माफी आश्रम मार्ग और छतनाग घाट तक यातायात योजना की संभावनाओं का स्थलीय समीक्षा किया गया।

# विश्व धरोहर सप्ताह: छात्र-छात्राओं ने किया प्राचीन पांडुलिपियों का साक्षात दर्शन

**प्रयागराज के राजकीय पांडुलिपि पुस्तकालय में छात्रों ने जाना भारत की सांस्कृतिक विरासत का महत्व**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । विश्व धरोहर सप्ताह (19S25 नवंबर) के अवसर पर आज राजकीय पाण्डुलिपि पुस्तकालय, प्रयागराज में इलाहाबाद डिग्री कॉलेज और जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने शैक्षिक भ्रमण कर भारत की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और कलात्मक पांडुलिपियों का साक्षात अवलोकन किया।इलाहाबाद डिग्री कॉलेज से डॉ. हरेन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में आए शोध छात्रों और एमए विद्यार्थियों ने सर्वप्रथम मूल पांडुलिपियों का अध्ययन किया। प्राचीन साहित्य, संस्कृति एवं ऐतिहासिक पांडुग्रंथों में चित्रकला के अद्भुत मिश्रण को देखकर छात्र-छात्राएं विशेष रूप से उत्साहित दिखे।जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज से डॉ. मीना श्री एवं प्रमा द्विवेदी के नेतृत्व में आए विद्यार्थियों ने भी विभिन्न पांडुलिपियों का अवलोकन कर भारतीय ज्ञान-परंपरा की विविधता को समझा

### संरक्षण तकनीक और शोध प्रक्रिया पर संवाद

दोनों कॉलेजों के विद्यार्थियों ने पांडुलिपि संरक्षण के तरीकों, तकनीकी पहलुओं और रख-रखाव की प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत जानकारी प्राप्त की। पांडुलिपि अधिकारी श्री गुलाम सरवर ने छात्रों के प्रश्नों का समाधान करते हुए शोध से जुड़ी उपयोगी जानकारी साझा की।प्राविधिक सहायक (संस्कृत) हरिश्चन्द्र दुबे एवं शाकिरा तलत ने पांडुलिपियों के संरक्षण, महत्व और संरचनात्मक विशेषताओं पर विस्तार से चर्चा की।कार्यक्रम के अंतर्गत डॉ. हरेन्द्र नारायण सिंह (इलाहाबाद डिग्री कॉलेज) ने विश्व धरोहर सप्ताह के उद्देश्य और महत्व पर प्रकाश डाला, जबकि प्रो. मीनाश्री एवं प्रमा द्विवेदी (जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज) ने छात्रों को धरोहर संरक्षण के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया।

### ऋग्वेद से मुगल फ़रमान तक— विरासत का विस्तृत दर्शन

विद्यार्थियों को जिन प्रमुख पांडुलिपियों का अवलोकन कराया गया, उनमें—ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, विष्णु पुराण, वाल्मीकि रामायण, भगवद्गीता, चरक संहिता, सम्पूर्ण महाभारत, रामचरितमानस, मुगलकालीन फरमान, तोगरा, अल-कुरान, नल-दमन, आईने अकबरी, रामायण मसीही, तथा फारसी में लिखित रामायणऽमहाभारत जैसी दुर्लभ एवं ऐतिहासिक पांडुलिपियाँ शामिल थीं।कार्यक्रम के अंत में पांडुलिपि अधिकारी गुलाम सरवर ने सभी प्रतिभागियों एवं शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर रोशन लाल, अजय कुमार, मोहम्मद शफीक, शुभम कुमार, अभिषेक कुमार आदि उपस्थित रहे।

## विधायक की उपस्थिति में प्रदेश युवा ईकाई की बैठक

**लखनऊ ।** विधायक डॉ नीरज बोरा की उपस्थिति में प्रदेश युवा ईकाई की बैठक की गई। जिसमें प्रदेश महामंत्री अजय गुप्ता, प्रदेश युवा अध्यक्ष अमित वार्ष्णेय ने प्रदेश युवा ईकाई के पदाधिकारी मनोनीत किया। प्रदेश युवा अध्यक्ष अमित वार्ष्णेय ने अनुराग साहू को इंटरनेशनल वैश्य फ़ेडरेशन प्रदेश दूसरी बार युवा प्रदेश महामंत्री पद तथा प्रियंक गुप्ता को युवा लखनऊ महानगर अध्यक्ष नियुक्त किया।



## लखनऊ में पत्रकार पर हमला, राजनीतिक टिप्पणी को लेकर दी गई थी धमकी

**लखनऊ, कैनविज टाइम संवाददाता ।** सुदर्शन न्यूज़ चैनल से जुड़े राज्यमुख्यालय मान्यता प्राप्त छायाकार सुशील अवस्थी पर हमला किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। परिजनों के मुताबिक, बीती शाम अज्ञात लोगों ने किसी बहाने उन्हें घर से बाहर बुलाया और एक गाड़ी में बैठाकर मारपीट की। हमलावर उन्हें घायल अवस्था में उनके आवास के पास ही छोड़कर फरार हो गए।घटना मानक नगरकोतवाली क्षेत्र की बताई जा रही है। परिजनों का आरोप है कि सोशल मीडिया पर की गई एक राजनीतिक टिप्पणी के चलते सुशील अवस्थी को पहले भी धमकियाँ मिल रही थीं।फिलहाल गंभीर चोटों के कारण उन्हेंलोकबंधुअस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहाँ उनका उपचार जारी है।पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और बयान लेकर हमलावरों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।पत्रकार संगठनों ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर बेहद चिंताजनक स्थिति को दर्शाता है। उन्होंने दोषियों के खिलाफ जल्द से जल्द सख्त कार्रवाई की मांग की है।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्राप्त शिकायत के आधार पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## डेरा गांव में युवक ने की आत्महत्या

**प्रयागराज।** यमुनानगर जोन के बारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत डेरा गांव सभा निवासी गोलू कोल ने घर में फंासी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद बारा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और परिजनों से पूछताछ कर घटनास्थल की परिस्थितियों का निरीक्षण किया। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार युवक बीते कुछ दिनों से मानसिक तनाव में दिख रहा था, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

## दिल्ली ब्लास्ट के बाद यूपी एसटीएफ सक्रिय, मदरसों की जांच शुरू

**प्रयागराज।** दिल्ली ब्लास्ट के बाद यूपी एटीएस ने राज्यभर में सतर्कता बढ़ाते हुए मदरसों की जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों को पत्र भेजकर मदरसों में पढ़ने वाले बच्चों, मौलवियों और स्टाफ की विस्तृत जानकारी मांगी गई है। छात्रों का नाम, पिता का नाम, पता और मोबाइल नंबर की सूची तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रयागराज में कुल 206 मदरसे संचालित हैं, जिनमें से 43 अनुदानित हैं। इन अनुदानित मदरसों में 620 शिक्षक और 11,378 छात्र पंजीकृत हैं, जबकि मान्यता प्राप्त मदरसों में 854 शिक्षक और 14,551 छात्र पढ़ते हैं। प्रशासन ने जांच प्रक्रिया तेजी से पूरी करने के निर्देश दिए हैं।

## यमुनानगर जोन में ओवरलोड ट्रकों से अवैध वसूली, एसटीएफ से कार्रवाई की मांग

प्रयागराज। यमुनानगर जोन में ओवरलोड ट्रकों से अवैध वसूली का मामला फिर चर्चा में है। सूत्रों के अनुसार प्राइवेट लोग हाईवे पर ट्रकों को रोककर खुलेआम वसूली करते हैं और पैसा न देने पर गाड़ी सीज करने की धमकी देते हैं। आरोप है कि इसमें संबंधित थाना प्रभारी के सहयोग की भी भूमिका बताई जा रही है। स्थानीय व्यापारियों और ट्रक चालकों ने ट्टुक्कसे मांग की है कि जल्द यहां छापेमारी कर इस अवैध नेटवर्क पर कार्रवाई की जाए। ट्रक चालकों का कहना है कि प्राइवेट दलाल पुलिस के नाम पर भय दिखाकर मोटी रकम वसूलते हैं। फिलहाल पुलिस प्रशासन ने इस मामले पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है।

## बहला-फुसलाकर लड़की को ले भागने वाला आरोपी गिरफ्तार

प्रयागराज। औद्योगिक थाना पुलिस ने लड़की को बहला-फुसलाकर भगाने के आरोप में वांछित आरोपी मुकेश पाल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गुमशुदा लड़की को सकुशल बरामद कर उसके परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। परिजनों की तहरीर पर थाना पुलिस ने 4 नवंबर को मुकदमा दर्ज किया था, जिसके बाद से पुलिस टीम उसकी तलाश में जुटी थी। आरोपी को थाने लाकर उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। परिवार ने लड़की की सुरक्षित बरामदगी पर पुलिस का आभार व्यक्त किया।

## माघ मेला तैयारियों का प्रशासन ने किया निरीक्षण

**प्रयागराज।** माघ मेला 2026 की तैयारियों को लेकर प्रशासन चौकन्ना हो गया है। बुधवार दोपहर मण्डलायुक्त सौम्या अग्रवाल, पुलिस कमिश्नर जोगेंद्र कुमार, जिलाधिकारी मनीष वर्मा समेत कई अधिकारियों ने झूसी, अंदावा, रिवर फ्रंट और झूंसी रेलवे स्टेशन जैसे महत्वपूर्ण स्थानों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा, पार्किंग, बैरिकेडिंग और रूट डायवर्जन की तैयारियों का जायजा लिया। मेला क्षेत्र में घाटों, प्रवेश मार्गों और पार्किंग स्थलों को चिह्नित कर व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को समयबद्ध तरीके से कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।

## गौतमपल्ली मे मां-बेटे का आत्महत्या का प्रयास

लखनऊ। राजधानी के गौतमपल्ली क्षेत्र अंतर्गत पर्यटन मंत्री के आवास से कुछ ही दूरी पर मथुरा से आए मां-बेटे ने आत्महत्या का प्रयास किया। दोनों बीडी तिराहे के पास सड़क पर बेहोश अवस्था में मिले। लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी जिसके बाद गौतमपल्ली पुलिस ने दोनों को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों के अनुसार दोनों अब खतरे से बाहर हैं।पीड़ित मुनेश सिंह (56) और उनका पुत्र बलजीत सिंह (38) बरसाना (मथुरा) स्थित राधा रानी टाउनशिप के निवासी हैं। उनका आरोप है कि उनके प्लॉट पर कब्जा कर लिया गया है और कई शिकायतों के बावजूद स्थानीय पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही थी। इसी से आहत होकर वे अपनी शिकायत लेकर मुख्यमंत्री आवास पहुंचे थे।घटनास्थल से सल्फास का खाली पाउच मिला है जिससे अंदेशा है कि दोनों ने जहरीला पदार्थ खाया था।करोड़ों का प्लॉट मकान विवाद बना वजह जांच में पता चला कि बलजीत सिंह ने आरोपियों पुष्पेंद्र त्यागी, हरिनारायण राय और अभय शर्मा से 15 लाख रुपये में प्लॉट और 28 लाख में मकान खरीदा था। दो साल बीत जाने के बाद भी न तो प्लॉट मिला न मकान। कई बार शिकायतें दर्ज कराने के बावजूद कोई कार्रवाई न होने पर मां-बेटे ने यह कदम उठाया।

# 80 बच्चों को स्वेटर व सामग्री वितरण



वाराणसी। पूर्वोत्तर रेलवे, मंडल महिला कल्याण संगठन वाराणसी, रेल कर्मचारियों के बच्चों के समग्र विकास के साथ-साथ अन्य समाज सेवा के कार्यों के अग्रणी रहकर समाज सेवा के कार्यों में सराहनीय योगदान दे रहा है।

इसी परिप्रेक्ष्य में मंडल कल्याण संगठन के अध्यक्षा श्रीमती वानी जैन एवं सदस्याओं ने हनुमान प्रसाद पोद्दार अन्ध विधालय दुर्गा कुण्ड वाराणसी में जनसेवा कार्यक्रम के अन्तर्गत दैनिक प्रयोग होने वाले वस्तुओं के साथ कक्षा 01 से 08 तक के कुल 80 बच्चों को, मिष्ठान एवं सर्दी के मौसम में राहत प्रदान करने हेतु स्वेटर इत्यादि सामग्री का वितरण किया गया । इस जनसेवा कार्यक्रम के अवसर पर उपाध्यक्ष श्रीमती सरोज वर्मा, सचिव श्रीमती शालनी पाठक,कोषाध्यक्ष श्रीमती मधुलिका सिंह,सदस्य श्रीमती मौसमी चौधरी, श्रीमती जागृति सिंह, श्रीमती नम्रता सिंह, श्रीमती सरिता केसरवानी, श्रीमती संगीता, श्रीमती श्वेता तथा हनुमान प्रसाद पोद्दार अन्ध विधालय के प्रधानाध्यापक श्री विजय कुमार मिश्र एवं शिक्षक उपस्थित थे।इस अवसर पर मंडल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती वानी जैन ने हनुमान प्रसाद पोद्दार अन्ध विधालय का अवलोकन किया । इसी क्रम में वानी जैन ने लाइब्रेरी में स्थित बेल लिपी पुस्तकों का अवलोकन किया तथा अन्ध विधालय में बच्चों को मिलने वाली खाद्य पदार्थ गुणवत्ता को परखा एवं रसोइयों का भी अवलोकन किया । इसके पश्चात श्रीमती जैन ने कक्षा 01 से 08 तक के बच्चों के लिए चल रही परीक्षा के लिए तैयार हो रही प्रश्न पत्रों का भी अवलोकन किया । इसके पश्चात मंडल महिला कल्याण के संगठन के अध्यक्षा श्रीमती वानी जैन एवं सदस्याओ द्वारा 01 से 08 तक के कुल 80 बच्चों को मिष्ठान,स्वेटर तथा दैनिक उपयोग होने वाले सामग्री की वितरित किया तथा बच्चों का स्नेह और आशीर्वाद दिया । इस कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वय हित निरीक्षक श्री जितेन्द्र श्रीवास्तव ने किया।

# शीत ऋतु की तैयारी तेज, रैन बसेरे और गौआश्रयों की व्यवस्थाएँ दुरुस्त करने के आदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। जिला प्रशासनिक समन्वय समिति एवं कोर कमेटी की बैठक आज पुलिस लाइन स्थित सभागार में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने की। प्रभारी मंत्री ने जनपद के विकास कार्यों, कानून-व्यवस्था, राजस्व, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, विद्युत, शहरी सेवाओं तथा विभिन्न विभागीय योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी विभाग अपने कार्यों की अद्यतन प्रगति सुनिश्चित करें तथा जनसुविधाओं से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण, जन शिकायतों पर प्रभावी कार्यवाही, फील्ड निरीक्षण और योजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया जाए।

उन्होंने शीत ऋतु के प्रारंभ को ध्यान में रखते हुए संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि शहर के सभी रैन बसेरों को तत्काल प्रभाव से सक्रिय किया जाए और वहां प्रकाश, बिस्तर, गरम कपड़े, पेयजल व आवश्यक व्यवस्थाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। साथ ही सभी गौ-आश्रय स्थलों पर पशुओं को ठंड से बचाने हेतु पर्याप्त बिछावन, पराली/चारा सहित आवश्यक प्रबंध तत्काल किए जाएं। प्रभारी मंत्री जी ने कहा कि किसी भी रैन बसेरे या गोशाला में मूलभूत सुविधाओं की कमी नहीं रहनी चाहिए। बैठक के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा प्रस्तुत प्रगति विवरण पर विस्तृत चर्चा हुई। जिन बिंदुओं पर सुधार की आवश्यकता पाई गई, उन पर प्रभारी मंत्री द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाए तथा फील्ड स्तर पर प्रभावी निगरानी के साथ सभी विभाग बेहतर समन्वय बनाकर कार्य करें, जिससे सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर और सुचारु रूप से आमजन तक पहुँच सके।

## आशियाना में 'हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव' का भव्य आगाज

# नजर आयेंगे 28 राज्यों के हस्तशिल्प उत्पाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत स्मृति उपवन, आशियाना में बुधवार को 'हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव 2025' का भव्य आगाज हुआ। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री व राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा ने सांस्कृतिक वैभव से परिपूर्ण इस महोत्सव का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया। 19 दिसंबर से 25 दिसंबर 2025 तक आयोजित होने वाला यह महोत्सव भारत के 28 राज्यों के उत्कृष्ट एवं विविध हस्तशिल्प उत्पादों का अनूठा प्रदर्शन करेगा, जो लखनऊ वासियों को देश की कलात्मक परंपराओं का व्यापक परिचय प्रदान करेगा।

इस अवसर पर डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहाः ल्ल्यह अत्यंत भव्य आयोजन हो रहा है। हस्तशिल्प भारत की आत्मा है। देशभर में लगभग 3 करोड़ परिवार इस उद्योग से जुड़े हैं। ऐसे महोत्सव उन्हें पहचान, अवसर और सम्मान देने का बड़ा मंच प्रदान करते हैं। सरोजनीनगर के लिए यह गर्व का विषय है कि यहाँ यह आयोजन निरंतर होता आ रहा है। हमारा प्रयास होना चाहिए कि लखनऊ अब केवल 'चिकनकारी' तक सीमित न रहे, बल्कि 'हस्तशिल्प राजधानी' के रूप में नई पहचान बनाए। उन्होंने आगे बताया कि महोत्सव को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए 22 नवंबर को 'युवा उत्सव सरोजनीनगर' के तहत यो यो हनी सिंह का विशेष लाइव शो आयोजित किया जाएगा, जिसमें 20,000 से अधिक दर्शक मौजूद रहेंगे। यह कार्यक्रम न केवल युवाओं का उत्साह बढ़ाएगा बल्कि युवाओं को भारतीय हस्तशिल्प से जुड़ने के लिए प्रेरित भी करेगा। महिला सशक्तिकरण के कार्यों पर प्रकाश डालते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि सरोजनीनगर में 162 तारा शक्ति केंद्र स्थापित किए गए हैं, और उन्हें विशेष हर्ष है कि इन केंद्रों की स्टॉल भी इस महोत्सव में लगाई गई है, जिससे स्थानीय महिलाओं को बड़ा मंच मिल रहा है। हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव 2025 आने वाले एक माह से अधिक समय तक कला, संस्कृति, परंपरा और उद्यमशीलता का भव्य संगम प्रस्तुत करेगा, जिससे सरोजनीनगर सांस्कृतिक और रचनात्मक उत्कृष्टता के एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में उभर रहा है। विधायक ने इस भव्य आयोजन के लिए आयोजक अरुण सिंह और गुंजन वर्मा का आभार भी व्यक्त किया। इस मौके पर पूर्व विधायक सुरेश तिवारी, पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया, अमित टंडन, शंकरी सिंह, रमा शंकर त्रिपाठी, व्यापारी नेता संदीप बंसल, संतोष श्रीवास्तव, प्रभुनाथ राय, विनोद कुमार मिश्रा, स्वाति सिंह, पार्षद के एन सिंह, पार्षद ब्रज मोहन शर्मा, नागेंद्र सिंह, पार्षद प्रतिनिधि कमलेश सिंह व अन्य मौजूद रहे।

## सीडीओ अंजूलता ने विकासखंड क्षेत्र के सुल्तानपुर ग्राम पंचायत का किया निरीक्षण



महराजगंज,रायबरेली। सीडीओ अंजूलता ने विकासखंड क्षेत्र के सुल्तानपुर ग्राम पंचायत का निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्होंने पंचायत भवन, समुदायिक केंद्र, सहकारी समिति एवं ग्राम पंचायत में बने कूड़ा निस्तारण केंद्र के साथ ही अंत्येष्टि स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ही वह अचानक प्राथमिक विद्यालय बलईमऊ पहुंच गई जहां पर प्रधानाध्यापक अनुपस्थित पाए गए तो उपस्थिति रजिस्टर में बच्चों की हाजिरी न अंकित होने से नाराज सीडीओ ने उपस्थित रजिस्टर को सील कर दिया और कक्षा 5 के बच्चों से 12 का पहाड़ा सुनाने को कहा तो बच्चे पहाड़ा नहीं सुना पाए। जिससे सीडीओ ने नाराजगी व्यक्त की। इसके बाद सीडीओ असनी ग्राम पंचायत में बनेअस्थाई गौशाला पहुंची। जहां अव्यवस्थाओं व पशुओं की संख्या और गौशाला के रखरखाव एवं चारे के बारे में भी वहा। मौजूद पशु चिकित्सक उमेश चन्द्र से पशुओं के टैग रजिस्टर दिखाने के लिए कहा तो वह टैग रजिस्टर नही दिखा पाए। जिसपर उन्होंने पशु चिकित्सक को फटकार भी लगाई।साथ ही असनी ग्राम प्रधान दिलीप चौधरी को गौशाला के बगल पड़ी खाली भूमि पर हरे चारे की बुवाई का भी सुझाव दिया। इस मौके पर जिला विकास अधिकारी अरुण चौधरी, डीसी मनरेगा प्रमोद कुमार सिंह चंद्रौल, खण्ड विकास अधिकारी वर्षा सिंह, एपीओ राजीव कुमार सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

# 23 प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारियों को जिलों में किया गया तैनात

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश शासन ने भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 77वें आरआर बैच (साल 2023 व 2024) के 23 प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारियों को राज्य के विभिन्न जिलों और कमिश्नरेटों में जमीनी प्रशिक्षण (फील्ड ट्रेनिंग) के लिए तैनात किया है। इसके लिए गृह विभाग की ओर से आदेश जारी किया गया है।

जारी आदेश के अनुसार प्रशिक्षु अधिकारियों को उनके नाम के सामने अंकित जिलों में भेजा गया है, जहाँ वे वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की निगरानी में फील्ड ड्यूटी का अनुभव प्राप्त करेंगे।

जिन प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारियों को तैनाती दी गई है, उनमें शामिल हैं अभय राजेन्द्र दग्गा (आरआर-2024) कमिश्नरेट आगरा, विनेश गौतम (आरआर-2023) गोरखपुर, अंजना दीक्षा (आरआर-2024) बरेली, इन्द्रेश लाल गुर्जर (आरआर-2024) कमिश्नरेट प्रयागराज, ओमित वंसल (आरआर-2024) बिजनौर, मो. आफताब आलम (आरआर-2024) प्रतापगढ़, गजेंद्र प्रसाद (आरआर-2023) मेरठ, मानसी (आरआर-2023) कमिश्नरेट वाराणसी, दीक्षा मौर्य (आरआर-2023) कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर, श्रृष्टि जैन (आरआर-2023) जौनपुर, सुमेध निलेश जाधव (आरआर-2023) कमिश्नरेट कानपुर नगर, प्रेमसुख दरिया (आरआर-2023) आज़मगढ़, जयविन्ध कुमार गुप्ता (आरआर-2024) मथुरा, कोकिल आर्य जमकर (आरआर-2024) मिर्ज़ापुर, श्रृष्टि चौधरी (आरआर-2023) कमिश्नरेट गाज़ियाबाद, प्रदीप कुमार (आरआर-2024) गोंडा, सम्यक चौधरी (आरआर-2024) अलीगढ़, संचित यामि (आरआर-2023) उन्नाव, साकिता चौधरी (आरआर-) कमिश्नरेट लखनऊ, रितलाक गौतम (आरआर-2023) बाँदा, सिमरन सिंह (आरआर-2024) सहारनपुर, शुभम जैन (आरआर-2023) अयोध्या, विनय कुमार यादव (आरआर-2023) झाँसी इस फील्ड ट्रेनिंग के दौरान अधिकारी वास्तविक पुलिस कार्य, कानून-व्यवस्था प्रबंधन, अपराध नियंत्रण, थाने और सर्कल की कार्यप्रणाली, तथा जनसमस्याओं के समाधान की प्रक्रिया को समझते हैं। यह प्रशिक्षण उन्हें भविष्य में प्रभावी पुलिस नेतृत्व के लिए तैयार करता है। सरकार का मानना है कि इस तरह की तैनाती नए अधिकारियों के अनुभव और दक्षता को मजबूत करेगी।


**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा०, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, हजरतगंज, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ई-निविदा सूचना सं० | 1159-वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता-उत्तर रेलवे-लखनऊ-चतुर्थ कॉल दिनांक 18.11.2025 |
| 2. | कार्य का नाम: 02 वर्षों के लिए SSE/AC-SP/LKO के अधिकार क्षेत्र के तहत 1/1.5/2.0 टन क्षमता के विंडो/स्पिलट ए०सी० प्लांट/3.0 टन तक के कैसेट ए०सी० और विभिन्न क्षमता के वॉटर कूलर का रिपेयर/रिहैबिलिटेशन। | |
| 3. | अनुमानित लागत | रू. 94,75,915/- (चौरानवें लाख पचहत्तर हजार नौ सौ पन्द्रह रूपये केवल) |
| 4. | बयाना राशि | रू. 1,89,600/- (एक लाख उन्यासी हजार छः सौ रूपये केवल) |
| 5. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 24 माह |
| 6. | ई-निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 11.12.2025 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:30 बजे वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा० उत्तर रेलवे, हजरतगंज लखनऊ के कार्यालय में। |
| 7. | प्रस्ताव की वैधता | ई-निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| 8. | उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है। |

सूचना सं0-1159-वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता-उत्तर रेलवे-लखनऊ-चतुर्थ कॉल दिनांक 18.11.2025 3594/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | Lucknow-NR-Division-Commercial/Northern Railway |
| नीलामी सूची सं० | MPS-BSB-25 |
| कार्य का विवरण | Allotment of MPS Stall at BSB Station of Lucknow Division, Northern Railway for the period of 05 years. |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 14-11-2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 29-11-2025 at 11:00 hrs |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 29-11-2025 at 11:30 hrs |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

Details of catering stalls to be auctioned are as under :-

| SN | Station | Lot No. | Stall ID | Close Date /Time | Quota | Sub Quota |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | VARANASI Cantt. (BSB) | MPS-LKO-BSB-MPS-14-25-1 | BSB/1/9/MPS | 29-11-2025 at 11:30 hrs | GMU | |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3586/2025

राजधानी में आबकारी नियमों की खुलेआम उड़ाई जा रही है धज्जियां

# लखनऊ में बिना अनुमति चल रहे रेस्टोरेंट, बने शराब परोसने का अड्डा

इन रेस्टोरेंट्स में न तो लाइसेंस की व्यवस्था है और न ही सुरक्षा मानकों का पालन किया जा रहा है जिससे इन जगहों पर खुलेआम बवाल होना आम बात है

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । आलमबाग थाना क्षेत्र में आबकारी नियमों के उल्लंघन का गंभीर मामला सामने आया है। एलडी चौकी के पीछे स्थित मॉडल शॉप के आसपास संचालित कई रेस्टोरेंट बिना अनुमति के ग्राहकों को बैठाकर खुलेआम शराब पिलाते पाए गए हैं।

स्थानीय लोगों के अनुसार, इन रेस्टोरेंट्स में न तो लाइसेंस की व्यवस्था है और न ही सुरक्षा मानकों का पालन किया जाता है।सूत्रों का कहना है कि अधिकांश रेस्टोरेंट संचालक बिना किसी वैधअनुज्ञा के शराब के साथ वेज और नॉनवेज परोस रहे हैं। इसके चलते आए दिन विवाद, झगड़े और अव्यवस्था जैसी घटनाएँ सामने आती रहती हैं।क्षेत्रवासियों का आरोप है कि आबकारी विभाग और स्थानीय पुलिस की अनदेखी के कारण यह कारोबार निर्भय होकर फल-फूल रहा है।सोशल मीडिया पर इन रेस्टोरेंट्स के अंदर शराब परोसने के कई वीडियो तेजी से वायरल हो रहे हैं, जिसने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।अब देखना यह होगा कि वायरल वीडियो और शिकायतों के बाद स्थानीय पुलिस व आबकारी विभाग कब कार्रवाई करते हैं और बिना अनुमति चल रहे इन रेस्टोरेंट्स पर लगाम लगती है या नहीं।

## खनन कार्य में लगे डंफरो से नहर की पटरी हुई खराब, राहगीरों का आवागमन दूभर

लखनऊ। गोसाईगंज क्षेत्र के गांव बेगरिया मऊ के पास गौरिया अल्पिका पटरी दो किलोमीटर तक पूरी तरह से बरबाद हो गई है। पटरी पैदल चलने लायक भी नहीं बची।इस बात की शिकायत भाकियू श्रमिक जन शक्ति जिला अध्यक्ष राम गोपाल विश्वकर्मा की ओर से जिला अधिकारी लखनऊ से की गई है।शिकायत पत्र में खनन की गई सैकड़ों डंफर मिट्टी ढोने का काम किए जाने की बात कही गई है । खास बात यह है कि रास्ते में डंफरो के चलने से रस्ते में धूल उड़ती रहती है तो डंफरो से भी धूल उड़ती है । डंफरो को ढकने का कोई प्रबंध नहीं होता है।जिला अधिकारी को दिए गए शिकायत पत्र में मिट्टी ढोने वाले डंफरो के कारण जन जीवन पर कुप्रभाव पड़ने की भी कही गई है । छः किलोमीटर तक जमा लगता है तो स्कूल जाने वाले बच्चों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। नहर की पटरी पर मिट्टी ढोने वाले डंफरो के कारण रास्ता खराब होने के मामले पर नहर विभाग के जे ई रमेश चंद्र की ओर से बताया गया कि यह काम सरकारी है इस लिए रोका नहीं जा सकता है।

## पूर्वी क्षेत्र में आइजीआरएस निस्तारण में चिनहट का प्रथम स्थान



लखनऊ। पूर्वी क्षेत्र में आइजीआरएस निस्तारण में नंबर वन बना चिनहट थाना चिनहट लखनऊइंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्र किए गए सम्मानितडी सी पी पूर्वी आईपीएस शशांक सिंह ने सर्वाधिक विवेचनाओं के उत्कृष्ट निस्तारण की दिशा में कार्य करने के लिए मिला प्रशस्ति पत्र एवं सम्मानपूर्वी जोन अंतर्गत इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्र द्वारा 1 महीने में 128 विवेचनाओं का निस्तारण चुनौती पूर्ण एवं अनुकरणीय कार्य की डी सी पी पूर्वी आईपीएस शशांक सिंह ने भी प्रशंसा की।

## हंसखेड़ा पुलिस की बड़ी कार्रवाई, डूडा कॉलोनी में अवैध कब्जे का आरोपी गिरफ्तार

लखनऊ। पारा थाना क्षेत्र की हंसखेड़ा चौकी पुलिस ने डूडा कॉलोनी में आवंटियों के मकानों पर कब्जा करने के आरोप में मुख्य आरोपी केडी शर्मा को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस के अनुसार, आरोपी लंबे समय से कॉलोनी में अवैध तरीकों से कब्जा जमाने का प्रयास कर रहा था तथा दबंगई और सत्ता का प्रभाव दिखाकर लोगों को डराने-धमकाने की शिकायतें भी सामने आई थीं।हंसखेड़ा चौकी प्रभारी मुन्ना लाल सिंह की टीम–मनीष कुमार सिंह, हर्ष यादव और मोहित भाटी–ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को पकड़ा। टीम की तेज-तर्रार कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना हो रही है।पुलिस सूत्रों के मुताबिक, कई हंसखेड़ा पुलिस की बड़ी कार्रवाई, डूडा कॉलोनी में अवैध कब्जे का आरोपी गिरफ्तारलखनऊ। पारा थाना क्षेत्र की हंसखेड़ा चौकी पुलिस ने डूडा कॉलोनी में आवंटियों के मकानों पर कब्जा करने के आरोप में मुख्य आरोपी केडी शर्मा को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस के अनुसार, आरोपी लंबे समय से कॉलोनी में अवैध तरीकों से कब्जा जमाने का प्रयास कर रहा था तथा दबंगई और सत्ता का प्रभाव दिखाकर लोगों को डराने-धमकाने की शिकायतें भी सामने आई थीं।हंसखेड़ा चौकी प्रभारी मुन्ना लाल सिंह की टीम–मनीष कुमार सिंह, हर्ष यादव और मोहित भाटी–ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को पकड़ा। टीम की तेज-तर्रार कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना हो रही है।पुलिस सूत्रों के मुताबिक, कई आवंटियों ने अपने मकानों पर जबरन कब्जे की शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद जांच में आरोपी के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर उसे गिरफ्तार किया गया.स्थानीय लोगों का कहना है कि हंसखेड़ा पुलिस की इस कार्रवाई से अवैधकब्जाधारियों में हड़कंप मच गया है और आम जनता का पुलिस पर भरोसा और मजबूत हुआ है।पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। आवंटियों ने अपने मकानों पर जबरन कब्जे की शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद जांच में आरोपी के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर उसे गिरफ्तार किया गया।स्थानीय लोगों का कहना है कि हंसखेड़ा पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध कब्जाधारियों में हड़कंप मच गया है और आम जनता का पुलिस पर भरोसा और मजबूत हुआ है।पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## राजकीय हाईस्कूल बघौली में कैरियर गाइडेंस मेला आयोजित



नगराम, लखनऊ। गोसाईगंज क्षेत्र के बघौली स्थित राजकीय हाईस्कूल में कैरियर गाइडेंस मेला आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जवाहरलाल लाल नेहरू इंटर कालेज के प्रधानाचार्य अनिल कुमार वर्मा व सेवानिवृत्त शिक्षक जे.पी. वर्मा ने किया। प्रधानाचार्या नमिता यादव, रिचा सिंह और डॉ. वंदना ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ कराया। मेले में स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, आईटीआई मोहनलालगंज, भारतीय नौसेना, बैंकिंग व शिक्षा विभाग के विशेषज्ञों ने छात्रों को करियर से संबंधित जानकारी दी। कार्यक्रम में अनिल वर्मा, डॉ. वंदना, डॉ. जयंत, डॉ. शाहिदा, गोपाल कृष्ण, मिशन शक्ति प्रभारी हिमांशु पांडेय, मनोज यादव, महिला कांस्टेबल स्वाति सिंह, सुमन, कांस्टेबल संजय चौहान, मुकेश कुमार व अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## थाना शेरपुर मे हुआ हादसा,सतर्कता से बची चालक की जान



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। सावधानी हटी दुर्घटना घटी ये एक ऐसी कहावत है जो हर उस वक़्त चरितार्थ होते दिखती है जब सावधानी हटने से कोई दुर्घटना हो जाती है ऐसी ही घटना बुधवार को थाना शेरपुर क्षेत्र मे उस वक़्त हुई जब एक ट्राली अनियंत्रित होकर तेज़ी से नहर के रास्ते आ रही थी तभी अचानक ट्राली चालक का नियंत्रण ट्राली से हट गया और वो ट्राली नहर मे जा गिरी गनीमत ये रही कि ड्राइवर ने सतर्कता दिखाते हुए ट्राली गिरने से पहले ही छलांग लगाकर अपनी जान बचा ली लेकिन ट्राली को नहर् मे गिरने से नही बचा सका।

अब यहाँ ये हादसा क्यों हुआ ये कारण जानना भी बेहद ज़रूरी है सबसे पहले तो चालक का ट्राली पर से तेज़ रफ़्तार के कारण नियंत्रण खो देना और दूसरा पुलिया के दोनो तरफ कोई भी सुरक्षात्मक कार्य ना किया जाना अगर पुलिया पर बाउंड्री होती तो ये हादसा टल सकता था और अगर ड्राइवर की रफ़्तार कम होती तब भी ये हादसा टल सकता था लेकिन ऐसा हुआ नही पर यहाँ ट्राली ही नहर् मे गिरी जिसे क्रेन की मदद से बाहर निकल गया।

## शिक्षामित्रों की समस्याओं को लेकर अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा से मिले प्रदेश महामंत्री सुशील यादव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । उत्तर प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों में पिछले 25 वर्षों से शिक्षण कार्य कर रहे। शिक्षामित्रों की विभिन्न समस्याओं को लेकर, सदस्य विधान परिषद एवं प्रदेश संयोजक शिक्षक प्रकोष्ठ भाजपा श्री श्रीचंद शर्मा के नेतृत्व में अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा एवं महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी से मुलाकात की।

सुशील यादव ने बताया कि आर्थिक समस्या के चलते शिक्षामित्र गंभीर बीमारियों में अपना इलाज नहीं करा पा रहे हैं जिससे उनकी असमय मौत हो जा रही है। शिक्षामित्रों का मानदेय बढ़ाना नितांत आवश्यक है। वही 3 जनवरी 2025 को शिक्षामित्रों के स्थानांतरण के लिए हुए शासनादेश का क्रियान्वयन अभी तक नहीं हुआ है। जिससे हजारों शिक्षामित्र अपने घर से 80 से 90 किलोमीटर की दूरी पर शिक्षण कार्य करने जा रहे हैं। वहीं महिला शिक्षामित्र अपने ससुराल के निकट के विद्यालय में जाना चाहती हैं। इसका क्रियान्वयन का आदेश जारी करने के लिए निवेदन किया वहीं शिक्षक दिवस पर माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा कैशलेस चिकित्सा प्रदान किए जाने की घोषणा का शासनादेश जारी करने एवं मृतक शिक्षामित्रों को आर्थिक मदद एवं परिवार के किसी एक सदस्य को समायोजित करने की भी मांग की सुशील यादव ने बताया कि अपर मुख्य सचिव ने सभी बिंदुओं पर गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए संबंधित अधिकारियों को अति शीघ्र क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए हैं। अपर मुख्य सचिव से वार्ता में अनुदेशक संघ के प्रदेश अध्यक्ष विक्रम सिंह एवं शिक्षा मित्र संघ के जिला अध्यक्ष वाराणसी अजय सिंह भी मौजूद रहे।

## आरडीएसओ में तीन दिवसीय कर्मयोगी प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। प्रधानमंत्री की कर्मयोगी सोच तथा सेवा-भाव को बढ़ावा देने की परिकल्पना के अनुरूप केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों हेतु कर्मयोगी प्रशिक्षकों (मास्टर प्रशिक्षकों) को तैयार करने के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन आरडीएसओ में 17 से 19 नवम्बर 2025 तक किया गया।

यह विशेष प्रशिक्षण लखनऊ स्थित प्रशिक्षण संस्थान के विशेषज्ञ संकाय तथा प्रधान प्रशिक्षक श्री मुदित आनंद, वरिष्ठ प्राध्यापक, और प्राध्यापक कृष्णा तिवारी द्वारा प्रदान किया गया। आरडीएसओ के कुल 28 वरिष्ठ पर्यवेक्षकों ने प्रतिभाग कर यह प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण किया।समापन समारोह 19 नवम्बर 2025 को आयोजित किया गया, जिसमें श्री क़ाज़ी मैराज अहमद, अपर महानिदेशक, आरडीएसओ ने प्रतिभागियों को संबोधित किया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के प्रधान कार्यकारी निदेशक तथा आरडीएसओ के प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी भी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में अपर महानिदेशक ने कहा कि व्यापक स्तर पर आयोजित यह कर्मयोगी जन सेवा कार्यक्रम भारतीय रेल के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगा तथा कर्मचारियों की कार्य दक्षता में वृद्धि करेगा।समापन अवसर पर अपर महानिदेशक, आरडीएसओ द्वारा सफलतापूर्वक प्रशिक्षित कर्मयोगी प्रशिक्षकों (मास्टर प्रशिक्षकों) को स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## एकेटीयू में छात्रों ने डिजाइन किया मशीन और घर का नक्शा

लखनऊ। डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय ऑटोकैड पर आधारित तीन दिवसीय स्किल डेवलपमेंट कार्यशाला का बुधवार को समापन हो गया। इन तीन दिनों में छात्रों ने ऑटोकैड पर डिजाइन की बारीकी सीखी। कुलपति प्रो0 जेपी पाण्डेय के निर्देशन में ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग स्कोरटेक कंपनी के सहयोग से इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। सिविल एवं मैकेनिकल इंजीनियरिंग के छात्रों के लिए विशेष रूप से टू डी डिजाइन के लिए डिजाइन सॉफ्टवेयर ऑटोकैड के बारे में जानकारी दी गयी। इन तीन दिनों में छात्रों को ऑटोकैड की सामान्य जानकारी के अलावा अन्य पहलुओं के बारे में बताया गया। एडवांस टूल्स के माध्यम से बेहतर से बेहतर डिजाइन बनाने की बारीकी सिखायी गयी। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम से छात्रों को एक बेहतर भविष्य मिलेगा साथ ही रोजगार के नाये मार्ग भी सृजित होगा।

## चार दिवसीय नीरू मेमोरियल एनुअल स्पोर्ट्स मीट स्पर्धा 2025 का हुआ समापन

सीतापुर रोड की बालिका टीम लगातार पांचवीं बार बनीं चैंपियन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । केडी सिंह बाबू स्टेडियम में सेंट जोसेफ द्वारा आयोजित चार दिवसीय नीरू मेमोरियल एनुअल स्पोर्ट्स मीट स्पर्धा 2025 का रोमांचक क्रिकेट मैच और रिले रेसिस के साथ बुधवार को समापन हुआ। 19 नवंबर तक चलने वाली स्पर्धा 2025 के समापन व ट्रॉफी वितरण समारोह में अतिथि के रूप में ओलंपियन अर्जुन अवॉर्डी भारतीय हॉकी खिलाड़ी ललित उपाध्याय के साथ राकेश कुमार एडीएम हिमांशु गुप्ता, स्क्वाड्रन लीडर राखी अग्रवाल मौजूद रहे। सीतापुर रोड बालिका टीम ने एक विकेट खोकर 16 ओवर में 109 का लक्ष्य विरोधी टीम को दिया जिसका पीछा करते हुए राजाजीपुरम की टीम केवल 52 रन ही बना पाई। सीतापुर रोड की बालिका टीम लगातार पांचवीं बार चैंपियन बनी। साथ ही 20 गोल्ड के साथ टीम गेम की ट्रॉफी सीतापुर रोड ब्रांच को मिली। साथ ही 27 गोल्ड के साथ ट्रैक एंड फील्ड गेम्स की ट्रॉफी भी सीतापुर रोड शाखा के नाम हुई। स्पर्धा 2025 में आयोजित विभिन्न खेलो में प्राप्त हुए 47 गोल्ड मेडल और 355 अंकों के आधार पर सीतापुर रोड शाखा ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए, पिछले कीर्तिमानों को तोड़ते हुए चैंपियन ऑफ चैंपियंस की ट्रॉफी लगातार पांचवी बार अपने नाम कर इतिहास बनाया। वहीं मुकुल राज, नैतिक सिंह और अमन यादव को नीरू मेमोरियल खेल रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया।

## लालता खेड़ा में डूबकर हुई मौत के मामले में सरकार की मदद



पीड़ित परिवार को मिले 4 लाख रुपये

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निगोहां, लखनऊ । निगोहां क्षेत्र के लालता खेड़ा मजरा रामदासपुर निवासी अमृतलाल की दो सितंबर को डूबने से हुई मौत के बाद शासन-प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़ित परिवार को आपदा राहत कोष से आर्थिक सहायता प्रदान की है। मृतक की माता राजकुमारी के खाते में आपदा राहत नियमों के तहत 4 लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई, जिसे अधिकारियों की मौजूदगी में प्रदान किया गया।राहत वितरण कार्यक्रम के दौरान विधायक अमरेश रावत, निगोहा मंडल अध्यक्ष ललित सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष दीपू बाजपेयी, लेखपाल विश्वनाथ प्रताप सिंह, लेखपाल अब्बास अली, प्रधान प्रतिनिधि राजकुमार पांडे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।जनप्रतिनिधियों ने कहा कि शासन की स्पष्ट मंशा है कि किसी भी आपदा में प्रभावित परिवारों को समय पर सहायता मिल सके, जिससे वे कठिन परिस्थितियों में आर्थिक रूप से संभल सकें। परिजनों ने सरकार और प्रशासन के इस सहयोग पर आभार व्यक्त किया।

तृतीय राष्ट्रीय वाद–विवाद प्रतियोगिता का भव्य एवं सफल आयोजन

## सेंट्रल ला कॉलेज में सम्पन्न हुई तृतीय राष्ट्रीय वाद– विवाद प्रतियोगिता

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोसाईगंज, लखनऊ। सुशांत गोल्फ सिटी के सेक्टर एफ - 1 में लॉलिशियस समिति की ओर से आयोजित तृतीय राष्ट्रीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का भव्य एवं सफल आयोजन सेंट्रल ला कॉलेज में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिवेन्द्र मिश्रा सिविल जज (सीनियर डिवीजन) रहे।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार ज्ञानेंद्र एवं नीलांजय उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने सशक्त तर्क, प्रभावी अभिव्यक्ति और तर्कशक्ति का प्रदर्शन किया। जिसका मूल्यांकन मुख्य निर्णायक अधिवक्ता (उच्च न्यायालय) समीर अग्रवाल एवं सौम्या तिवारी द्वारा किया गया।प्रारंभिक चरण का मूल्यांकन प्रतिष्ठित निर्णायकों उच्च न्यायालय के अधिवक्ता अनुज मिश्रा,अभिषेक मिश्रा, पूनम गुप्ता, इकरा खान, अधिवक्ता अरुण, ज्योतिंद्र पाठक , भानु प्रताप सिंह, चर्चिका , श्वेता, हेमंत पांडेय, राजदेव एवं शान्तनु द्वारा किया गया। प्रतियोगिता मेंअभिनव तिवारी प्रथम, दीपक पांडे द्वितीय व अवलीन तृतीय रहीं।कार्यक्रम में सेंट्रल ला कॉलेज की विभागाध्यक्ष विधि विभाग डॉ. सुम्बुल सिद्दीकी भी उपस्थित रहीं और उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। पूरा आयोजन अत्यंत सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। आयोजन का नेतृत्व लॉलिशियस समिति के संस्थापक विवेक दीक्षित द्वारा किया गया। जबकि संपूर्ण संचालन एवं समन्वय में मैनेजिंग हेड एवं सेक्रेटरी दिव्यांशु मिश्रा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।कार्यक्रम के उत्कृष्ट आयोजन के लिए सेंट्रल ला कॉलेज प्रशासन द्वारा संस्थापक विवेक दीक्षित जी को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। यह राष्ट्रीय वादऽविवाद प्रतियोगिता छात्रों की विचारऽप्रक्रिया, वक्तत्वऽकौशल और नेतृत्व क्षमता को उभारने वाला एक प्रेरणादायक मंच साबित हुई।

## शौचालय दिवस औपचारिकता नहीं, ग्रामीण गरिमा और स्वच्छता के प्रति प्रदेश के संकल्प का प्रतीक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तरप्रदेश के पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि विश्व शौचालय दिवस केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि ग्रामीण गरिमा और स्वच्छता के प्रति प्रदेश के संकल्प का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि ओडीएफ प्लस की दिशा में प्राप्त उपलब्धियां ग्राम पंचायतों, स्वच्छता कर्मियों और आम नागरिकों के सामूहिक प्रयास का परिणाम हैं। बुधवार को विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर पंचायती राज निदेशालय, अलीगंज लखनऊ में राज्यस्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर, प्रमुख सचिव अनिल कुमार सिंह तथा निदेशक पंचायती राज अमित कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में प्रदेशभर से चयनित उत्कृष्ट ग्राम पंचायतों, प्रधानों और जनपदों को स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। सामुदायिक शौचालयों के संचालन, व्यवहार परिवर्तन गतिविधियों और जन-जागरूकता प्रसार में बेहतर कार्य करने वाली पंचायतों की सराहना की गई। इस दौरान नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता संदेश भी प्रस्तुत किया गया।

सर्वश्रेष्ठ जनपद पुरस्कार गाजियाबाद, रामपुर, हाथरस, श्रावस्ती और फिरोजाबाद को प्राप्त हुआ। वहीं सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायत के रूप में मिर्ज़ापुर की नदिहार, बरेली की भरतौल, बिजनौर की जालबपुर गूदड़, कानपुर नगर की रमईपुर व श्रावस्ती की सरवन तारा को सम्मानित किया गया।

कम्यूनिटी सेनेट्री कॉम्प्लेक्स श्रेणी में महोबा की सिजहरी, झांसी की सिमरावारी, पीलीभीत की पिपरिया अगरू, कासगंज की मजराजात कासगंज और आजमगढ़ की वीनापारा पंचायतों को पुरस्कार मिला। श्रेष्ठ गोबर्धन प्रोजेक्ट के लिए ललितपुर की कारीपहाड़ी, श्रावस्ती की टण्डवा महंत और रामपुर की किरा पंचायत को सम्मान दिया गया। प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट में रामपुर की सींगनखेड़ा, बरेली की भमौरा और सोनभद्र की रामगढ़ पंचायत को पुरस्कृत किया गया।

# वन विभाग की तेज कार्रवाई: मिश्रिख रेंज में सक्रिय तेंदुआ बिना नुकसान पकड़ा गया

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सीतापुर । प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी वन प्रभाग नवीन खण्डेलवाल ने बताया कि सीतापुर जनपद में हाल के महीनों में मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं में वृद्धि को ध्यान में रखते हुए वन विभाग द्वारा एक व्यापक, सुनियोजित एवं बहु-स्तरीय अभियान संचालित किया जा रहा है।

इस उद्देश्य के तहत मिश्रिख और महोली रेंज सहित कई वन क्षेत्रों में टीमों ने निरंतर गश्त, निगरानी, पगमार्क ट्रैकिंग तथा समुदाय-आधारित सतर्कता प्रणाली को सुदृढ़ किया है। इसी क्रम में मिश्रिख रेंज के अंतर्गत ग्राम ख्योटा, रामपुर में पिछले कई दिनों से तेंदुए की सक्रियता दर्ज की जा रही थी। ग्रामीणों द्वारा प्राप्त सूचनाओं तथा विभागीय निरीक्षण के आधार पर क्षेत्र में नियमित मूवमेंट की पुष्टि होने उपरांत, वन विभाग ने पूर्व अनुमति लेकर एक पिंजरा स्थापित किया तथा निगरानी को और अधिक सघन किया।लगातार टीम की सतत पर्यवेक्षण अभियान के परिणामस्वरूप दिनांक 18/19 नवंबर 2025 की रात्रि लगभग 4.00 बजे, स्थापित पिंजरे में एक वयस्क नर तेंदुआ सफलतापूर्वक सुरक्षित रूप से पकड़ा गया। सूचना मिलते ही विभागीय स्टाफ तत्काल मौके पर पहुँच गया और निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुसार तेंदुए को सुरक्षित नियंत्रण में लिया। प्रथम चिकित्सकीय परीक्षणों में तेंदुआ पूर्णतः स्वस्थ पाया गया है और वर्तमान में उसके व्यवहार एवं स्वास्थ्य पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है।इस घटना को व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखा जाए तो यह सीतापुर वन प्रभाग की उस निरंतर चल रही रणनीति का महत्वपूर्ण चरण है, जो पिछले कई महीनों से मानव-वन्यजीव संपर्क को सुरक्षित एवं नियंत्रित रूप में प्रबंधित करने हेतु लागू की गई है। इस रणनीति के अंतर्गत वन विभाग द्वारा एक इंटरसिव मानव-वन्यजीव संघर्ष न्यूनीकरण अभियान चलाया जा रहा है, जिसके उल्लेखनीय परिणाम सामने आए हैं। इस अभियान के दौरान सीतापुर में अब तक 3 बाघ तथा 3 तेंदुए को सुरक्षित रेस्क्यू कर उचित स्थानों पर स्थानांतरित किया गया है। इन सभी ऑपरेशनों का निष्पादन वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एन0टी0सी0ए0) के प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन करते हुए किया गया है।यह भी उल्लेखनीय है कि इसी माह महोली रेंज में सक्रिय एक अन्य तेंदुए को भी वन विभाग द्वारा पूर्व अनुमति प्राप्त कर लगाए गए पिंजरे में पकड़ा गया था। इन दोनों घटनाओं से यह स्पष्ट है कि वन विभाग की फील्ड टीमें निरंतर, तकनीकी रूप से सक्षम और संवेदनशील दृष्टिकोण के साथ कार्य कर रही हैं। रात्रिकालीन गश्त, पगमार्क विश्लेषण, कैमरा ट्रैप, और जन-जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से विभाग न केवल वन्यजीवों की वास्तविक लोकेशन और गतिविधि का पता लगा रहा है, बल्कि ग्रामीणों को भी सतर्क एवं सुरक्षित व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित कर रहा है।मानव-वन्यजीव संघर्ष अक्सर उस समय बढ़ता है जब वन्यजीव मानवीय बसावटों के निकट आ जाते हैं। ऐसे में वन विभाग की प्राथमिकता होती है कि किसी भी स्थिति में मानव सुरक्षा तथा वन्यजीव संरक्षण दोनों के बीच संतुलन कायम रहे।

# एआरटीओ और मिल प्रशासन की संयुक्त पहल किसानों एवं चालकों को सड़क सुरक्षा का प्रशिक्षण

**कोहरे के मौसम को देखते हुए जागरूकता अभियान, ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर रिफ्लेक्टिव कपड़ा अनिवार्य**

**सड़क हादसों की रोकथाम हेतु जागरूकता गोष्ठी, रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप न लगाने पर 10 हजार जुर्माना**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सीतापुर। डालमिया चीनी मिल रामगढ़ के प्रांगण में बुधवार को किसानों और वाहन चालकों के लिए एक वृहद जागरूकता गोष्ठी आयोजित की गई। यह कार्यक्रम एआरटीओ प्रशासन सर्वेश चतुर्वेदी एवं मिल प्रशासन की संयुक्त पहल पर संपन्न हुआ। गोष्ठी के दौरान सड़क सुरक्षा जागरूकता के तहत लगभग 74 वाहनों पर निःशुल्क रेडियम कवर (रिफ्लेक्टर युक्त कपड़े) लगाए गए।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एआरटीओ सर्वेश चतुर्वेदी ने कहा कि गन्ना ढुलाई करने वाले सभी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर रेडियम लगाना अनिवार्य है, विशेषकर ठंड और कोहरे के मौसम में जब दृश्यता कम हो जाती है। रिफ्लेक्टर लगाने से वाहन दूर से दिखता है और दुर्घटना की संभावना काफी हद तक कम होती है। उन्होंने चालकों को सलाह दी कि कोहरे में वाहन धीमी गति से चलाएं, दृश्यता शून्य होने पर सड़क की सफ़ेद पट्टी का अनुसरण करें, फॉग लाइट व डी-फागर का उपयोग करें तथा वाहन मोड़ते समय दाएं-बाएं देखकर ही आगे बढ़ें। साथ ही वाहनों पर ओवरलोडिंग , ओवर हाइट कर गन्ना की ढुलाई न करे ।ओवर हाइट ,ओवरलोडिंग सड़क हादसों का कारण है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि वाहनों पर मानकानुसार रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप या कपड़ा नहीं लगाया गया तो 10 हजार रुपये तक जुर्माना लगाया जाएगा। साथ ही नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने पर 25 हजार रुपये जुर्माना और छह माह की सजा का प्रावधान है।एआरटीओ ने गन्ने की सूखी पत्तियों को उर्वरक बनाने हेतु प्रचार वाहन को भी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ महाप्रबंधक गन्ना उमाकांत, प्रशासनिक प्रबंधक एस.के. सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान और चालक उपस्थित रहे।

# यूनिटी मार्च में सरदार पटेल के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का लिया संकल्प

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



शाहजहांपुर। सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वी जयंती के तहत एक भारत, आत्मनिर्भर भारत थीम पर भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष ब्रज क्षेत्र दुर्विजय सिंह शाक्य, जलालाबाद विधायक हरिप्रकाश वर्मा और भाजपा जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा के नेतृत्व में जलालाबाद के बहरिया से मिर्ज़ापुर थाना होते हुए नखासा मैदान जरियनपुर तक भव्य यूनिटी मार्च निकाली गई और विशाल जनसभा आयोजित की गई।

यूनिटी मार्च में युवाओं ने माय भारत की टी-शर्ट और कैप पहनकर भारत माता की जय, वंदे मातरम, जय हिंद आदि के नारे लगाए। वहीं, यूनिटी मार्च का जगह-जगह पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया। इस दौरान सरदार पटेल के एक भारत- श्रेष्ठ भारत के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया और आत्मनिर्भर भारत व नशा मुक्त भारत की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण से की गई। मुख्य अतिथि दुर्विजय सिंह शाक्य ने कहा कि सरदार पटेल राष्ट्रीय एकीकरण के शिल्पकार थे, जिन्होंने आजादी के बाद देश की 562 रियासतों को एक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके जीवन से आज के युवाओं को शिक्षा लेनी चाहिए।विधायक हरिप्रकाश वर्मा ने सरदार वल्लभभाई पटेल द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों पर प्रकाश डाला और स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग के लिए लोगों को प्रेरित किया। इस दौरान उन्होंने जलालाबाद विधानसभा क्षेत्र में हुए विभिन्न विकास कार्यों के बारे में भी विस्तारपूर्वक बताया। जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा ने सभी को आत्मनिर्भर भारत की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान जिला युवा अधिकारी माय भारत मयंक भदौरिया ने अतिथियों को मेरा युवा भारत की ओर से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां व भारत स्काउट गाइड के बैंड ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक शरदवीर सिंह, मिर्ज़ापुर ब्लाक प्रमुख प्रियांशु रघुवंशी, जलालाबाद ब्लॉक प्रमुख लता वर्मा, ब्लॉक प्रमुख खुटार व कलान सहित जिला गंगा समिति से डीपीओ डॉ विनय सक्सेना, मंडल अध्यक्ष दिनेश चंद्र मिश्र, पंकज गुप्ता, हिमांशु सक्सेना, आशीष कुमार, अमर आदि कई लोग मौजूद रहे।

# महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी ने सुनीं महिलाओं की समस्याएं, जनसुनवाई में 10 शिकायतें हुईं दर्ज

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




सीतापुर । उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य मा0 सुजीता कुमारी बुधवार को सीतापुर की सदर तहसील सभागार में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में उपस्थित हुईं, जिसमें 10 शिकायतें प्राप्त हुयीं। उन्होंने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आईं महिलाओं की समस्याएं सुनीं और उन्हें आश्वस्त किया कि हर पीड़ित महिला को न्याय दिलाना महिला आयोग की सर्वोच्च प्राथमिकता है।जनसुनवाई में बड़ी संख्या में महिलाएं पहुंचीं और घरेलू हिंसा, दहेज प्रताड़ना, मानसिक उत्पीड़न, संपत्ति विवाद, कार्यस्थल पर उत्पीड़न जैसी विभिन्न समस्याएं रखीं। कई पीड़िताओं ने अपनी शिकायतें महिला आयोग को लिखित रूप में भी सौंपीं। सुजीता कुमारी ने कहा कि महिला आयोग इन शिकायतों को गंभीरता से लेकर संबंधित विभागों और प्रशासनिक अधिकारियों के सहयोग से शीघ्र न्याय सुनिश्चित करता है।उन्होंने कहा कि महिला आयोग एक वैधानिक संस्था है जो राज्य में महिलाओं के अधिकारों की रक्षा और उनके कल्याण के लिए कार्य करती है। आयोग समय-समय पर जनसुनवाई, जागरूकता कार्यक्रम और निरीक्षण अभियान चलाता है, जिससे महिलाओं की समस्याओं को समझा जा सके और उनका त्वरित समाधान हो सके।मा0 सुजीता कुमारी ने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना होगा। उन्हें अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध डटकर खड़ा होना चाहिए। महिला आयोग हर उस महिला के साथ खड़ा है जो अपने हक के लिए लड़ रही है। उन्होंने यह भी बताया कि आयोग न केवल पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाता है बल्कि उन्हें परामर्श, कानूनी सहायता और मानसिक सहयोग भी उपलब्ध कराता है। आयोग की यही कोशिश रहती है कि कोई भी महिला अकेली महसूस न करे और उसे पूरा सहयोग मिले।कार्यक्रम के अंत में महिला आयोग की टीम ने महिलाओं को उनके अधिकारों, कानूनी प्रावधानों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस विभाग के प्रतिनिधि और शिकायतकर्ता भी उपस्थित रहे। जनसुनवाई का समापन महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनने के प्रेरणादायक संदेश के साथ हुआ।इसके पूर्व उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य मा0 सुजीता कुमारी ने विद्यालय कमलापुर का निरीक्षण कर साफ-सफाई के साथ विद्यालय में आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश संबंधित को प्रदान किये।तत्पश्चात उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य मा0 सुजीता कुमारी विकासखंड ऐलिया में जन जागरूकता चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें राज्य महिला आयोग की सदस्य माननीय श्रीमती सुजीता कुमारी ने शक्ति संवाद में वहां पर उपस्थित सभी महिलाओं व पुरुषों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज हमारे देश में महिला सशक्तिकरण बहुत जरूरी है हमारे देश में महिला सशक्तिकरण के लिए जरूरी है कि हम सब महिला और पुरुष को एक समान रूप से देखें और अपने समाज में दोनों को बराबरी का दर्ज़ा दें। जिस दिन हमारे समाज में महिला और पुरुष को बराबरी का दर्ज़ा मिलना शुरू हो जाएगा उस दिन से हमारे देश में महिला सशक्त भी हो जाएगी।

# धौरहरा में फर्जी पत्रकारों की साज़िश बेनक़ाब

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



धौरहरा खीरी। कुछ तथाकथित पत्रकारों और दलालों की गंदी राजनीति एक बार फिर सामने आ गई है। धौरहरा प्रशासन की सख्ती से बौखलाए इन फर्जी पत्रकारों ने आज दोपहर 03:45 बजे तिकुनिया क्षेत्र की मिट्टी भरी ट्राली की फोटो उठाई और बिना जानकारी किये धौरहरा से जोड़कर व्हाट्सएप ग्रुप में भ्रामक खबर फैला दी। साफ है।

इनका मकसद सिर्फ और सिर्फ प्रशासन की छवि खराब करना था।धौरहरा कोतवाल शिवाजी दुबे के आने के बाद थाने में चल रही दलाली, अवैध वसूली और दलालों का आना-जाना ठप हो चुका है। अब न थाने में उनकी चालें चल पा रही हैं, न अवैध कमाई के दरवाज़े खुले हैं। इसी जलन और खुन्नस में ये फर्जी पत्रकार बौखलाहट में फर्जी खबरें बनाकर जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं।तिकुनिया की फोटो को धौरहरा से जोड़कर वायरल करना–ये कोई गलती नहीं, बल्कि सोची-समझी साज़िश है। प्रशासन और कोतवाल की बढ़ती सख्ती से परेशान यह दलाल गिरोह अब हर कीमत पर छवि धूमिल करने की कोशिश में लगा हुआ है। लेकिन उनकी ये ओछी चालें अब ज्यादा दिन चलने वाली नहीं।स्थानीय लोग भी साफ कह रहे हैं– *ल्लजो लोग पहले थाने के चक्कर लगाकर वसूली और दलाली करते थे, वही आज सबसे ज़्यादा छटपटा रहे हैं। अब जब उनकी दुकान बंद हो गई है तो फर्जी खबरों के सहारे बदनाम करने में जुट गए हैं।ङ्क*प्रशासन ने भी साफ किया है कि वायरल की गई फोटो का धौरहरा से कोई लेना-देना नहीं है। फर्जी खबरों पर कड़ी नजर रखी जा रही है और इस गंदी हरकत में शामिल लोगों पर कड़ी कार्रवाई की तैयारी चल रही है।

# ऑपरेशन के बाद महिला की मौत, चंद्रानी हॉस्पिटल पर परिजनों का हंगामा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखीमपुर खीरी। सदर कोतवाली क्षेत्र के नौरंगा बाद स्थित चंद्रनी हॉस्पिटल में गर्भाशय (यूटरस) की सर्जरी के बाद एक महिला की मौत के मामले ने तूल पकड़ लिया है। मृतका कोरैयाधारा निवासी पिंकी देवी बताई जा रही हैं, जिनका कुछ दिन पहले अस्पताल में ऑपरेशन किया गया था।

परिजनों का आरोप है कि डॉक्टरों ने गलत सर्जरी की, जिसके कारण गंभीर इंफ़ेक्शन फैल गया और महिला की तबीयत लगातार बिगड़ती चली गई।स्थिति नाज़ुक होने पर अस्पताल प्रबंधन ने महिला को लखनऊ रेफर कर दिया, लेकिन उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिजन व ग्रामीण बड़ी संख्या में चंद्रनी हॉस्पिटल पहुँचे और अस्पताल के बाहर जोरदार हंगामा शुरू कर दिया। परिजनों ने डॉक्टर पर गलत ऑपरेशन करने और लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की।स्थानीय लोगों का आरोप है कि अस्पताल प्रशासन घटना के बाद मामले को दबाने और परिजनों को समझाकर शांत करवाने में जुटा है। वहीं, मृतका के परिवार ने कहा कि वह मामले को कानूनी स्तर पर ले जाएंगे और दोषियों पर सख्त कार्रवाई कराएंगे।अस्पताल प्रबंधन की ओर से अभी कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं हुआ है। घटना की जानकारी पुलिस को भी दी जा चुकी है, और मौके पर भीड़ बढ़ने के चलते स्थिति संवेदनशील बनी हुई है। मामले ने एक बार फिर निजी अस्पतालों में होने वाली सर्जरी और उपचार की गुणवत्ता पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं।

## पांच वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



सीतापुर। पुलिस अधीक्षक सीतापुर अंकुर अग्रवाल द्वारा गंभीर अपराधो में संलिप्त अपराधियों की शीघ्रातिशीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिये गये हैं। उक्त निर्देश के क्रम में संबंधित क्षेत्राधिकारीगण के निकट पर्यवेक्षण में निम्नलिखित थानों की पुलिस टीमों द्वारा मा. न्यायालय में प्रचलित वाद/थाने पर पंजीकृत अभियोग से संबंधित कुल 05 वांछित/ वारण्टी को गिरफ्तार किया गया है। विवरण निम्नवत है-थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा 01 वांछित गिरफ्तार- थाना कोतवाली देहात पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 323/25 धारा 109/351(2)/352 उगट्ट व 3(1)(द)(ध),3(2)(फ) ट्टए/ट्ठ इएट्ठ में वांछित अभि0 कमलेश पुत्र पुत्तीलाल निवासी ग्राम त्रिलोकापुर मजरा पीतपुर थाना कोतवाली देहात जनपद सीतापुर को गिरफ्तार कर चालान मा0 न्यायालय किया गया।थाना लहरपुर पुलिस द्वारा 01 वारण्टी गिरफ्तार- थाना लहरपुर पुलिस टीम द्वारा वाद संख्या 386/14 में वारंटी सुनिल गुप्ता पुत्र सालिकराम गुप्ता निवासी मोहल्ला कटरा थाना लहरपुर सीतापुर को गिरफ्तार कर मा.न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।थाना तम्बौर पुलिस द्वारा 01 वारण्टी गिरफ्तार- थाना तम्बौर पुलिस टीम द्वारा वाद संख्या 107/17 में वारंटी इन्द्रेश कुमार उर्फ इन्दु पुत्र झब्बूलाल निवासी ग्राम फूलपुर गोनिया थाना तम्बौर सीतापुर को गिरफ्तार कर मा.न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

## 100 ग्राम स्मैक के साथ 02 तस्कर गिरफ्तार

शाहजहांपुर। जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान में थाना जैतीपुर पुलिस टीम ने वाहन चेकिंग के दौरान ग्राम करकौर से आगे सिउरा मोड़ तिराहे के पास से दो मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से पुलिस टीम ने 100 ग्राम स्मैक बरामद की। पकड़े गए अभियुक्त थाना कटरा क्षेत्र के मोहल्ला मुगलान निवासी सोहेल पुत्र राशिद और इरशाद पुत्र असलम हैं। पुलिस पूछताछ में दोनों अभियुक्तों ने बताया कि वो लोग मोहल्लें के ही रहने वाले अकील से स्मैक लेकर आते हैं और थोड़ी-थोड़ी करके एक जगह से दूसरी जगह पहुंचा देते हैं। बताया कि मादक पदार्थों की तस्करी करने से उन्हें जो रुपया मिलता है, वो लोग उसी से अपना खर्चा चलाते हैं। जैतीपुर पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें कोर्ट में पेश किया। जहां से पुलिस अभिरक्षा में दोनों अभियुक्तों को जेल भेज दिया। पुलिस फरार अभियुक्त अकील की तलाश में जुटी है। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना जैतीपुर के उपनिरीक्षक इतेश तोमर के साथ हेड कांस्टेवल तैय्यब अली, कांस्टेवल शिव डागर, नवीन पंवार मौजूद रहे।

## डीएम ने सुनीं किसानों की समस्याएं, निस्तारण के निर्देश



शाहजहांपुर। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित बिस्मिल सभागार में किसान दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान डीएम ने किसानों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। बैठक में एआर कोऑपरेटिव अखिलेश प्रताप सिंह ने खाद की उपलब्धता के संबंध में बताया कि जनपद में डीएपी एवं एनपीके खाद्य पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। यूरिया 1700 एमटी उपलब्ध है। जबकि प्रत्येक समिति पर लगभग 900 बोरी यूरिया भेजी जा चुकी है। बताया कि आवश्यकता पड़ने पर और भी उपलब्ध कराई जाएगी। यूरिया की जनपद में कोई कमी नहीं है। जिस पर डीएम ने एआर को-ऑपरेटिव को निर्देशित किया कि जनपद में खाद की उपलब्धता के संबंध में किसानों को अवगत कराएं। किसानों को यूरिया देने की तैयारी अभी से कर ली जाएं। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो भी किसान दिवस में किसानों की समस्याएं प्राप्त हुई हैं, उनका निस्तारण प्राथमिकता पर कराया जाए। डीएम ने किसानों से कहा कि एसआईआर अभियान में सभी लोग अपने फार्म को भरकर बीएलओ को अवश्य उपलब्ध करा दें। ताकि मतदाता सूची में नाम शामिल हो सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ अपराजिता सिंह, उपनिदेशक कृषि पीके सिंह, जिला कृषि अधिकारी विकास किशोर सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# एसपी ने फूल देकर किया यातायात नियमों का पालन करने वालों का सम्मान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



शाहजहांपुर। यातायात माह नवम्बर के तहत महानगर के खिरनीबाग चैराहा और जीआईसी तिराहे पर सड़क सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम उद्योग व्यापार मंडल के सौजन्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में एसपी राजेश द्विवेदी ने यातायात नियमों का पालन करने वालों को गुलाब का फूल देकर सम्मानित किया। वहीं, दूसरे चरण में मंथन आर्ट्स के निदेशक शिवा सक्सेना एंड ग्रुप ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक किया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कलाकारों ने हेलमेट व सीट बेल्ट का अनिवार्य उपयोग, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करना, शराब पीकर वाहन चलाने के दुष्परिणाम, ट्रैफिक संकेतों एवं नियमों का पालन, स्कूल बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों एवं पैदल चलने वालों की सड़क सुरक्षा के बारे में बताया। कलाकारों ने नाटक के माध्यम से संदेश दिया कि लापरवाही केवल व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार को प्रभावित कर सकती है।इस दौरान एसपी ने कहा कि खुद की सुरक्षा, परिवार की सुरक्षा तथा दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए सदैव यातायात नियमों का पालन करें। हेलमेट व सीट बेल्ट का अवश्य प्रयोग करें। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें। ट्रैफिक संकेतों का पालन प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। कहा कि जागरूक एवं अनुशासित यात्री ही दुर्घटनाओं को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के दौरान सम्मान पाने वालों ने भी पुलिस विभाग के इस सकारात्मक प्रयास की सराहना की और भविष्य में भी यातायात नियमों का पालन करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी यातायात संजय कुमार सिंह, यातायात प्रभारी विनय कुमार पांडेय, थाना सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारी, कर्मचारी, व्यापारी आदि मौजूद रहे।

# एसडीएम की कार्रवाई पर भड़के किसान, आंदोलन के बाद मिली अनुमति

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोला खीरी। गन्ना पेराई सीजन के बीच प्रशासन द्वारा कोल्हुओं पर की गई अचानक कार्रवाई ने पूरे गोला क्षेत्र में विवाद खड़ा कर दिया। गुरुवार को एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी ने करीब पाँच गन्ना कोल्हुओं को ''अनियमित संचालन'' के कथित आरोप में सील कर दिया था।

इस कदम की खबर फैलते ही क्षेत्र के किसानों में नाराज़गी की लहर दौड़ गई, क्योंकि स्थानीय स्तर पर गन्ना पेराई का बड़ा हिस्सा इन्हीं कोल्हुओं के माध्यम से होता है और यही किसानों की तात्कालिक आय का प्रमुख साधन माना जाता है।शुक्रवार सुबह जलालपुर गांव में सैकड़ों की संख्या में किसान एकत्रित हुए। ग्रामीणों के अनुसार, कई गांवों से किसान पैदल, बाइक और ट्रैक्टरों से पहुंचकर विरोध दर्ज कराने आए। नेतृत्व भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के जिलाध्यक्ष कुलवंत सिंह जोशन ने संभाला। उन्होंने प्रशासन पर आरोप लगाया कि बिना पूर्व सूचना और बिना किसानों को सुने कार्रवाई करना तानाशाही रवैया है और इससे छोटे किसानों की मुश्किलें बढ़ती हैं, जबकि बड़े व्यापारिक गन्ना कारोबारियों पर कोई लगाम नहीं लगाई जाती।गांव में प्रशासनिक अधिकारियों और किसान नेताओं के बीच घंटे भर चली बातचीत के दौरान माहौल कई बार तनावपूर्ण भी हुआ, किन्तु अंततः सहमति बनी और गन्ना कोल्हू चलाने की अनुमति प्रदान कर दी गई। निर्णय की जानकारी मिलते ही मौके पर मौजूद किसानों ने नारेबाज़ी कर स्वागत किया और तत्काल कोल्हुओं पर काम दोबारा शुरू हो गया। किसानों ने इसे ''जनदबाव की जीत'' बताया।मौके पर क्षेत्रीय लेखपाल सहित सुरक्षा व्यवस्था भी तैनात रही। ग्रामीणों का कहना है कि सीजन के शुरुआती दिनों में पेराई रोक दिए जाने से गन्ने की कटाई प्रभावित होती, खेतों में खड़ी फसल सूखने और देरी से पेराई होने पर आर्थिक नुकसान होता। किसानों ने साफ कहा कि यदि भविष्य में इसी तरह का कदम बिना संवाद और कारण के उठाया गया तो आंदोलन ज़िला स्तर पर विस्तारित होगा।घटना के बाद क्षेत्र में राजनीतिक हलचल भी तेज हो गई है। कई स्थानीय नेता और संगठन इस घटना को किसानों की उपेक्षा का उदाहरण बताते हुए मुद्दा उठाने की तैयारी में हैं। वहीं प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है, लेकिन स्थानीय स्तर पर अधिकारियों का कहना है कि कार्रवाई नियमों के तहत की गई थी और अनुमति तात्कालिक समाधान के रूप में दी गई है।किसानों का कहना है कि गन्ना सीजन में कोल्हुओं पर प्रतिबंध या छेड़छाड़ करना उनकी अर्थव्यवस्था पर सीधा हमला है, क्योंकि चीनी मिलों तक पहुंच न रखने वाले अधिकांश छोटे और सीमांत किसान वर्ष भर इन्हीं कोल्हुओं पर निर्भर रहते हैं। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि प्रशासनिक कार्रवाई वास्तविक समस्याओं की तरफ़ ध्यान देने की बजाय छोटे किसानों पर बोझ डालती है।

# डीएम की अध्यक्षता में शासी निकाय की बैठक सम्पन्न

**डीएम ने जननी सुरक्षा योजना को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए तथा एफआरयू,तथा एचएमआईएस पोर्टल पर एएनसी जांच, प्रसव तथा टीकाकरण, आरसीएच फीडिंग, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन आदि पर दिये निर्देश**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्भल, बहजोई। कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत जिला स्वास्थ्य समिति ( शासी निकाय) की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के अन्तर्गत पूर्व जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक के बिन्दुओं पर क्या अनुपालन हुआ उस पर चर्चा की गयी।

जननी सुरक्षा योजना को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए तथा एफआरयू,तथा एचएमआईएस पोर्टल पर एएनसी जांच, प्रसव तथा टीकाकरण, आरसीएच फीडिंग, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु संविदा कर्मचारियों के वार्षिक वेतन वृद्धि, लॉयल्टी बोनस आदि, सीएचओ द्वारा स्थानांतरण के आवेदन, सीएचओ द्वारा ई संजीवनी ओपीडी स्थिति विकास खण्ड वार पर चर्चा की गयी। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी सीएचओ का प्रतिदिन औसत 10 से कम आता है तो नो वर्क नो पे के आधार पर आवश्यक कार्यवाही की जाए। आभा आईडी को लेकर भी चर्चा की गयी जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि आभा आईडी की प्रगति बढाने के लिए एक अभियान चलाया जाए तथा प्रत्येक आशा का प्रतिदिन का लक्ष्य निर्धारित किया जाए। ई कवच पर आभा आईडी तथा ई कवच पर सैम बच्चों को लेकर भी चर्चा की गयी। मातृ मृत्यु दर, जन्म पंजीकरण को लेकर भी चर्चा की गयी। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि सबसे कम जन्म पंजीकरण करने वाले कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं उससे ऊपर वाले संबंधित कार्मिकों को स्पष्टीकरण जारी किया जाए। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एचबीएनसी को लेकर भी चर्चा की गयी तथा रिपोर्टिंग के गैप को खत्म करने तथा जिम्मेदार आशाओं पर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एनक्यूएएस के अन्तर्गत आने वाले आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में निर्माण कार्यों एवं अन्य मानकों को लेकर खण्ड विकास अधिकारियों के साथ चर्चा की एवं समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को इसको प्राथमिकता पर रखने के निर्देश दिए। वीएचएसएनडी सत्र, आशा कलस्टर मीटिंग, वैक्सीन अपडेशन, जीरो वैक्सीनेशन पर भी चर्चा की गयी। जिलाधिकारी ने कहा कि झोलाछाप के यहाँ औषधि कहाँ से सप्लाई होती है उसको औषधि निरीक्षक विशेष रूप जांच करें तथा संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि आगामी जिला स्वास्थ्य समिति की बैठकों में औषधि निरीक्षक भी सम्मिलित रहें।आयुर्वेद एवं होम्योपैथी को लेकर भी चर्चा की गयी तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ तरुण पाठक, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ राजेन्द्र सिंह सैनी, एवं समस्त एमओआईसी एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सदस्य राज्य महिला आयोग अवनी सिंह की अध्यक्षता में जागरूकता चौपाल का आयोजन

**अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा के द्वारा जन चौपाल के अंतर्गत जागरूक किया**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहजोई, संभल। तहसील सभागार सम्भल में सदस्य राज्य महिला आयोग अवनी सिंह की अध्यक्षता में जागरूकता चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें माननीय सदस्य ने जन चौपाल के विषय में लोगों को जागरूक किया उन्होंने कहा कि चौपाल के माध्यम से जनमानस अपनी समस्याओं को सामने रख सकते हैं और उन समस्याओं का संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों के द्वारा निस्तारण किया जाएगा।

अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा के द्वारा जन चौपाल के अंतर्गत जागरूक किया गया उन्होंने कहा कि घरेलू हिंसा की शिकायतों के लिए सरकार के द्वारा महिला शक्ति केंद्र संचालित हैं उन्होंने कहा कि महिलाएं निसंकोच अपनी समस्या को वहां रख सकती हैं उनको संज्ञान में लेते हुए प्राथमिकता के आधार पर उनका निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के साथ-साथ बेटियों को आत्मनिर्भर भी बनाना चाहिए जिससे महिलाएं अपना सम्मान समाज में प्राप्त कर सकें। उन्होंने लोगों को जागरुक करते हुए कहा कि अवैध अस्पतालों पर इलाज ना कराए प्राथमिकता के आधार पर महिलाएं अवैध अस्पतालों में ना जाएं जिसको लेकर जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आशाओं एवं आंगनबाड़ियों के द्वारा महिलाओं को अवैध अस्पतालों में ना जाने के प्रति जागरूक किया जाए। सीडीपीओ रचना यादव ने जिलाधिकारी के निर्देशन में बालकों के कुपोषण को दूर करने के लिए किये जा रहे कार्यों और आईसीडीएस विभाग के द्वारा किए गए नवाचारों पर प्रकाश डाला गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी आईसीडीएस महेश कुमार ने आईसीडीएस विभाग के अंतर्गत सरकार के द्वारा चलाई जा रहीं विभिन्न योजनाओं के विषय में माननीय सदस्य को विस्तार पूर्वक जानकारी दी एवं उसकी प्रगति के बारे में भी बताया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से चंद्रपाल सिंह के द्वारा जिला विधिक सेवाओं के बारे में जन चौपाल में लोगों को जागरूक किया गया एवं महिलाओं के लिए विधिक सेवा किस प्रकार से सुगमता पूर्वक प्रदान की जा रही है उसको लेकर विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर मनीष अरोड़ा के द्वारा स्वास्थ्य विभाग के द्वारा चलाई जा रहीं विभिन्न योजनाओं के विषय में माननीय सदस्य को बताया गया और उन्होंने कहा कि विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के द्वारा महिलाओं को लाभ दिया जा रहा है और महिलाओं को जागरुक भी किया जा रहा है।

अपर पुलिस अधीक्षक के द्वारा महिलाओं के कार्यस्थल पर उत्पीड़न अधिनियम 2013 के संबंध में महिलाओं को उनके कार्य स्थल पर होने वाले किसी भी प्रकार के उत्पीड़न की शिकायत करने के लिए भी महिलाओं को जागरूक किया उन्होंने कहा महिलाएं किसी भी प्रकार का उत्पीड़न सहन न करें। माननीय सदस्य राज्य महिला आयोग श्रीमती अवनी सिंह ने जिलाधिकारी के प्रयासों से संभल की बदलती तस्वीर पर प्रसन्नता व्यक्त की और उन्होंने कहा कि संभल जिले में सरकार की योजनाओं पूर्ण रूप से धरातल पर क्रियानवित होती दिखाई दे रही हैं उन्होंने कहा कि वह गांव जो सरकार की योजनाओं से अच्छादित होने से वंचित हैं उन तक भी सरकार की योजनाएं पहुंचें। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा, जिला विधिक प्राधिकरण से चंद्रपाल सिंह, चिकित्सा अधीक्षक सम्भल डॉ मनीष अरोड़ा, जिला कार्यक्रम अधिकारी आईसीडीएस महेश कुमार, महिला थाना अध्यक्ष रेनू सिंह सहित समस्त संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# उद्योग बंधु की बैठक में हुआ उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण

**जिला उद्योग बंधु की बैठक में मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान आदि योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। अपर जिलाधिकारी न्यायिक कल्पना जायसवाल ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला उद्योग बंधु की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता पर सुनिश्चित करने के लिए कहा। वही इस अवसर पर जिला श्रम बंधु समिति की बैठक भी आयोजित की गई।

बुधवार को आयोजित जिला उद्योग बंधु की बैठक में मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान आदि योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई व आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।उपायुक्त उद्योग अशोक कुमार उपाध्याय ने निवेश मित्र पोर्टल ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस की प्रगति पर प्रकाश डालते हुए बताया कि निवेश मित्र पोर्टल पर समय अंतर्गत 46 प्रकरण तथा समय उपरांत 4 प्रकरण लंबित हैं, जिनके निस्तारण के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए गए। उन्होंने बताया कि बैठक के दौरान इन्वेस्टर समिट से लंबित पूर्व के पांच प्रकरणों के निस्तारण के संबंध में भी समीक्षा करते हुए संबंधित को दिशा निर्देश दिए गए।इस अवसर पर आयोजित जिला श्रम बंधु समिति की बैठक में सहायक श्रमायुक्त श्वेता गर्ग ने बताया कि जनपद बदायूं में वित्तीय वर्ष में 7473 श्रमिकों के पंजीयन कराए गए तथा प्रारंभ से अब तक कुल 223048 श्रमिकों के पंजीयन कराए गए हैं। उन्होंने बताया कि जनपद में श्रमिक पंजीयन एवं बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं के प्रचार प्रसार हेतु नियमित रूप से कैंपों का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर विभिन्न विभागीय अधिकारी, उद्यमी और व्यापारी बंधु मौजूद रहे।

# पक्षियों का शिकार करने वाले तीन शिकारी गिरफ्तार, थैले में मिले 16 मृत पक्षी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। मंडी समिति के सामने से पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान आरोपियों के पास एक थैले में 16 मृत पक्षी मिले। आरोप है कि तीनों ने इन पक्षियों का शिकार किया है। पक्षियों का शिकार करने के आरोप में तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 16 मृत पक्षी बरामद किए गए हैं। इन पक्षियों को मारने के बाद भोजन बनाने की तैयारी थी।

पशु प्रेमी की सूचना पर डायल 112 की टीम ने मौके पर पहुंचकर आरोपियों को दबोच लिया। बरामद मृत पक्षी आईवीआरआई बरेली भेजे गए हैं। वन दरोगा अशोक कुमार ने बताया कि पशु प्रेमी दीपेश दिवाकर ने सूचना दी थी। बताया था कि सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में मंडी समिति के सामने से पुलिस ने तीन शिकारियों को पकड़ा है। उनके पास एक थैले में मृत पक्षी मिले हैं। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और थैले से 16 मृत पक्षी अपने कब्जे में लिए। इनमें दो नीलकंठ, 10 कौवे या कोयल और चार बगुले शामिल थे। इन पक्षियों के पंख नोंच दिए गए थे और केवल मांस बचा था। आरोपियों के पास से मछली पकड़ने के कांटे और चूहे मारने की दो खटका मशीनें भी मिली हैं। वन दरोगा अशोक कुमार ने बताया कि पशु प्रेमी दीपेश दिवाकर ने सूचना दी थी।

बताया था कि सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में मंडी समिति के सामने से पुलिस ने तीन शिकारियों को पकड़ा है। उनके पास एक थैले में मृत पक्षी मिले हैं। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और थैले से 16 मृत पक्षी अपने कब्जे में लिए। इनमें दो नीलकंठ, 10 कौवे या कोयल और चार बगुले शामिल थे। इन पक्षियों के पंख नोंच दिए गए थे और केवल मांस बचा था। आरोपियों के पास से मछली पकड़ने के कांटे और चूहे मारने की दो खटका मशीनें भी मिली हैं। गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर और हापुड़ के रहने वाले हैं आरोपी पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने अपना नाम पता गाजियाबाद के थाना दानशाही के गांव बझेड़ा निवासी विकास, गौतमबुद्धनगर जिले के गांव छलौन निवासी विक्रम, हापुड़ जिले के गांव हैदरनगर नागौल निवासी अम्मू बताया है। आरोपियों ने बताया कि उनके साथ एक महिला शिकारी थी जो कुछ देर पहले ही चली गई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम और पशु क्रूरता अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है। महिला शिकारी की तलाश पुलिस कर रही है। पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

## सड़कों पर बिना रिफ्लेक्टर दौड़ रहे वाहन

बदायूं। कोहरा पड़ने के साथ ही जिले भर में सड़कों और हाईवे पर हादसों का खतरा बढ़ गया है। बड़ी संख्या में ऐसे वाहन देखे जा सकते हैं, जिन पर रिफ्लेक्टर ही नहीं लगे हैं। इसी तरह खतरनाक मोड़ों पर भी अनदेखी की जा रही है। सोमवार की रात व मंगलवार दिन में की गई पड़ताल में व्यवस्था देखी तो कई जगहों पर खामियां नजर आईं। नवादा चौराहे से मुरादाबाद-फर्रुखाबाद हाईवे व बरेली की तरफ बड़े वाहनों का रात में आवागमन होता है, लेकिन यहां पर ज्यादातर वाहन बिना रिफ्लेक्टर के ही दौड़ते हुए नजर आए। मंगलवार शाम सात बजे देखी गई स्थिति में अव्यवस्था दिखी। यह तब है जब यहां पर पुलिस चौकी है। कई बार इन मार्गों पर बड़े हादसे भी हो चुके हैं।

## रानी लक्ष्मीबाई की निकाली गई शोभा यात्रा

शिकारपुर, बुलंदशहर। कवयित्री सुभद्रा कुमारी चौहान की प्रसिद्ध कविता की पंक्ति ऽ बुंदेले हरबोलों के मुंह हमने सुनी कहानी थी, खूब लड़ी मर्दानी वह तो झांसी वाली रानी थी, की जयंती पर लक्ष्मीबाई की शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान पूरा माहौल देशभक्तिमय हो गया। बुधवार को गांव सरावा में यश पब्लिक स्कूल के छात्रों द्वारा निकाली गई लक्ष्मीबाई की शोभायात्रा पर जगह जगह पुष्प बरसा कर स्वागत किया गया। शोभायात्रा शिव मंदिर, तांगा स्टैंड, बड़ा मोहल्ला होते हुए स्कूल पर पहुंच कर संपन्न हुई। इस दौरान प्रबंधक सुभाष सिंह और प्रधानाचार्य सर्वेंद्र सिंह ने लक्ष्मीबाई के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उसे नारी शक्ति के लिए अनुकरणीय बताया। उन्होंने कहा कि रानी लक्ष्मीबाई देश के लिए नारी सशक्तीकरण की प्रतिमूर्ति थीं। लक्ष्मीबाई का किरदार निभा रही शिवानी शर्मा ने कहा कि इनके जीवन से सबको प्रेरणा लेनी चाहिए। वह प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की महान सेनापति थीं।

## नगर पालिका में 10 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए एंटी करप्शन ने ड्राफ्टमैन को किया गिरफ्तार

बदायूँ। सहसवान नगर पालिका में ड्राफ्टमैन के पद पर तैनात अंसार हुसैन को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए एंटी करप्शन की टीम ने रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। उसने सभासद से नक्शा पास कराने के नाम पर रिश्वत ली थी। सहसवान में एंटी करप्शन (भ्रष्टाचार निवारण) की टीम ने बुधवार को नगर पालिका के ड्राफ्टमैन अंसार हुसैन को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। उसने सभासद सिब्तेन से नक्शा पास कराने के एवज में 10 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी। सिविल लाइंस थाने में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। टीम उससे पूछताछ कर रही है। बृहस्पतिवार को उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा। सभासद सिब्तेन ने बताया कि उसे मकान का नक्शा पास कराना था। इसके लिए वह नगर पालिका के ड्राफ्टमैन अंसार हुसैन से मिला। आरोप है कि ड्राफ्टमैन ने उनसे 10 हजार रुपये की मांग कर दी। कहा कि रुपये नहीं दोगे तो नक्शा पास नहीं होगा। उन्होंने इसकी शिकायत एंटी करप्शन बरेली की टीम से की। टी करप्शन टीम ने रंगेहाथ पकड़ा भ्रष्टाचार निवारण टीम के सीओ यशपाल सिंह के निर्देश पर ट्रैप टीम प्रभारी प्रवीण सान्याल अपने साथियों के साथ बुधवार को सहसवान नगर पालिका पहुंचे। सभासद पालिका परिसर में पहले से ही मौजूद थे। तय सौदे के तहत उन्होंने दस हजार रुपये ड्राफ्टमैन को दिए। इसी बीच टीम ने उसे रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। पकड़कर भ्रष्टाचार निवारण की टीम उसे सिविल लाइंस थाने ले गई। ट्रैप टीम प्रभारी प्रवीण सान्याल की तहरीर पर पुलिस ने सहसवान के पठान टोला निवासी ड्राफ्टमैन अंसार हुसैन के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## क्षेत्राधिकारियों द्वारा कुछ महत्वपूर्ण स्थान के निरीक्षण

बदायूँ। क्षेत्राधिकारी सहसवान, क्षेत्राधिकारी दातागंज एवं क्षेत्राधिकारी उझानी द्वारा थाना हजरतपुर, थाना मुजरिया, थाना उसहैत एवं थाना कादरचौक का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया।वरिष्ठ पुलिस अक्षीक्षक बदायूँ, डा0 बृजेश कुमार सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बदायूँ, डा0 हृदेश कठेरिया के नेतृत्व में अपर पुलिस अधीक्षक नगर बदायूँ,श्री विजेयेन्द्र द्विवेदी के पर्यवेक्षण में बुधवार को क्षेत्राधिकारी दातागंज, कृष्ण कुमार तिवारी द्वारा थाना हजरतपुर, क्षेत्राधिकारी सहसवान, कर्मवीर सिंह द्वारा थाना मुजरिया, क्षेत्राधिकारी उझानी, डॉ देवेन्द्र कुमार द्वारा थाना उसहैत व थाना कादरचौक का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी द्वारा थाना का मालखाना, हवालात, मैस, कार्यालय, महिला हेल्प, साईबर हेल्प डेस्क, सीसीटीएनएस कार्यालय व थाना के अभिलेखो को चैक कर उनके रखरखाव एवं अद्यतन रखने हेतु निर्देशित किया गया तथा आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु आदेशित किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी द्वारा सभी अधिकारी व कर्म0गण को क्षेत्र में गस्त करने व विगत 10 वर्षो के अपराधो में संलिप्त रहे अभियुक्तो के सत्यापन करने एवं अपराध में सक्रिय पाये जाने पर उनके विरूद्ध कार्यवाही करने तथा संदिग्ध वाहन/व्यक्तियों की चैकिंग करने तथा जनता से मधुर व्यवहार करने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान सम्बन्धित थाना प्रभारी एंव अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## जनपद के 434275 कृषकों को मिली पी0एम0 किसान सम्मान निधि की सौगात

बदायूं। मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा बुधवार को कोयम्बटूर (तमिलनाडु) से पी0एम0 किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त जारी की गई। जनपद के विकास भवन सभागार में कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया गया। जनपद के 4,34,275 कृषकों के खातों में 2000 रुपए की सौगात दी। इसी प्रकार जनपद के समस्त न्याय पंचायत स्तरों पर कृषि विभाग के कर्मचारियों द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का सीधा प्रसारण दिखाया गया।कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं एवं कृषकों की कृषि सम्बन्धी समस्याओं का निराकरण किया गया। इस अवसर पर प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी अखिलेश कुमार चौबे, उप कृषि निदेशक मनोज कुमार, जिला कृषि अधिकारी मनोज रावत, जिला परियोजना समन्वयक यू0पी0 डॉस्प विवेक कुमार गौरव, मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य अमित कुमार शुक्ला, तथा दूरदराज से आये कृषक बन्धु उपस्थित रहे।

## पंचायत चुनाव : 6 फरवरी को निर्वाचक नामावलियों का जनसामान्य के लिए होगा अन्तिम प्रकाशन

रायबरेली। जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) रायबरेली हर्षिता माथुर ने बताया है कि राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तर प्रदेश द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर आयोग ने नए निर्देश जारी किए हैं। आयोग ने अनन्तिम सूची के साथ ही मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन की तिथि में परिवर्तन कर दिया है। पांच दिसम्बर को जारी होने वाली अनन्तिम मतदाता सूची अब 23 दिसम्बर को जारी होगी। वहीं 15 जनवरी को प्रकाशित होने वाली अंतिम मतदाता सूची अब 06 फरवरी को जारी होगी। इसके साथी अन्य की तिथियां आगे बढ़ा दी हैं। तिथियां में भी परिवर्तन करते हुए सभी राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से जारी नई तिथियां के अनुसार 10 दिसम्बर तक ड्राफ्ट नामावलियां तैयार कराया जाएगा। 11 से 22 दिसम्बर के मध्य मतदान केन्द्रों, मतदाता क्रमांकों, स्थलों, वाडों की मैपिंग समेत अन्य कार्य किए जाएंगे। 23 दिसम्बर को अनन्तिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। 24 से 30 दिसम्बर तक आलेख्य के रूप में प्रकाशित अनन्तिम मतदाता सूची का निरीक्षण व दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जायेगी।

# पुजारी की हत्या में पुलिस ने बढ़ाया दायरा, करीबियों पर शक

**सीसीटीवी फुटेज में भी तीन बदमाश एक बाइक से जाते हुए दिख रहे है। लेकिन, हेलमेट लगाने व मुंह ढके होने के चलते उनको पहचाना नहीं जा सका है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। पुजारी की हत्या किसी दुश्मनी में नहीं की गई है। उनकी हत्या में करीबियों का ही हाथ है। इस गुत्थी को सुलझाने के लिए पुलिस की चारों टीमें लगी हुईं हैं। पुलिस कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ भी कर रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

वहीं सीसीटीवी फुटेज में भी तीन बदमाश एक बाइक से जाते हुए दिख रहे है। लेकिन, हेलमेट लगाने व मुंह ढके होने के चलते उनको पहचाना नहीं जा सका है। वहीं पुजारी के मोबाइल फोन को भी बदमाश उठा ले गए थे। अब पुलिस मोबाइल फोन कॉल डिटेल खंगालने के लिए सर्विलांस व तकनीकी संसाधनों का प्रयोग कर रही है। सांई मंदिर के पुजारी मनोज शंखधार की हत्या के बाद से लोगों में चर्चा है कि आखिर उनकी हत्या क्यों की गई। मोहल्ले के लोगों की मानें तो उनका व्यवहार बहुत अच्छा था। वह सरल स्वभाव के धनी थे। 10 साल में कभी किसी से मनमुटाव तक नहीं हुआ। मंदिर पर सैकडों श्रद्धालु पूजा अर्चना करने मंदिर पर आते रहे। सभी से प्रेम से बात करना उनकी आदत में शुमार था। इसके बाद भी उनकी गला दबाकर हत्या की गई जो लोगों में चर्चा का विषय बनी हुई है। हत्या की गुत्थी सुलझाने को पुलिस की टीमें हर पहलू पर गहनता से जांच कर रही है। हत्यारोपियों ने बहुत ही शातिराना अंदाज में घटना को अंजाम दिया है। करीबियों पर ही शक है। हेलमेट न लगाए होते तो अब तक पुलिस उनके चेहरे बेनकाब कर देती लेकिन हेलमेट लगे होने से खुलासे में देर हो रही है। जिसने भी घटना को अंजाम दिया वह जल्द ही पुलिस की गिरफ्त होंगे। घटना का सही खुलासा किया जाएगा।- डॉ.बृजेश कुमार सिंह, एसएसपी

# सांस्कृतिक धरोहरों को सजोने का कार्य कर रही सरकार : केन्द्रीय राज्यमंत्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने दहगवां में माधव किसान मेला नुमाइश व दंगल का उद्घाटन किया। केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा व तरक्की कर रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की डबल इंजन की सरकार नित नए आयाम स्थापित कर रही है और आगे भी करती रहेगी।

उन्होंने कहा कि सरकार ने सांस्कृतिक धरोहरों को सजोने का कार्य किया है जिस पर हम सबको गर्व है।बुधवार को दहगवां में मेले के उद्घाटन के उपरांत केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री जी का मानना है कि सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास व सबका विश्वास, इसी पर सरकार कार्य करती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना आदि विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंच रहा है।उन्होंने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री जी ने 80 करोड लोगों के लिए निशुल्क राशन देने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून का राज स्थापित है और यहां पर असामाजिक तत्वों की कोई जगह नहीं है। इस अवसर पर सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, बिल्सी विधायक हरीश शाक्य, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष जेके सक्सेना सहित अन्य जनप्रतिनिधि, जिलाधिकारी अवनीश राय व अन्य अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# किसान दिवस में कृषकों की समस्याओं का हुआ समाधान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में बुधवार को विकास भवन सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें-बैक, कृषि, ऊर्जा, सिंचाई, मत्स्य, नलकूप, गन्ना एवं उद्यान विभाग आदि से जुड़े हुए समस्त अधिकारी उपस्थित रहें।

किसान दिवस प्रारम्भ करते हुए उप कृषि निदेशक ने समस्त कृषक एवं अधिकारियों का स्वागत किया।उसके उपरान्त कृषि विभाग द्वारा कृषकों के हित में संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी एवं बीज पर अनुदान के सम्बन्ध में कृषकों को अवगत कराया साथ ही फार्मर रजिस्ट्री के बारे में बताया किसान अपनी-अपनी फार्मर रजिस्ट्री अपने नजदीकी जनसेवा केन्द्र से करा सकते है, जो कृषक फार्मर रजिस्ट्री नहीं करायेगें उन्हें 01 अप्रैल 2026 पी0एम0 किसान सम्मान निधि योजना एवं अन्य योजनाओं का लाभ नही मिलेगा, साथ ही यन्त्रीकरण योजना के सम्बन्ध में कृषको को अवगत कराया गया कि जिन किसानों का यन्त्र हेतु बुकिंग हुई है उन किसान भाई की ई0-लाटरी की प्रक्रिया जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में 21 नवम्बर 2025 को होगीं।उन्होंने बताया कि चयन प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरान्त किसान यन्त्र खरीद सकते है जो किसान पात्रता की श्रेणी में आयेगें उन्हें विभाग द्वारा अनुदान नियमानुसार दिया जायेगा। श्री चिंरजीव सिंह राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के जिला महामंत्री निवासी गुलड़िया द्वारा गन्ना के भुगतान की जानकारी चाही जिस सम्बन्ध में सचिव/समिति निरीक्षक गन्ना द्वारा अवगत कराया गया कि गन्ना का शेष भुगतान जल्द-जल्द हो जायेगा। जिला कृषि अधिकारी द्वारा फसलों में संतुलित उर्वरकों की मात्रा प्रयोग करने की सलाह दी गई, प्रतिनिधि जिला अग्रणी प्रबन्धक पी0एन0बी0 द्वारा के0सी0सी0 के बारे में किसानों को जानकारी दी। प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी द्वारा किसान दिवस में उपस्थित समस्त अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु आदेशित किया।

# लेखपाल व पुलिस टीम में मारपीट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। पुलिस ने खनन कर मिट्टी ला रहे दो ट्रैक्टर-ट्रॉली मंगलवार को पकड़ ली। इसी दौरान एक लेखपाल वहां आए और कहा कि अनुमति के बाद वह अपने प्लाट में मिट्टी डलवा रहे हैं। इसी बात पर पुलिस व लेखपाल में मारपीट हो गई।

पुलिस का आरोप है कि लेखपाल नशे में थे। वहीं लेखपाल का आरोप है कि पुलिस उनको पकड़कर चौकी ले गई। जहां पुलिस ने उनके साथ मारपीट की। लेखपाल को अस्पताल में ले जाकर मेडिकल कराया गया। पुलिस का कहना है कि लेखपाल शराब के नशे में थे, जिसकी पुष्टि रिपोर्ट में हुई है।कुंवरगांव में तैनात एक लेखपाल का आरोप है कि मंगलवार को पड़ौवा गांव में बीएलओ का काम निपटाकर लौट रहे थे। रास्ते में मंडी समिति के पास उनके खेत में मिट्टी का भराव हो रहा था। उन्होंने बताया कि दो सिपाहियों ने मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोका। उन्होंने बताया कि खनन अधिकारी से इसकी अनुमति ले रखी है। इसी बात पर सिपाहियों से उनकी बहस हो गई। आरोप है कि सिपाही उन्हें मंडी समिति पुलिस चौकी ले गए और वहां मारपीट की। बाद में उन्हें सिविल लाइंस थाने लाया गया, जहां भी उनके साथ मारपीट की गई। छोड़ने के नाम पर 50 हजार रुपये मांगने का भी आरोप लगाया है।वहीं पुलिस का आरोप है कि लेखपाल शराब के नशे में थे। मिट्टी भरी ट्रैक्टर-ट्राली रोकने के बाद उन्होंने सिपाही के साथ मारपीट की। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और उनको चौकी ले आए। नशे में वह गाली-गलौज कर रहे थे। जिसपर उनका जिला अस्पताल में मेडिकल कराया गया। रिपोर्ट में एल्कोहॉल की पुष्टि हुई है।जानकारी मिलने बाद लेखपाल संघ के अध्यक्ष भोजराज यादव और उपमंत्री रूपेंद्र शाक्य सहित कई पदाधिकारी अस्पताल पहुंचे। उन्होंने लेखपाल के आरोपों का समर्थन किया और कहा कि इस तरह का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो बुधवार से जिलेभर के लेखपाल काम बंद करके आंदोलन करेंगे। सिविल लाइंस इंस्पेक्टर नीरज मलिक ने बताया कि लेखपाल शराब के नशे में थे और उन्हें मेडिकल जांच के लिए भेजा गया है, ताकि आगे की आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

## पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती पर कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम

बदायूं। जनपद बदायूं के नेकपुर स्थित कांग्रेस कार्यालय पर आज भारत की पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की जयंती श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख लोगों में आलोक कुमार सिंह, अनिल यादव, राजकुमार कश्यप, फौजी सत्यपाल सिंह, सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष नवनीत यादव, रिटायर्ड कानूनगो सुरेंद्र सिंह, सत्यभान यादव, मंगू सिंह यादव एवं माताजी इंदिरा यादव शामिल रहीं। जयंती समारोह में वक्ताओं ने इंदिरा गांधी के देश निर्माण, नेतृत्व क्षमता और सशक्त भारत के लिए किए गए कार्यों को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

# थानेदारों के कारखास एकदम खासम खास- इसके बिना किसी की मजाल नहीं

## कारखास को मिली है खास, विशेष व्यक्ति मुख्य व्यक्ति, महत्वपूर्ण व्यक्ति और करिन्दा की उपाधि

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




गोण्डा । पुलिस अधीक्षक विनीत जयसवाल ने जब से जनपद गोण्डा की बागडोर संभाली तो ऐसा लगा कि अब पुलिस विभाग में अब बहुत कुछ सुधर जाएगा।लेकिन कुछ दिन तक विभा ग में उनकी 'खौफ' या 'हनक' कायम भी रही।लेकिन समयान्तराल के बाद ही ''ढाक के तीन पात'' वाली कहावत चरितार्थ हो गई।एक समय था कि जनपद में थानाध्यक्ष या थाना प्रभारी के 'कारखास' बनाने से घबराते थे अब थानाध्यक्ष कारखासों की नियुक्ति कर अपनी जेब गरम क रने में मशगूल हैं।उल्लेखनीय है कि पुलिस वि भाग का बहु प्रचलित शब्द 'कारखास' है 'कार खास' को खास व्यक्ति,विशेष व्यक्ति,मुख्य व्य क्ति,महत्वपूर्ण व्यक्ति अर्थात 'करिंदे' की उपाधि से भी जाना जाता है।सिपाही या आरक्षी थाना प्रभारी का विश्वासपात्र या करीबी होता है।उसे थाने में 'विशेष' या 'विशिष्ट' की श्रेणी में रखा जाता है।क्योंकि उसका कार्य थाने के अंदर व बाहर दोनों तरफ अपना नियंत्रण रखना होता है।वह किसी प्रकार के विवाद पर तत्काल 'मैनेज' करने का काम भी करता है।विभागीय सूत्र बताते हैं कि 'कारखास' का जनप्रतिनि धियों से लेकर अपराधियों तक 'विशेष जुड़ाव' होता है।अर्थात बाहर या भीतर दोनों प्रकार के सुविधा शुल्क संबंधी नियंत्रण भी उसके हाथ में रहते हैं। यहां तक की थानाध्यक्ष के व्यक्तिगत कार्यों का लेखा-जोखा भी रखता है।वह व्यक्ति अक्सर बि ना वर्दी के रहता है।यदि विभागीय अधिकारी आते हैं तो उसे वर्दी में देखकर स्था नीय लोग 'कानाफूसी' भी करते हैं। सुविधा शुल्क' या 'काले कारनामे' में भी उसे महारथ हासिल होती है।थाने में यदि 'कारखास' नहीं रहता है तो काम नहीं चल पाता है।दिलचस्प पहलू यह है कि अन्य सि पाही या आरक्षी उस का विरोध भी नहीं कर पाते हैं क्योंकि थानाध्य क्ष से उसका विशेष लगाव होता है जुआ,सट्टा,न शा विक्रेता,खनन माफिया व अन्य अवैध कारो बारी से उस की गहरी साठ-गांठ होती है।यहां तक की साहब के उठने बैठने तक की पूरी निग रानी 'कारखास' में सन्निहित है।य ही कारण है कि 'कारखास' की नई नियुक्ति को लेकर जन पद गोण्डा इन दिनों सुर्खियों में है।यह कहना अतिश्योक्ति नही है कि 'कारखास' की नई नियुक्ति से जनपद में खरगूपुर थाना चर्चा का विषय बन गया है।

# समाज सेवी सुशील मिश्रा ने अपने जन्मदिन पर गरीबों को कराया भोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोंड़ा । जिले के ऊंचे झंझरी गांव निवासी समाज सेवी व अमेरिकी बिजनेसमैन सुशील मिश्रा ने सात समुंदर पार रहकर अपने जन्मदिन को खास अंदाज में मनाया।रंगुलाल कैरियर ट्रैकिंग इंक कंपनी के एमडी सुशील मिश्रा ने अमेरिका में रहकर अपने जन्म दिवस पर गोंडा रसोई में झुग्गी-झोपड़ी व फुटपाथ पर रहने वाले जरूर तमंद लोगों के लिए गोंडा रसोई में भोजन की व्यवस्था करवाई है।सुशील मिश्रा ने खासतौर पर फुटपाथ पर रहने वाले झुग्गी झोपड़िया में रहने वाले रिक्शा चालक व गरीबों के लिए अप ने जन्मदिन पर गोंडा रसोई मे सहयोग राशि प्रदान करके भव्य कार्यक्रम का आयोजन करा या है जिसमे हजारो से ज्यादा लोगों ने कड़ी,चा वल,मटर पनीर की सब्जी,पूड़ी, व रसगुल्ला का भोजन खाया।जन्मदिन जैसे अवसरों पर बहुत अच्छी सोच है ऐसे सभी लोगों को सोचना चा हिए कि फालतू के खर्चे से अच्छा है गरीब भू खो का पेट भर जाए और इससे बढ़कर पुनीत कार्य दूसरा नही है।इससे समाज मे एक अच्छी पहल होती है और लोग जागरुक होते हैं,समाज से भी सुशील मिश्रा ने अगर आपको जन्मदिन, सालगिरह इत्यादि जैसे अवसरों पर हजारों गरी बों,भूखे जरूरतमंदो को भोजन खिलाने का मौ का मिल जाए तो उससे अच्छा निक्करउससे अच्छा नेक कार्य कोई नहीं होता है गोंडा रसोई में ऐसे आयोजन की पूरी व्यवस्था कर दी जा र ही है।सेवा से आत्मविश्वास और सम्मान की अ नुभूति और गरीबों जरूरतमंदों की मदद करना उनके लिए आत्मविश्वास और सम्मान का स्त्रोत है।उन्होंने कहा कि जब जरूरतमंद लोगों ने खा ना कर खुशी जाहिर की,तो उनका मन भी प्रफु ल्लित हो गया।गोंडा रसोई में उपस्थित लोगों ने उनके इस प्रयास की सराहना की और कहा कि समाज सेवी सुशील मिश्रा लगातार समाजसेवा के कार्यों में सक्रिय रहते हैं,जिससे गरीबों और दीन-दुखियों को राहत मिलती है।मौके पर मौ जूद गोंडा रसोई के संस्थापक पीयूष पाण्डेय, अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन के जिलाध्यक्ष शिवम मिश्रा,डॉ.नीरज मिश्रा,डॉ. अरुण मिश्रा आदि लोग कार्यक्रम में शामिल रहे।

# आईजी सख्त: डग्गामार वाहनों पर लगाम न लगने पर पूरी गुरु नानक चौकी लाइन हाजिर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोंडा । आईजी देवीपाटन रेंज अमित पाठक के नेतृत्व में गुरु नानक पुलिस चौकी क्षेत्र में डग्गा मार वाहनों के विरुद्ध व्यापक कार्यवाही कराई गई थी। इस दौरान डग्गामार कार,बस चालकों द्वारा शहर के मुख्य चौराहों पर वाहन खड़ा कर अवैध टैक्सी स्टैण्ड बना कर सवारियाँ बिठायी जा रहीं थीं जिसकी वजह से शहर के चौराहों पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही थी जिससे आमजनमानस को असुविधा होने के साथ-सा थ उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम को भी राजस्व की हानि हो रही थी। इन समस्याओं के दृष्टिगत आज सुबह की गई कार्यवाही में दो प्राइवेट बसें तथा आठ छोटे वाहनों के विरुद्द वैधानिक कार्यवाही करते हुए सभी को सीज किया गया था।तत्क्रम में पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र अमित पाठक ने गुरुनानक पुलिस चौकी पर नियुक्त पुलिसकर्मियों की ला परवाही परिलक्षित होने पर पांच पुलिसकर्मियों में गुरु नानक चौकी प्रभारी विकास गुप्ता आर क्षी समरपाल वर्मा, विपिन कुमार गौतम आदि त्य कुमार एवं मदन कुमार को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर किये जाने के निर्देश दिए गए।

# सर्दी में निरोगी रहने को योग जरूरी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोंडा । आम जनमानस के उच्च स्वास्थ हेतु और सर्दियों से होने वाली बीमारियों से बचाव के लिए श्याम मंदिर में योग ध्यान शिविर का आयोजन किया गया,जिसमें योगाचार्य सुधांशु द्विवेदी द्वारा मंदिर परिसर में आयोजित शिविर में उपस्थित समस्त योग साधकों को अपने तन और मन को स्वस्थ रखने के लिए योगाभ्यास कराया गया एवं संबंधित योगासनों एवं प्राणा याम के विषय में जानकारी भी दी गयी। इसी क्रम में योगाचार्य सुधांशु द्विवेदी ने बताया सर्दियों से बचने के लिए नियमित रूप से योगासन और प्राणायाम करना बहुत फायदेमंद है।सूर्य नमस्कार शरीर में गर्मी पैदा करता है और प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाता है, जबकि कपालभाति, अनुलोम-विलोम और भस्त्रिका जैसे प्राणायाम फ़ेफड़ों को मजबूत करने और रक्त संचार बेहतर बनाने में मदद करते हैं। इन अभ्यासों से सर्दी-जुकाम और शरीर की अकड़न से बचाव होता है। शिविर में योगाचार्य ने कहा कि योग अपनी सांस पर ध्यान देते हुए विभिन्न मुद्राओं में रहने की कला है।प्रत्येक योगासन का हमारे श्वसन तंत्र पर विशेष प्रभाव पड़ता है इसके चलते हमारा हृदय भी प्रभावित होता है।शिविर में अमित गर्ग, सचिन,राजेश अग्रवाल, मुकेश ,ऋषभ, मीनू, बेनू, रचना, रूचि, मेघा, साधना, शीला अग्रवाल आदि मौजूद रहीं।

## भैरोपुर निवासी अमरनाथ ज्वेलर्स पर बैंक बकाया में कार्रवाई, प्रतिष्ठान कुर्क कर किया गया सील



गोरखपुर। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व के निर्देश पर मंगलवार को बैंक बकाया वसूली अभियान के तहत शहर के प्रतिष्ठित आभूषण प्रतिष्ठान अमरनाथ ज्वेलर्स (प्रो0 विजय वर्मा, निवासी भैरोपुर) पर बड़ी कार्रवाई की गई। उप जिलाधिकारी सदर के कुशल नेतृत्व और नायब तहसीलदार नगर देवेंद्र यादव की अगुवाई में राजस्व टीम ने प्रतिष्ठान को कुर्क कर सील कर दिया।
जानकारी के अनुसार प्रोपराइटर विजय वर्मा द्वारा बैंक से ऋण लिया गया था, जिसकी कुल ?8,20,806 की बकाया राशि लंबे समय से लंबित चल रही थी। क्षेत्रीय अमीन लक्ष्मीकांत त्रिपाठी द्वारा कई महीनों से लगातार नोटिस व तगादा किए जाने के बावजूद भुगतान नहीं किया गया। भुगतान न होने और रवैये में सुधार न दिखने पर राजस्व टीम ने मौके पर पहुंचकर दुकान को कुर्क करते हुए सील कर दिया। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने जिले में राजस्व वसूली को गति देने हेतु विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में उप जिलाधिकारी सदर ने सभी राजस्व बकायेदारों को स्पष्ट चेतावनी दी है कि वे अपना बकाया शीघ्र जमा करें, अन्यथा इसी प्रकार की कठोर कार्रवाई की जाएगी, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित बकायेदार की होगी। आज की कार्रवाई में नायब तहसीलदार नगर देवेंद्र कुमार यादव के अलावा क्षेत्रीय अमीन लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, योगेंद्र चौबे, मस्तराम सिंह, चंद्र प्रकाश यादव, अभिषेक कुमार पांडे, हिमांशु यादव और आकाश पांडे शामिल रहे।

## 6 घण्टे के अन्दर मोटरसाईकिल चोर गिरफ्तार

गोण्डा । पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्ष ण व क्षेत्राधिकारी नगर आनन्द कुमार राय के पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली नगर पुलिस ने मोटरसाइकिल चोर को गिरफ्तार किया है।
बताते हैं कि 19 नवंबर को अनूप कुमार शर्मा पुत्र श्री रामलाल शर्मा निवासी मुंडेरवा माफी थाना कोतवाली इटियाथोक ने कोतवाली नगर में लिखित तहरीर दी गयी कि प्रार्थी कोल्डस्टो रेज बहराइच रोड स्थित धुलाई सेंटर की दुकान पर गाड़ियों की धुलाई कर रहा था।धुलाई के दौरान अज्ञात चोर द्वारा उनकी स्पेलेण्डर मोटर साईकिल को चोरी कर लिया गया है।वादी की लिखित तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली नगर में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। जिसमें 6 घण्टे के अन्दर कोतवा ली नगर पुलिस द्वारा चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए मोटरसाइकिल चोर गौरव सिंह को बहराइच रोड से गिरफ्तार किया है।
उसके कब्जे से चोरी की हीरो स्पेलेण्डर प्लस मोटरसाईकिल बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही कर न्यायालय रवाना किया गया।

## आज आयोजित होगा किसान दिवस

बहराइच । शासन के निर्देशानुसार जनपद के किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए विकास भवन सभागार बहराइच में 20 नवंबर 2025 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में किसान दिवस आयोजित होगा। उल्लेखनीय है कि पूर्व में किसान दिवस का आयोजन 19 नवम्बर को प्रस्तावित था जो अपरिहार्य कारणों से स्थगित हो गया है। यह जानकारी उप निदेशक कृषि विनय कुमार वर्मा ने दी है।

## स्वास्थ्य समिति के शासी निकाय की बैठक आज

बहराइच । राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अन्तर्गत जनपद में संचालित महत्वपूर्ण गतिविधियों की समीक्षा हेतु 20 नवम्बर 2025 को अपरान्ह 05:00 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति के शासी निकाय की बैठक आहूत की गयी है। यह जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों से ससमय बैठक में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की है।

## व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण की यात्रा: संघ की शताब्दी

बहराइच । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघअवध प्रांत में आज से गृह संपर्क अभियान शुरू करेगा संघ ने अवध प्रांत में 40 लाख से अधिक परिवारों में गृह संपर्क का लक्ष्य लिया है इस अभियान में 20 हजार टोलियो के माध्यम से करीब 80 हजार कार्यकर्ता एक माह तक घर-घर जाकर लोगों से संपर्क करेंगे जनपद बहराइच में संघ के व्यापक ग्रह संपर्क की योजना हुई संपन्न जिसमें 122 मंडल / बस्ती में दो-दो अल्पकालिक विस्तार को की नियुक्ति की गई है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बहराइच जिले के जिला कार्यवाह भूपेंद्र ने बताया कि 1925 में परम पूज्य डॉक्टर साहब ने जिस संगठन की नींव रखी थी उसी तप का परिणाम है या शताब्दी वर्ष 2025 के विजयदशमी पर संघ के 100 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं 20 नवंबर से विश्व का सबसे बड़ा ग्रह संपर्क अभियान आरंभ होगा। यह अभियान पूर्ण रूप से सर्वव्यापी सर्वस्पर्शी व सर्वसमावेशी होगा । संपर्क के दौरान भारत माता का चित्र वह पत्रक बांटे जाएंगे इसके अलावा संपर्क टोली के पास संघ साहित्य भी रहेगा ग्रह संपर्क के दौरान संघ के स्वयंसेवक पांच परिवर्तन के विषय जैसे सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वा का जागरण, और नागरिक कर्तव्य के बारे में लोगों को बताया जाएगा।
जनपद बहराइच के 770 गांव के 40 हजार से अधिक परिवारों में संपर्क हेतु 88 टोलियां व 4436 स्वयंसेवक व अल्पकालिक विस्तारक घर-घर पहुंचेंगे। इस पूरे अभियान का नेतृत्व जिले के जिला कार्यवाह वह जागरण श्रेणी के पालक अधिकारी भूपेंद्र करेंगे उन्होंने कहा कि संपर्क अभियान के तहत हर गांव हर बस्ती के अधिकतम घरों तक पहुंचने का प्रयास किया जाएगा।

## वाराणसी के रोहनिया में छापेमारी कर पकड़ी प्रतिबंधित कफ सीरप की खेप

वाराणसी। उत्तर प्रदेश के वाराणसी के रोहनिया क्षेत्र स्थित भदवर बाइपास के पास बुधवार को नारकोटिक्स विभाग, लखनऊ की टीम ने रोहनिया थाना पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए प्रतिबंधित कफ सीरप की खेप बरामद की है। यह बरामदी एक जिम के नीचे बने गोदाम पर छापेमारी कर की गई है। बरामद प्रतिबंधित कफ सीरप की कीमत लगभग एक से डेढ़ करोड़ रुपये आंकी जा रही है।
छापेमारी के दौरान गोदाम से कोई गिरफ्तारी नहीं हो सकी, हालांकि पुलिस को कई महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगे हैं। बताया जा रहा है कि यह गोदाम एक महिला प्रधान के पति के नाम पर है, जिसकी जांच की जा रही है। डीसीपी वरूणा जोन प्रमोद कुमार को गोपनीय सूचना के आधार पर एसीपी रोहनिया संजीव शर्मा और थाना प्रभारी राजू सिंह के नेतृत्व में टीम ने छापेमारी की। प्रतिबंधित कफ सीरप को पेंट की बाल्टियों के नीचे छिपाकर रखा गया था, जिसे पुलिस ने बरामद कर सील कर दिया है। डीसीपी वरूणा जोन के अनुसार, ड्रग विभाग और एएनटीएफ की टीम को भी मौके पर बुलाया गया है। पुलिस टीम जांच पड़ताल में जुटी है।

# कल्प कथा मंजूषा सम्मान से सम्मानित हुए डॉ धनंजय मणि

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोरखपुर । श्री राधा गोपीनाथ जी महाराज की कृपा से संचालित कल्पकथा साहित्य संस्था परिवार की संवाद प्रभारी ज्योति राघव सिंह ने बताया कि कल्प कथा मंजूषा मंच कुशीनगर के विद्वान कथाकार एवं ज्योतिषाचार्य डॉ धनंजय मणि त्रिपाठी की देशज शैली और सामाजिक ताने - बाने में से बुनी कहानियों से सजा रहा। अहमदाबाद की प्रबुद्ध साहित्यकार डॉ नलिनी शर्मा कृष्ण के विद्वत मंच संचालन के कार्यक्रम में डॉ त्रिपाठी ने 'पिया बाबरी', और 'रिश्ता' कहानियों का वाचन करते हुए झूठे अहंकार और वृद्ध जनों के प्रति परिवार और समाज की असंवेदनशीलता का सजीव शाब्दिक चित्रण में अनेकों प्रश्न उठाए। समालोचक के रूप में जुड़े अहमदाबाद के कथा मर्मज्ञ चंद्र प्रकाश गुप्त चन्द्र बुंदेला ने कार्यक्रम की सफलता पर संतोष प्रकट करते हुए समालोचना के द्वारा कहानियों के विस्तार और सामाजिक संरचना के बिंदुओं का विश्लेषण करते हुए सकारात्मक बिंदुओं से समाज को जोड़ने पर बल दिया। वहीं नैरोबी केन्या पूर्वी अफ्रीका से जुड़ीं बहुमुखी प्रतिभा संपन्न साहित्य सुधि कल्पना पारीक जी ने आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा त्रिपाठी जी की कहानियां जितने प्रश्न उठा रही है उससे कहीं अधिक परिवार के सदस्यों को क्या करना चाहिए कि शिक्षा देती हैं। कल्पकथा साहित्य संस्था के यूट्यूब चैनल पर सीधे प्रसारण के कार्यक्रम में डॉ त्रिपाठी को कल्पकथा संस्थापक दीदी श्रीमती राधा श्री शर्मा ने कल्प कथा मंजूषा पत्रम से सम्मानित करते हुए कहा कि कहानियां सामाजिक संरचना का दर्पण होती है इसलिए उद्देश्यपूर्ण, सार्थक, कहानियों के द्वारा सामाजिक संतुलन को सुदृढ़ किया जाना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में वन्दे मातरम् स्मरणोत्सव वर्ष में राष्ट्रगीत वन्दे मातरम को गायन के पश्चात आमंत्रित अतिथियों, सहभागी साहित्यकारों, एवं दर्शकों का आभार प्रकट किया गया।

# गोरखपुर महोत्सव 2026 चम्पा देवी पार्क में 11 से 13 जनवरी तक, होगा रंगारंग कार्यक्रम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोरखपुर। वर्ष 2026 का बहुप्रतीक्षित गोरखपुर महोत्सव इस बार चम्पा देवी पार्क में आयोजित किया जाएगा। महोत्सव की तैयारियों को लेकर मंडलायुक्त सभागार में महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता सदर सांसद रवि किशन ने की। तीन दिवसीय यह महोत्सव 11, 12 एवं 13 जनवरी को आयोजित होगा। उद्घाटन पर्यटन मंत्री करेंगे और समापन एवं पुरस्कार वितरण मुख्यमंत्री के कर-कमलों से होगा।

महोत्सव के साथ-साथ लगने वाला शिल्प मेला 17 जनवरी 2026 तक लगातार चलेगा। शिल्प मेला स्थानीय कारीगरों के साथ देशभर से आने वाले शिल्पकारों और उद्यमियों को अपनी कला और उत्पादों के प्रदर्शन का बड़ा मंच देगा।

महोत्सव के प्रमुख आकर्षणों में इस वर्ष राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों की दमदार उपस्थिति रहेगी। भोजपुरी सुपरस्टार पवन सिंह मंच पर अपनी ऊर्जा से माहौल को रोमांचित करेंगे, जबकि लोक-संगीत की शाश्वत आवाज मैथिली ठाकुर अपनी मधुर प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगी। इसके साथ ही स्थानीय कलाकारों को भी बड़े मंच पर अपने हुनर को प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। व्यवस्थाओं को लेकर हुई विस्तृत चर्चा बैठक में महोत्सव की रूपरेखा और कार्यक्रम संचालन से जुड़ी सारी व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। चम्पा देवी पार्क में मुख्य मंच व सांस्कृतिक जोन की तैयारियाँ आगंतुकों के लिए पार्किंग, प्रवेश एवं निकास की व्यवस्था सुरक्षा, ट्रैफिक प्रबंधन और पुलिस तैनाती चिकित्सा सुविधाओं एवं कंट्रोल रूम की स्थापना शिल्प मेले के स्टॉल आवंटन और निगरानी सांसद रवि किशन ने कहा कि गोरखपुर महोत्सव को इस बार नई ऊँचाइयों पर ले जाने का लक्ष्य है। मंडलायुक्त अनिल ढिंगरा और जिलाधिकारी दीपक मीणा ने सभी विभागों को समयबद्ध रूप से तैयारी पूरी करने का निर्देश दिया। इस बैठक में सदर सांसद रवि किशन, मंडलायुक्त अनिल ढिंगरा, जिलाधिकारी दीपक मीणा, जीडीए उपाध्यक्ष आनंद वर्धन, जीडीए सचिव पुष्पराज सिंह, पुलिस अधीक्षक अपराध सुधीर जयसवाल, सीएमओ राजेश झा, एडीएम सिटी अंजनी कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक ट्रैफिक राजकुमार पांडेय, उप नगर आयुक्त दुर्गेश मिश्रा, उप निदेशक पर्यटन एवं महोत्सव सचिव राजेंद्र प्रसाद, सीओ ट्रैफिक विवेक तिवारी, क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी आविद हैदर, तथा अन्य संबंधित अधिकारी।

# आईटीआईचरगांवा में हुई परिषद की संगठनात्मक बैठक सरकार के ध्यानाकर्षण हुआ प्रदर्शन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोरखपुर । आई0 टी0 आई0 चरगांवा में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की संगठनात्मक बैठक हुई, बैठक की अध्यक्षता परिषद के महिला विंग की अध्यक्ष विनीता सिंह और संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंडित श्याम नारायण शुक्ल ने किया। बैठक के में मुख्य अतिथि परिषद के अध्यक्ष रूपेश कुमार श्रीवास्तव मौजूद रहे। बैठक के पश्चात कर्मचारियों ने गेट मीटिंग प्रदर्शन कर अपनी मांगों के तरफ सरकार का ध्यानाकर्षण कराया। गेट मीटिंग को संबोधित करते हुए अध्यक्ष रूपेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि कर्मचारी वर्षों से सरकार के मन की बात सुन रहा है अब समय है कि सरकार भी कर्मचारियों के मन की बात सुने और उसकी मांगों को पूरा करें। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की कुछ महत्वपूर्ण मांगे हैं जैसे वन नेशन वन पेंशन की स्कीम लाकर सभी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन का लाभ दिया जाए, वेतन आयोग की रिपोर्ट को समयबद्ध तरीके से कराकर कर्मचारियों को उसका लाभ दिया जाए, आठवे वेतन आयोग में फिटमेंट फैक्टर 3.67 से कम ना किया जाए, कोरोना काल में फ्रिज डेढ़ वर्ष के डीए का एरियर दिया जाए, सभी विभागों में रिक्त बड़े स्थान पर अस्थाई नियुक्ति की जाए राज्य सरकार और कर्मचारियों के बीच में वर्षों से सहमति बनी लंबित मांगों को पूरा किया जाए कोरोना कल में निलंबित किए गए सभी भत्तों को बहाल किया जाए। उन्होंने कहा कि यह सारे मांगे पूरी हो तब हम समझेंगे कि सरकार हमारे भी मन की बात सुन रही हैं। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंडित श्याम नारायण शुक्ल ने कहा कि कर्मचारी समाज सरकार से अपना हक मांग रहा है हमें कोई आसमान का चांद तारा नहीं चाहिए, बल्कि हमें अपने परिश्रम के बदले में हमारा हक चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने का काम करने वाला कर्मचारी आज अपने आप को उपेक्षित महसूस कर रहा है जो की बहुत ही दुखद है। बैठक को अशोक पांडेय अनूप कुमार राजेश मिश्रा रीता सिंह आदि लोगों ने भी संबोधित किया। संरक्षक अशोक पाण्डेय ने कहा कि हमारे देश में मुख्यमंत्री मंत्री सांसद विधायक अंगठाटेक भी बन सकते हैं पर उनके पीए आईएस पीसीएस एवं उच्च परीक्षाएं पास करने वाले होते हैं, यही हमारे लोकतंत्र की खूबसूरती है। इतना ही नहीं एक दिन भी माननीय का टैग लग जाने से पुरानी पेंशन पाते हैं और कर्मचारी अधिकारी साठ पैंसठ साल तक देश सेवा के बदले लालीपाप यानी एनपीएस यूपीएस में उलझा दिया गया है। कर्मचारियों को पुरानी पेंशन बहाल कर ही सरकार सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास का नारा चरितार्थ कर सकती है नहीं तो यह जुमला थोथा साबित हो रहा है।

# गांव गांव जाकर कृषकों को जागरूक कर रहे हैं प्रचार वाहन



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बहराइच । जनपद के अधिक से अधिक कृषकों को फार्मर रजिस्ट्री से आच्छादित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में फार्मर रजिस्ट्री जागरूकता के लिए 07 तथा खेतों में फसल अवशेषों व पराली को न जलाने हेतु कृषकों को जागरूक करने हेतु 03 प्रचार वाहन भ्रमणशील हैं। जागरूकता वाहन गांव-गांव जाकर कृषकों फार्मर रजिस्ट्री कराने तथा खेतों में पराली न जलाने का सन्देश दे रहे हैं। उल्लेखनीय है कि अब तक जनपद में पराली जलाने की 93 घटनाएं सेटलाईट से प्राप्त हुई हैं जिसका स्थलीय सत्यापन करने के उपरान्त 56 किसानों के यहां पराली जलाना पाया है। अब तक पराली जलाने पर रू. 1.75 लाख का अर्थ दण्ड लगाया गया है।

इसी प्रकार फार्मर रजिस्ट्री के लिए निर्धारित लक्ष्य 508600 के सापेक्ष 329982 कृषकों द्वारा फार्मर रजिस्ट्री बनाई गई। जो लक्ष्य का 58 प्रतिशत है। डीएम श्री त्रिपाठी ने जनपद के कृषकों से अपील की है कि पराली का वैज्ञानिक विधि से निस्तारण कर उर्वरा की शक्ति को बढ़ाये। डीएम ने किसानों से यह भी अपील की है कि शीघ्र से शीघ्र फार्मर रजिस्ट्री करा लें ताकि निर्बाध रूप से विभाग योजनाओं का लाभ प्राप्त होता रहे।

# कायस्थान में वार्ड 02, 06 व 09 का सामूहिक एसआईआर जन जागरूकता कैंप आयोजित

## चेयरमैन शैलेंद्र गुप्ता रहे मौजूद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर।नगर के मोहल्ला कायस्थान स्थित लक्ष्मी राइस मिल, निकट जिला सहकारी बैंक पूरनपुर में दिनांक 19 नवंबर बुधवार को वार्ड संख्या 02, 06 एवं 09 का सामूहिक इन्ट्रा जन-जागरूकता अभियान कैंप आयोजित किया गया।

कैंप में सुबह से ही मतदाताओं की भारी भीड़ उमड़ी और सैकड़ों मतदाताओं ने उपस्थित बीएलओ से संपर्क कर अपने वोटों का अपडेट कराया। इसके साथ ही लोगों ने नए वोट बनवाने व पुराने वोट हटवाने से संबंधित जानकारी भी प्राप्त की।कार्यक्रम में एसडीएम पूरनपुर अजीत प्रताप सिंह, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद शैलेन्द्र गुप्ता, नगर अध्यक्ष भाजपा हर्ष प्रधान, धीरज प्रधान एड., अनुराग गुप्ता, नितिन सक्सेना एड., सभासद सौरभ सक्सेना 'रासू', विकास गुप्ता 'राम', सूरज बाथम, दिनेश आजाद, अनुज सक्सेना 'अन्नू', विवेक तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।कैंप में बीएलओ राहुल जायसवाल, रेखा गुप्ता, सरस्वती देवी ने मतदाताओं को आवश्यक प्रक्रिया की जानकारी दी।अभियान के दौरान मतदाताओं में काफी उत्साह देखने को मिला तथा लोगों ने अपने वोटों की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय भागीदारी दिखाई हैं।

# माधव महोत्सव का साहित्यिक कार्यक्रम संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



जयसिंहपुर/सुल्तानपुर। जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के मूंगर स्थित आर.ए.बी.डी. सेक्ट्रम एकेडमी सभागार में श्याम चरित मानस लोक साहित्य न्यास द्वारा साहित्य रत्न राम बुझारत वर्मा 'किंशुक' की पुण्यतिथि पर माधव महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता साहित्य भूषण डॉ. सुशील कुमार पाण्डेय 'साहित्येन्दु' ने की, जबकि आशुकवि मथुरा प्रसाद सिंह 'जटायु', डॉ. राम प्यारे प्रजापति, प्रख्यात गद्यकार दिनेश प्रताप सिंह 'चित्रेश' और माधव घराना प्रमुख जय नारायण यादव विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कवि हरिनाथ शुक्ल 'हरि' ने कार्यक्रम का संचालन किया। मां सरस्वती की वंदना व माधवदास, राम बुझारत वर्मा और समरजीत यादव की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पण के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। एन.पी. शुक्ला ने वाणी वंदना प्रस्तुत की तथा मंचस्थ मनीषियों का सम्मान किया गया। संस्था द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान के लिए एडवोकेट डॉ. जया सिंह को 'नारी शौर्य सम्मान', सलिल कुमार धुरिया को 'कला कुसुम सम्मान', अभिमन्यु शुक्ला 'तरंग' और बिन्दु वंदना शिवा को 'साहित्य सुमन श्री सम्मान', डॉ. दीपा द्विवेदी को 'आदर्श शिक्षक गौरव सम्मान' तथा रमेश चंद्र निषाद को 'जन सेवा कीर्ति सम्मान' प्रदान किया गया। अनेक कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया, जिनमें सलिल कुमार धुरिया की ''याद हमें आवै आज बाबू जी की बतिया'', रजनीश मिश्र की ''चलो कुछ इतिहास के पन्नों पर लिखा जाए'', डॉ. करुणेश भट्ट के हाइकु, 'तरंग' की वीर रस रचना ''दिखावे की दुनियां'' और डॉ. दीपा द्विवेदी की भावुक रचना ''पापा आज भी आंखें आपको ढूंढती हैं'' प्रमुख रहीं। सर्वेश कान्त वर्मा ने ''भेजा है तुम्हें श्रद्धा का सुमन'' प्रस्तुत किया, जबकि नागेन्द्र यादव, बिन्दु वंदना शिवा, बृजेश वर्मा, नफीसा, अशोकाचार्य अनन्त और राज बहादुर राना ने भी अपनी कविताओं से कार्यक्रम में चार चांद लगाए। कार्यक्रम के अंत में सचिव सर्वेशकान्त वर्मा 'सरल' ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# तेज रफ्तार वाल्वो बस ने पुलिस जीप को मारी टक्कर, सिपाही बाल-बाल बचे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जयसिंहपुर/सुलतानपुर। जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के बांदा-टांडा हाईवे पर एक तेज रफ्तार वाल्वो बस ने पुलिस जीप को टक्कर मार दी। यह घटना सेमरी बाईपास के हरिहरपुर क्रॉसिंग पर हुई। पुलिस जीप एक कॉलर की सूचना पर कोची गांव घटनास्थल पर जा रही थी, जहां मारपीट की घटना हुई थी। इस हादसे में पुलिस जीप का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, हालांकि पुलिस वाहन चालक और सिपाही बाल-बाल बच गए।जानकारी के अनुसार लक्ष्मी हाली डे की बस जोकि दिल्ली से सवारियों को लेकर आजमगढ़ जा रही थी। सेमरी बिरमलपुर क्रॉसिंग से सड़क पार कर रही पुलिस वाहन को तेज रफ्तार वाल्वो बस ने जोरदार टक्कर मार दी। पुलिस जीप में सवार चालक शिव कुमार वर्मा और हेड कॉन्स्टेबल नीरज तिवारी सवार थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि जीप का अगला टायर फट गया। जबकि दोनों बाल बाल बच गए।वाल्वो बस चालक सिराज अहमद, जो आगरा का निवासी है, उसने बताया कि यह बस दिल्ली से यात्रियों को लेकर आजमगढ़ जा रही थी। वही पुलिस वाहन सवार हेड कॉन्स्टेबल नीरज तिवारी ने जानकारी दी कि बस की रफ्तार बहुत तेज थी। उन्होंने बताया कि वह लोग दो पक्षों के बीच हुई मारपीट की सूचना पर कोची गांव जा रहे थे। इसी बीच यह दुर्घटना हुई। सेमरी पुलिस चौकी इंचार्ज अविनाश चंद्र ने बताया कि बस में सवार यात्रियों को दूसरी बसों से उनके गंतव्य तक भेजा गया। चालक सिराज अहमद समेत बस को हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस कागजात की जांच कर रही है ताकि यह पता चल सके कि बस दिल्ली से आजमगढ़ तक यात्रियों को कैसे ले जा रही थी।

# सीओ ने धम्मौर थाने का किया अर्धवार्षिक निरीक्षण, दिए दिशा-निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। बुधवार सुबह क्षेत्राधिकारी सौरभ सामंत ने धम्मौर थाने का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आईजीआरएस, महिला हेल्पडेस्क, सरकारी संपत्ति रजिस्टर, बैरक सहित सभी अभिलेखों की गहन जांच की। साथ ही साइबर सेल व महिला हेल्पडेस्क में दर्ज शिकायतों के निस्तारण की स्थिति की समीक्षा की।सीओ ने असलहों के रख-रखाव पर विशेष जोर देते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने फरियादियों की समस्याओं को प्राथमिकता से सुनने और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के भी निर्देश जारी किए। थाना परिसर में बने नवनिर्मित आवास का भी अवलोकन किया।इस दौरान थानाध्यक्ष अंजू मिश्रा, वरिष्ठ उपनिरीक्षक जमील अहमद, उपनिरीक्षक अनिल अवस्थी, श्रवण कुमार, राजकुमार सिंह, रमेश सिंह, दीवान बलवीर सिंह, हेड कांस्टेबल मनोज यादव, हीरामन साहनी, कांस्टेबल अंकुश चौधरी, अक्षय कुमार, अंकित गुप्ता, राजन यादव सहित समस्त पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## शिक्षक बीएलओ की ड्यूटी पर विद्यार्थी कैसे बनेंगे निपुण

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। परिषदीय विद्यालयो के शिक्षकों की ड्यूटी एसआईआर में लगाई गई हैं।जिससे परिषदीय विद्यालय में पढ़ाई लिखाई बाधित हो रही है। ऐसे में असेस्मेट में बच्चे 75 फीसदी सवालों के सही जवाब कैसे देंगे इस बात ने शिक्षकों की टेंशन बढ़ा दी है। महानिदेशक स्कूली शिक्षा के आदेश अनुसार असेस्मेट में भाषा और गणित में जब बच्चे 75 फीसदी सवालों के सही जवाब देंगे तभी तो उनको निपुण माना जाएगा जनपद के प्राथमिक विद्यालय, उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं कंपोजिट विद्यालयों में तैनात कई शिक्षकों की ड्यूटी बीएलओ में लगा दी गई है।इसका सीधा असर बच्चों की पढ़ाई पर पड़ रहा है। 28 नवंबर से बच्चों की छमाही की परीक्षाएं शुरू हो रही हैं। शिक्षकों को पहले से ही परीक्षाओ की टेंशन है। और अब असेस्मेट के लिए बच्चों को तैयार कैसे किया जाए यह चिंता का विषय बना हुआ है।

## प्रपत्र देने के लिए घर नहीं पहुंच रहे बीएलओ, एसआईआर की गति धीमी नाराज हो रहे मतदाता

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण प्रक्रिया शुरू हुए 14 दिन का समय बीत चुका है निर्वाचन आयोग के अनुसार बीएलओ को प्रत्येक मतदाता के घर तीन बार जाना है और प्रपत्र देने के बाद उसे भरवाना भी है, लेकिन स्थिति ठीक इसके विपरीत है मतदाता घरों पर बीएलओ के आने का इंतजार कर रहे हैं और बीएलओ कहीं एक किनारे बैठ कर ड्यूटी पूरी कर रहे हैं। ऐसे में आयोग की एसआईआर प्रक्रिया पर तमाम सवाल उठ रहे हैं।बीएलओ नगर के घर तक प्रपत्र देने नहीं पहुंचे और न ही बूथों पर जा रहे हैं बीएलओ वार्ड में जाकर अपनी मनचाही जगह पर बैठ जाते हैं और मतदाता स्वयं उनके पास जाकर वर्ष 2003 की वोटर लिस्ट में पहले अपना नाम तलाशते हैं और स्वयं की तलाश के बाद प्रपत्र प्राप्त कर रहे हैं नगर के मोहल्ले में ऐसी ही एक तस्वीर सामने आई है बीएलओ के पास रखी वोटर लिस्ट में लोग अपना नाम ढूंढते नजर आए और कुछ मतदाता बीएलओ से अपना प्रपत्र पाने का प्रयास कर रहे थे तमाम निर्देशों के बाद भी बीएलओ घर-घर न जाकर एक स्थान पर ही बैठ कर कार्य निपटा रहे हैं नगर में कई ऐसे बीएलओ हैं जो घरों तक नहीं जा रहे हैं इस संबंध में एसडीएम अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि कुछ वार्डों में हो रही समस्या संज्ञान में आई है। लेकिन कुछ घर बंद है। कुछ लोग घर पर नहीं लेकिन इसके विपरीत कुछ लोगो का कहना की बीएलओ ने अभी सम्पर्क ही नहीं किया इसका समाधान कर कार्य में तेजी लाई जाने की आवश्यकता है और सभी कार्य समय रहते पूरे करने की आवश्यकता है।

## रॉन्ग साइड बाइक से टक्कर मारने के मामले में मुकदमा दर्ज

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूरनपुर पुलिस ने लापरवाही पूर्वक बाइक चलाते वक्त एक युवक को टक्कर मार कर घायल कर देने के मामले में मंगलवार को मुकदमा दर्ज किया है पूरनपुर थाना क्षेत्र के मोहल्ला चौक निवासी अश्वनी शुक्ला ने थाने में दी तहरीर में कहा कि उसका बेटा सक्षम शुक्ला शाम लगभग 8 बजे बाजार कुछ जरूरी सामान लेने के लिए जा रही था इस दौरान उल्टी तरफ से हाईस्पीड अज्ञात युवक लापरवाही पूर्वक बाइक चलाते हुए आया और उसके बेटे को टक्कर मार दिया इससे वह घायल हो गया जिसका निजी अस्पताल मे प्राथमिक उपचार चल रहा है।

## गोकशी, गैंगस्टर और पशु क्रूरता के दो आरोपी चेकिंग के दौरान तमंचे के साथ गिरफ्तार

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील के थाना घुंघचिहाई पुलिस ने बुधवार को चेकिंग अभियान के दौरान दो युवक को अवैध तमंचे और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है यह गिरफ्तारी अलग अलग स्थानों पर हो रही चेकिंग के दौरान गिरफ्तारी की गई है गिरफ्तार युवक की पहचान नदीम पुत्र सलीम उर्फ बाबा घुईया, निवासी ग्राम शेरपुर, अकील मास्टर पुत्र इब्राहिम निवासी शेरपुर कोतवाली पूरनपुर के रूप में हुई है पुलिस ने उसके पास से एक 315 बोर का नाजायज तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है आरोपी के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है पुलिस पूछताछ में पता चला कि दोनों आरोपियों पर गौकशी, पशुकुरता, गैंगस्टर , गुंडाएक्ट सहित कई मुकदमे दर्ज है गिरफ्तारी के समय वह तमंचा लेकर कहीं जाने की फिराक में था कोतवाली उपनिरीक्षक ने जानकारी दी कि गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया गया है।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने डीसीसी का किया निरीक्षण

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला निर्वाचन अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने डीसीसी सेंटर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सेंटर का स्टाफ मौके पर उपस्थित पाया गया। उन्होंने हेल्पलाइन डेस्क पर उपस्थित कार्मिकों से रजिस्टर पंजिका का अवलोकन कर जानकारी लेते हुए मतदाताओं द्वारा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण विषयक सूचनाओं के विषय में जानकारी ली। उन्होंने डीसीसी के कार्यों की समीक्षा की। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम में गणना प्रपत्रों के वितरण के कार्यों में तेजी लाने एवं ससमय पूर्ण कराने के निर्देश दिये। इस दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## यातायात पुलिस ने एक सौ छियासी वाहनों का किया चालान

अमेठी । यातायात पुलिस द्वारा यातायात जागरूकता माह नवम्बर के उन्नीसवें दिन अभियान चलाकर सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु आमजनमानस को जागरूक किया गया।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर बुधवार को यातायात जागरूकता माह नवम्बर के उन्नीसवें दिन यातायात पुलिस द्वारा जागरुकता अभियान चलाकर सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु वाहन चालकों व आमजनमानस को जागरूक किया गया तथा जागरूकता अभियान के अन्तर्गत यातायात नियमों के पालन से सम्बन्धित बैनर व पोस्टर सार्वजनिक स्थानों पर लगवाते हुए आम जनता को पम्पलेट व हैण्डबिल वितरित करते हुये वाहनों पर रेट्रो रिफ्लेक्टर टेप लगाये गये एवं यातायात नियमों का पालन करने हेतु निवेदन किया गया तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाकर कुल एक सौ छियासी वाहनों का चालान कर दो लाख पन्द्रह हजार रुपया जुर्माना योजित किया गया।

## पत्नी की नाक दांत से काटने वाला आरोपी पति गिरफ्तार

शुकुल बाजार अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना बाजार शुकुल पुलिस ने पत्नी की नाक दांत से काटने वाले आरोपी पति को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी पति को जेल भेज दिया है जबकि महिला का उपचार जारी है। थाना क्षेत्र के गांव पूरे लदई दुबे मजरे दक्खिनगांव निवासी राजेन्द्र साहू पुत्र पारस नाथ साहू ने अपनी पत्नी सुनीता से मामूली कहासुनी के बाद अपने दांतों से उसकी नाक काट लिया था। पुलिस ने पीड़िता की मां की तहरीर पर अभियोग दर्ज कर आरोपी पति की तलाश में जुटी रही।

## फांसी के फंदे पर झूलता मिला नवयुवक का शव

शुकुल बाजार अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना शुकुल बाजार क्षेत्र के गांव पूरे थानी मजरे रस्तामऊ में बुधवार को एक नवयुवक का शव गांव के किनारे स्थित बाग में फांसी के फंदे पर झूलता मिलने से सनसनी फैल गई है।घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। थाना क्षेत्र के गांव पूरे थानी मजरे रस्तामऊ निवासी सुमित कुमार पुत्र दिनेश कुमार उम्र बीस वर्ष अपने परिजनों से अहमदाबाद जाने की बात कहकर घर से निकला लेकिन बुधवार को दोपहर में उसका शव गांव के किनारे स्थित एक बाग में रस्सी के सहारे आम के पेड़ से लटकता मिला। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों का रो रोकर बुरा हाल रहा और पूरे मामले से स्थानीय पुलिस को अवगत कराया। बताया जाता है कि मृतक को कुछ माह पूर्व शुकुल बाजार पुलिस ने पॉक्सो एक्ट में जेल भी भेजा था। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष विवेक कुमार वर्मा ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि पीएम रिपोर्ट के बाद ही तस्वीर साफ हो सकेगी फिलहाल मामले की छानबीन की जा रही है।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आदर्श जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र के जिला प्रबंधन समिति की बैठक हुई सम्पन्न

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। डीडीआरसी के संचालन हेतु जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में गठित जिला प्रबंधन समिति डीएमटी के बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में डी0डी0आर0सी0 के संचालन केन्द्र के द्वारा दिव्यांगजनों के हितार्थ किए जा रहे कार्यों एवं डी0डी0आर0सी0 के भवन की मरम्मत आदि की समीक्षा की गई। परियोजना निदेशक द्वारा अवगत कराया गया कि पूर्व के कार्यदायी संस्था जिला ग्राम्य विकास अभिकरण द्वारा डी0डी0आर0सी0 का संचालन किया जा रहा था। अभिकरण का ग्राम्य विकास विभाग में संविलय होने व सोसायटी पंजीकरण की अवधि समाप्त होने के कारण डी0डी0आर0सी0 का संचालन नही किया जा पा रहा है। जिसके क्रम में डी0एम0टी0 के सदस्यों द्वारा डी0डी0आर0सी0 का संचालन स्वैच्छिक संस्था भारती नि:शक्त जन सेवा संस्था पीलीभीत द्वारा किए जाने की सहमति प्रदान की गई। जिलाधिकारी द्वारा डी0डी0आर0सी के भवन की मरम्मत एवं पुताई विधायक/एम0एल0सी0 निधि या अन्य माध्यमों से कराये जाने के निर्देश प्रदान किए गए, इस संबंध में परियोजना निदेशक निदेशक डी0आर0डी0ए0 को इस्टीमेट तैयार कराने के निर्देश प्रदान किए गए। दिव्यांगजनों के पुनर्वास एवं अन्य सुविधाये प्रदान किए जाने हेतु संगठनों से सहयोग प्रदान किया जाए।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आदर्श जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र के जिला प्रबंधन समिति की बैठक हुई सम्पन्न

पीलीभीत। डीडीआरसी के संचालन हेतु जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में गठित जिला प्रबंधन समिति डीएमटी के बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में डी0डी0आर0सी0 के संचालन केन्द्र के द्वारा दिव्यांगजनों के हितार्थ किए जा रहे कार्यों एवं डी0डी0आर0सी0 के भवन की मरम्मत आदि की समीक्षा की गई। परियोजना निदेशक द्वारा अवगत कराया गया कि पूर्व के कार्यदायी संस्था जिला ग्राम्य विकास अभिकरण द्वारा डी0डी0आर0सी0 का संचालन किया जा रहा था। अभिकरण का ग्राम्य विकास विभाग में संविलय होने व सोसायटी पंजीकरण की अवधि समाप्त होने के कारण डी0डी0आर0सी0 का संचालन नही किया जा पा रहा है। जिसके क्रम में डी0एम0टी0 के सदस्यों द्वारा डी0डी0आर0सी0 का संचालन स्वैच्छिक संस्था भारती नि:शक्त जन सेवा संस्था पीलीभीत द्वारा किए जाने की सहमति प्रदान की गई। जिलाधिकारी द्वारा डी0डी0आर0सी के भवन की मरम्मत एवं पुताई विधायक/एम0एल0सी0 निधि या अन्य माध्यमों से कराये जाने के निर्देश प्रदान किए गए, इस संबंध में परियोजना निदेशक निदेशक डी0आर0डी0ए0 को इस्टीमेट तैयार कराने के निर्देश प्रदान किए गए। दिव्यांगजनों के पुनर्वास एवं अन्य सुविधाये प्रदान किए जाने हेतु संगठनों से सहयोग प्रदान किया जाए। इसके अतिरिक्त डी0डी0आर0सी0 के माध्यम से विभिन्न श्रेणियों के दिव्यांग बच्चों को शिक्षा प्रदान किए जाने एवं दिव्यांगजनों की खेलकूद प्रतियोगिताओं का भी आयोजन कराए जाने के संबंध में जिलाधिकरी द्वारा आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए।

# नाबालिक से छेड़खानी के आरोपी गंगा पर लगभग बीस दिन बाद दर्ज हुआ मुकदमा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

करौंदीकला/सुल्तानपुर। लगभग बीस दिन बाद छेड़खानी करने वाले गंगाराम पर न्यायालय के हस्तक्षेप से गंभीर धाराओं में दर्ज हुआ मुकदमा। ग्राम सभा भटौता तुलसी पट्टी में गंगा प्रसाद व एक अन्य ने नाबालिक दलित लड़की के साथ दिनांक 28.11.2025 को छेड़खानी किया था। पीड़िता की मां ने स्थानीय थाने पर छेड़खानी की शिकायत की जिस पर मुकदमा दर्ज नहीं हुआ। उल्टे छेड़खानी के आरोपी गंगाप्रसाद ने उच्चाधिकारी को गुमराह करते हुए पीड़िता और उसकी म आदि पर फावड़ा, तसला और सीमेंट चुराने के फर्जी आरोप में मुकदमा लिखा दिया। पीड़िता न्याय पाने की उम्मीद से विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट) के यहां वाद दायर किया। न्यायाधीश ने प्रकरण को गंभीरता को देखते हुए थानाध्यक्ष को मुकदमा पंजीकृत करने का आदेश पारित किया। थानाध्यक्ष करौंदीकला ने घटना की गंभीरता को देखते हुए भारतीय न्याय संहिता की धारा 76, 126(2), 352, 351(2), अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति नृशंसता 3(1)(ध) निवारण अधिनियम और लैंगिक अपराधों से बालकों का सरंक्षण अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया। जिसके बाद महिला को न्याय मिलने की आशा जग गई। सच ही कहा गया है कि ईश्वर की लाठी में आवाज नहीं होती लेकिन जिसको लगती है तो उसे छट्ठी के दूध की याद दिला देती है। यही हुआ छेड़खानी के आरोपी गंगा के साथ* थानाअध्यक्ष करौंदीकला ने कहा कि मुकदमा पंजीकृत कर जांच की जा रही है।

## विधवा महिला का घर निर्माण रोका, डीएम ने जांच के दिए आदेश

जयसिंहपुर/सुलतानपुर। सुल्तानपुर जिले के जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र स्थित बहाउद्दीनपुर गांव में एक विधवा महिला को अपना घर बनाने से रोका जा रहा है। पीड़ित अंजू सिंह का आरोप है कि उनके देवर कृष्ण कुमार सिंह निर्माण कार्य में बाधा डाल रहे हैं। अंजू सिंह ने बताया कि जब उन्होंने मिस्त्री बुलाकर घर की नाप-जोख शुरू कराई, तो उनके देवर कृष्ण कुमार सिंह जान से मारने की धमकी दी। उन्होंने मजदूरों को भी भगा दिया और घर नहीं बनने देने की बात कही।अंजू सिंह के अनुसार, उनके पास रहने के लिए कोई अन्य जगह नहीं है। वह अपनी तीन बेटियों के साथ तिरपाल लगाकर गुजर-बसर कर रही हैं। यह मकान उनकी 'घरौनी' संपत्ति है, जिसका निर्माण वह अपने हिस्से में कर रही थीं। यह मामला घरौनी मकान संख्या 758 से संबंधित है, जिसमें अंजू सिंह और कृष्ण कुमार सिंह दोनों आधे-आधे हिस्सेदार हैं। अंजू सिंह का आरोप है कि उनके देवर, जो जयसिंहपुर तहसील में वकालत करते हैं, उन्हें उनका हिस्सा नहीं देना चाहते।

# सड़कें बनी गड्ढों का जंगल, सौतेले विकास पर उठे बड़े सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बल्दीराय/सुल्तानपुर। तहसील के उत्तरी-पश्चिमी इलाके में सड़कें विकास नहीं, बल्कि उपेक्षा, भ्रष्टाचार और सौतेले राजनीतिक व्यवहार की जिंदा तस्वीर पेश कर रही हैं। क्षेत्र के प्रमुख संपर्क मार्ग इतने जर्जर हो चुके हैं कि उनसे गुजरना किसी दुर्घटना का न्योता माना जा रहा है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि भाजपा विधायक सुरेश पासी ने विधानसभा के इस हिस्से को विकास योजनाओं से लगातार अनदेखा किया, जिसके चलते आज यहां का सड़क तंत्र 'विकास विहीन कोना' बन गया है।

**संपर्क मार्गों की हालत: गड्ढों में दफन विकास**

गिरजा मोड़ से कुमारगंज (अयोध्या बॉर्डर) तक जाने वाली मुख्य सड़क आज डामर नहीं, गड्ढों की लंबी कतार बन चुकी है। बरसात में जलभराव और गर्मियों में धूल का गुबार, दोनों ही हालात में यह सड़क यात्रियों की परेशानी और हादसों का कारण बनती है। इसी तरह हंसुई मुकुंदपुर से अमाएं (अयोध्या सीमा) तक जाने वाला मार्ग वर्षों से बिना मरम्मत के टूटा पड़ा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस रास्ते पर डामर होना अनिवार्य है।सड़क के गड्ढे एवं धूल यात्रियों को परेशान किए हैं।

भवानीगढ़ से डीह और चार नंबरऽमेघमऊ होकर बल्दीराय तक पहुंचने वाली सड़क भी विधानसभा सीमा तक इतनी उखड़ी हुई है कि मोटरसाइकिल सवार से लेकर चारपहिया चालक तक, हर कोई हादसे के डर से धीमे चलने पर मजबूर है।

अरवलऽबरामऊ डीह मार्ग की स्थिति तो इतनी खराब है कि स्थानीय लोग इसे 'गड्ढों का गलियारा' कहने लगे हैं।

फोरलेन रोड , तिरहुँती मोड से फत्तेपुर की सड़क बद से बदतर हैं ।जो सड़क के विकास की खुली किताब है ।

स्कूली छात्र, मरीज और आम जनता हर रोज जोखिम में हादसों का खतरा इन रास्तों पर हमेशा मंडराता है। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों, बीमार व्यक्तियों और रोज़मर्रा के काम से निकलने वाले यात्रियों को झेलनी पड़ती है। कई बार एम्बुलेंस तक इन सड़कों पर फंसकर देर से अस्पताल पहुंची है। हादसे होने के बावजूद, प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की चुप्पी जनता के गुस्से को बढ़ा रही है।

**विकास केवल भाषणों में? जनता में बढ़ रहा आक्रोश**

स्थानीय लोगों का कहना है कि भाजपा सरकार के विकास के दावे कागजों और प्रचार की दीवारों पर तो दिखते हैं, लेकिन धरातल पर यह क्षेत्र अब भी अविकसित और उपेक्षित है।विधायक कुछ चाटुकारों के चंगुल में होने से आमजन की इस प्रमुख समस्या से दूर रहे हैं।

जनता ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सड़क सुधार और विकास कार्य शुरू नहीं किए गए, तो आने वाले चुनाव में इसका जवाब वोट से दिया जाएगा। अब सवाल यह है- क्या विकास सड़क पर उतरेगा, या फिर पोस्टरों और भाषणों में ही चमकता रहेगा?

## गौरीगंज में सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत

अमेठी । थाना गौरीगंज क्षेत्र के जगदीशपुर मार्ग पर स्थित बासुपुर गांव के पास मंगलवार की रात हुई सड़क दुर्घटना में दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। थाना क्षेत्र के गांव पूरे शिवा मजरे मऊ थाना गौरीगंज निवासी फूलचंद पुत्र रामखेलावन अपने साथी राजकुमार पुत्र रामलाल मंगलवार की शाम को पेंटिंग का काम बंदकर बाइक से अपने घर जा रहे थे वह जैसे ही बासुपुर गांव के पास पहुंचे थे तभी किसी अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दोनों युवकों को जोरदार टक्कर मार दिया। बताया जा रहा है कि टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार फूलचंद्र उम्र बीस वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई जबकि राजकुमार उम्र बयालीस वर्ष को स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया। जहां पर इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। इस तरह एक ही गांव के दो युवकों की मौत के बाद एक तरफ जहां दोनों के घरों में कोहराम मचा हुआ है वहीं दूसरी तरफ इस घटना से गांव के लोग स्तब्ध है।इस सम्बंध में थाना गौरीगंज के प्रभारी निरीक्षक श्याम नारायण पाण्डेय ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है।

## सम्पादकीय

# आत्ममंथन की जरूरत

दिल्ली में हाल ही में उजागर हुए फिदायीन मॉड्यूल ने न केवल देश की सुरक्षा व्यवस्था को चौकन्ना किया है, बल्कि यह भी दिखाया है कि कट्टरपंथ का जाल हमारी सामाजिक संरचना में कितनी गहराई तक पैठ चुका है। चिंताजनक तथ्य यह है कि इस मॉड्यूल में शामिल दानिश और उमर जैसे युवा चिकित्सक थे-ऐसे प्रशिक्षित पेशेवर, जिनका पहला कर्तव्य मानव-जीवन की रक्षा है। लेकिन वे जिहादी विचारधारा से संचालित होकर आत्मघाती हमलों की तैयारी कर रहे थे। यह घटना केवल एक आतंकी षड्यंत्र नहीं बल्कि गहन सामाजिक-धार्मिक संकट का संकेत है, जिसे मुस्लिम समाज सहित पूरे देश को समझना होगा। अक्सर यह कहा जाता है कि आतंकी का कोई मज़हब नहीं होता। यह वाक्य साम्प्रदायिक तनाव से बचने के लिए ज़रूरी हो सकता है, लेकिन तथ्यों की दुनिया में इसकी सीमाएँ हैं। यह एक कटु सत्य है कि विश्वभर में अनेक आतंकी हमले ऐसी विचारधाराओं से प्रेरित होते हैं- चाहे वह अल-कायदा हो, आईएसआईएस, तालिबान या आईएम जैसे संगठन। यह विचारधारा इस्लाम की मुख्यधारा नहीं है, परंतु यह भी सत्य है कि दानिश और उमर जैसे शिक्षित युवक इसी उग्रवादी नैरेटिव के प्रभाव में आए बिना फिदायीन बनने की राह पर नहीं चलते। समस्या को पहचानना समाधान का पहला और अनिवार्य कदम है। कट्टरपंथ का सबसे खतरनाक रूप यह है कि यह केवल गरीब, अशिक्षित या वंचित समाज पर निर्भर नहीं रहता। दुनिया के अनेक आतंकवादी मॉड्यूल में बड़े-बड़े इंजीनियर, डॉक्टर, वैज्ञानिक और उच्च शिक्षा प्राप्त युवक शामिल पाए गए हैं। उच्च शिक्षा कई बार कट्टर विचारधारा को अधिक बौद्धिक तर्क प्रदान कर देती है, जिससे व्यक्ति अपने कदम को धार्मिक कर्तव्य या उम्मत की सेवा की संकल्पना के भीतर सही ठहराता है। दानिश और उमर इसी वैश्विक पैटर्न के उदाहरण हैं–जहाँ पढ़े-लिखे युवक भी झूठे धार्मिक रोमांच और शहादत के भ्रम में अपने जीवन को विनाश की ओर धकेल देते हैं। कट्टरपंथ का बीजारोपण अचानक नहीं होता। यह वर्षों तक धीरे-धीरे पनपता है- पहले पहचान आधारित भावनाएँ उभारी जाती हैं, फिर हम बनाम वे की खतरनाक मानसिकता पैदा की जाती है। पीड़ित भाव को धार्मिक कर्तव्य से जोड़ कर बताया जाता है कि पूरी दुनिया इस्लाम के विरुद्ध साजिश कर रही है। इसके बाद सोशल मीडिया, विदेशी नेटवर्क और गुप्त ऑनलाइन चैनलों के माध्यम से युवाओं को विश्वास दिला दिया जाता है कि हिंसा कोई अपराध नहीं बल्कि जन्नत का रास्ता है। कट्टरपंथ की यह साइलेंट प्रक्रिया मस्जिद, मदरसा, परिवार और मोबाइल- चारों दिशाओं से समान रूप से चलती है। ऐसे में सवाल उठता है कि समाधान केवल पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों पर ही क्यों छोड़ा जाए? जिस समाज से प्रभावित युवक निकलते हैं, उस समाज की जिम्मेदारी भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। मुस्लिम समुदाय को विशेष रूप से विचार करना होगा कि क्या उनकी धार्मिक शिक्षा, आधुनिक और व्यावहारिक है? क्या मस्जिदों के इमाम अपने भाषणों में कट्टरपंथ को स्पष्ट रूप से अस्वीकार करते हैं? परिवार क्या अपने बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों पर सतर्क है? क्या समुदाय में प्रगतिशील आवाजों को समर्थन मिलता है? यदि इन सभी सवालों का जवाब 'नहीं' की ओर इशारा करता है, तो आत्ममंथन आवश्यक है। कट्टरपंथ का सबसे गहरा और दीर्घकालिक नुकसान स्वयं मुस्लिम समाज को होता है। प्रत्येक आतंकी घटना के बाद पूरा समुदाय संदेह की दृष्टि से देखा जाता है, चाहे उसकी कोई गलती न हो। पढ़े-लिखे युवाओं पर नौकरी और अवसरों में अविश्वास बढ़ता है। प्रगतिशील मुस्लिम बुद्धिजीवियों की आवाज दब जाती है और सामान्य मुसलमान भी सामाजिक संदेह का बोझ झेलते हैं। इसीलिए मुस्लिम समाज जितनी दृढ़ता से कट्टरपंथ के खिलाफ खड़ा होगा, उतनी ही तेजी से वह स्वयं को सुरक्षित और सम्मानित रख पाएगा।

# राजनीतिक कुलों में संग्राम

**भारतीय लोकतंत्र की जमीन पर जड़ें जमाते राजनीति के वंश-वृक्ष देश की संवैधानिक संप्रभुता की जड़ां में मट्ठा घोलने का काम कर रहे हैं। कांग्रेस समेत हरेक क्षेत्रीय राजनीतिक दल में राजनीतिक उत्तराधिकार और वंशवाद को राजनीति के फलक पर स्थापित करने की होड़ लगी है। भाजपा में भी वंशवाद का रोग पनपा हुआ है। वामदलों को जरूर हम अपवाद के रूप में देख सकते हैं। इसीलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जरूर परिवारवाद को बढ़ावा दे रहे दलों की मानसिकता पर कुठाराघात करते हुए उन्हें लोकतंत्र और संविधान की मूल भावना का विरोधी बताते हुए हमेशा हमलावर रहे हैं।**




बिहार चुनाव में राष्ट्रीय जनता दल की करारी हार के बाद दल प्रमुख लालू प्रसाद यादव के परिवार में वर्चस्व का संग्राम छिड़ गया है। लालू की बेटी रोहिणी आचार्य ने तेजस्वी यादव के करीबी संजय यादव और रमीज खान को चुनाव में हार के लिए जिम्मेदार ठहरा दिया है। परिवार के सदस्यों में मानसिक विकृति किस हद तक होती है, इसका उदाहरण देते हुए रोहिणी ने कहा है कि 'मुझे गालियां देते हुए कहा गया कि मैं गंदी हूं और मैंने अपने पिता को अपनी गंदी किडनी लगवा दी। इसके बदले में मैंने करोड़ों रुपए और चुनावी टिकट लिए। मुझे अब अपनी उदारता पर पछतावा हो रहा है। मेरा देश की सभी बेटियों से अनुरोध है कि जब आपके मायके में कोई बेटा या भाई हो तो भूल कर भी अपने पिता को नहीं बचाएं।'

लालू के बड़े बेटे तेजप्रताप यादव भी रोहिणी के समर्थन में खुलकर सामने आ गए हैं। उन्होंने यहां तक कह दिया है कि 'यदि बहन रोहिणी का माता-पिता ने किसी भी तरह का मानसिक उत्पीड़न दिया है तो उसकी जांच होनी चाहिए।' तेजप्रताप ने यहां तक कह दिया कि जयचंदों को जमीन पर दफन कर देंगे। राज और राजनीतिक वंशों में देखने में आया है कि जब तक वे प्रगति कर रहे होते हैं, तब तक उनमें एकता बनी रहती है, लेकिन पतन के समय ये कुनबे बिर जाते हैं। कुदरत का यह ऐसा जाल है कि वह वंशों के डीएनए में ही अलगाव के बीच बो देता है।

भारतीय लोकतंत्र की जमीन पर जड़ें जमाते राजनीति के वंश-वृक्ष देश की संवैधानिक संप्रभुता की जड़ां में मट्ठा घोलने का काम कर रहे हैं। कांग्रेस समेत हरेक क्षेत्रीय राजनीतिक दल में राजनीतिक उत्तराधिकार और वंशवाद को राजनीति के फलक पर स्थापित करने की होड़ लगी है। भाजपा में भी वंशवाद का रोग पनपा हुआ है। वामदलों को जरूर हम अपवाद के रूप में देख सकते हैं। इसीलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जरूर परिवारवाद को बढ़ावा दे रहे दलों की मानसिकता पर कुठाराघात करते हुए उन्हें लोकतंत्र और संविधान की मूल भावना का विरोधी बताते हुए हमेशा हमलावर रहे हैं। उन्होंने इस प्रवृत्ति को सामंतशाही की संरक्षक और लोकतांत्रिक मूल्यों और मान्यताओं के लिए घातक बताया है। इसमें दो राय नहीं कि विकृत वंशवादी मनोवृत्ति के चलते बहुदलीय शासन प्रणाली, एकतंत्रीय व्यक्तिवाद की गिरफ्त में आती जा रही है। इस नाते देश के प्रमुख राष्ट्रीय दल संवैधानिक लोकतांत्रिक व्यवस्था को एकध्रुवीय बनाने की कोशिश में लगे रहे हैं। कांग्रेस ने तो समूची राजनीति को राहुल गांधी और क्षेत्रीय दलों ने परिवार के मुखियाओं पर केंद्रित कर दी है। जबकि संवैधानिक व्यवस्था बहुदलीय है। लोकतंत्र को राजतंत्र में बदलने का यह खेल न तो देश की बुनियादी समस्याएं भूख, अन्याय और असमानता से लड़ने में कामयाब हो सकती हैं और न ही सीमाई संप्रभुता व आंतरिक समस्याओं से निपटने में दो-चार हो सकती हैं। दरअसल, आसानी से मिला राजनैतिक उत्तराधिकार का वैभव व्यक्ति की मानसिकता को सुविधा-भोगी और व्यक्तिवादी महत्वाकांक्षा को बढ़ाने का काम करता हैं। वह राजसी भोग-विलास में भी लग जाता है। प्रजातंत्र में यह स्थिति अपरोक्ष रूप से सामंती मूल्यों को स्थापित करने वाली है। स्वतंत्रता के बाद अस्तित्व में आए संविधान में समता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुता के आदर्शों के साथ देश को एक मजबूत राष्ट्र में गढ़ने की परिकल्पना की गई थी। किंतु जब साल 1952 में स्वतंत्र भारत का पहला आम चुनाव हुआ तो संविधान में दर्ज आदर्श को पलीता लगाने का काम कांग्रेस समेत अनेक राजनीतिक दलों ने धर्म और जाति के आधार पर उम्मीदवारों का चयन और वोट मांग कर किया। अब आजादी के 78 साल बाद भी धर्म और जाति तो अपनी जगह कायम हैं ही, खरपतवार की तरह वंशवादी ऐसे बरगदी वृक्ष भी उग आए हैं, जो प्रजातांत्रिक मूल्यों और भावनाओं को ठेंगा दिखाने का काम कर रहे हैं। बुंदेलखंण्ड में एक कहावत प्रचलित है कि चंबल नदी की गहराई एक दर्जन खाटों की बान से भी नहीं नापी जा सकती। लेकिन प्रजातंत्र की मिट्टी में वंशवाद की जड़ें जितनी गहरी होती जा रही हैं, उन्हें तो दो दर्जन खाटों के बान से भी नापा जाना मुश्किल है। कालांतर में कई राजनेताओं के परिवार वंशवाद की डगर पर चले। इसमें वे लोहियावादी भी शामिल हैं, जो कई दशकों तक वंशवाद को कोसते हुए इन्हें लोकतंत्र और संविधान के लिए खतरा बताते रहे। लेकिन क्षेत्रीय दलों के प्रमुख बनने और सत्ता की बागडोर हाथ में आते ही उन्होंने देश के सामने कोई आदर्श उदाहरण पेश करने के बजाय स्वयं वंशवाद के बरगद बने। लालू प्रसाद, मुलायम सिंह और रामविलास पासवान इसके प्रमुख उदाहरण हैं। लालू को जब चारा घोटाले के मामले में बिहार का मुख्यमंत्री रहते हुए जेल जाने की नौबत आई, तो उन्हें अपना राष्ट्रीय जनता दल में ऐसा एक भी होनहार नेता नहीं दिखाई दिया जो मुख्यमंत्री की कुर्सी संभालने की काबिलियत रखता हो। आखिरकार यह योग्यता उन्हें अपनी निरक्षर धर्मपत्नी राबड़ी देवी में ही दिखाई दी। अंततः लालू ने प्रजातांत्रिक राज्य सत्ता राबड़ी को मनोनीत करके हस्तांतरित कर दी। स्वतंत्र भारत में राज्यसत्ता के पारिवारिक उत्तराधिकारी को ही हस्तांतरित किए जाने की यह मनोवृति सबसे शर्मनाक स्थिति रही है। बाद में लालू के दो पुत्र और दो पुत्रियां राजनीति में सीधे दखल देने लग गईं। किंतु 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद लालू कुनबे की कलह सड़क पर आ गई। मुलायम सिंह यादव की कहानी भी लालू जैसी ही है। इनके पूरे कुनबे ने ही राजनीति में हस्तक्षेप करके गांधी और सिंधिया परिवार को पीछे छोड़ दिया है। मुलायम के भाई रामगोपाल यादव और शिवपाल यादव राजनीति में हैं। बेटा अखिलेश उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रह चुके हैं और अब समाजवादी पार्टी उन्हीं की मुट्ठी में है। अखिलेश की पत्नी डिपंल भी सांसद हैं। भतीजे धर्मेन्द्र और अक्षय भी सक्रिय राजनीति में हैं। उसी तरह रामविलास पासवान के भाई रामचंद्र और पारस पहले ही राजनीति में थे। रामविलास पासवान के निधन के बाद उनके पुत्र चिराग के हाथो में लोक जनशक्ति पार्टी की कमान है। उसी तरह भारतीय राजनीति में वंशवाद के शुरुआती उदाहरणों में गांधी परिवार के साथ मध्य प्रदेश के सिंधिया परिवार का भी नाम शामिल है। दक्षिण में भी वंश-वृक्ष खूब फल-फूल रहे हैं। आठ दशक पुराने क्रांतिकारी द्रविड़ आंदोलन और हिन्दी के विरोध की कोख से जन्मी द्रविड मुनेत्र कशघम यानी द्रमुक भी वंशवाद की राह पर है। एम करुणानिधि की राजनैतिक विरासत का वास्तविक उत्तराधिकारी कौन है, इस सवाल को लेकर उनके दोनों बेटों में खूनी जंग भी छिड़ चुकी है। हालांकि बड़े बेटे एमके अलागिरी की बजाए करुणानिधि ने छोटे बेटे एमके स्टालिन को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया था इसलिए पार्टी और राज्य सत्ता की कमान स्टालिन के हाथ है। उनकी बेटी कनिमोझी भी सासंद हैं। 2 जी स्पेक्ट्रम घोटाले में वे जेल भी जा चुकीं हैं। हालांकि करूणानिधि और उनका दल साम्यवाद से प्रभावित रहा है। मार्क्स का जो ऐतिहासिक भौतिकवाद है, वह प्रजातंत्र में कुनबापरस्ती का विरोध करता है, लेकिन करुणानिधि का वंश इसी कुनुबापरस्ती की गिरफ्त में है। तृणमूल कंग्रेस की मुखिया ममता बनर्जी और बहुजन समाजवादी पार्टी की सुप्रीमो मायावती अविवाहित हैं, बावजूद वंशवादी मानसिकता के चलते अपने भतीजों को आगे बढ़ा रही हैं। तेलंगाना में केसीआर का उत्तराधिकारी कौन हो इसे लेकर भाई-बहन आपस में टकरा रहे हैं। बेटी कविता साल 2023 के शराब घोटाले में गिरफ्तार हुई तो भीतर का संघर्ष सड़क पर आ गया। महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे और उनके चचेरे भाई राज ठाकरे के अलग होने के बाद साल 2022 में शिंदे की बगावत ने शिवसेना के दो फाड़ कर दिए। इस अलगाव की वजह से बाल ठाकरे की विरासत कमजोर हुई तो भाजपा सत्ता के सिंहासन पर जा बैठी। आंध्र प्रदेश में वाईएसआर की मौत के बाद साल 2023-24 में पैतृक संपत्ति पर अधिकार को लेकर जगन और उर्मिला के बीच विवाद सामने आया और दोनों अलग-अलग दलों में पहुंच गए। महाराष्ट्र में शरद पवार की राजनीतिक विरासत पर रस्साकशी के बाद साल 2023 में अजीत पवार भाजपा-शिंदे सरकार में शामिल हो गए, जिसके चलते पार्टी दो हिस्सों में विभाजित हो गई, इस विभाजन के साथ ही महाराष्ट्र में कई सीटों पर कांग्रेस-शिवसेना और अन्य गठबंधनों के साथ समीकरण बदल गए। जिसका नतीजा कांग्रेस शरद पवार और शिवसेना को भुगतना पड़ा। आज देश में दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह निर्मित हो गई है कि एक जमाने में वंशवाद के जो प्रबल विरोधी थे और जिन्हें गांधी परिवार फूटी आंख नहीं सुहाता था, वे इसके समर्थक व निष्ठानवान अनुयायी हो गए हैं। इसी कारण राजनीतिक वंशवाद ने अब एक ब्रांड का रूप धारण कर लिया है। आम जनता को इससे सचेत होने की जरूरत है। ब्रिटेन के लोकतंत्र का उल्लेख करते हुए दार्शनिक रूसो ने कहा था, 'इग्लैण्ड की जनता समझती है कि वह आजाद है तो यह उसका भ्रम है। जनता की आजादी केवल वहीं तक है, जहां तक वह माननीय सांसदों का चुनाव करती है। चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने के बाद जनता को गुलाम कैसे बनाए रखा जाए, इस दूषित मानसिकता का दुश्चक्र तुरंत घूमना शुरू हो जाता है।' भारत में यह कथन सत्य के निकट है।

**प्रमोद भार्गव**

# विश्व बाल दिवसः मासूमियत की रक्षा का वैश्विक संकल्प

विश्व बाल दिवस (20 नवम्बर) पर विशेष

**योगेश कुमार गोयल**

बाल दिवस केवल भारत ही नहीं बल्कि विश्व के अधिकांश देशों में मनाया जाता है। भारत में बाल दिवस प्रतिवर्ष 14 नवम्बर को मनाया जाता है लेकिन बच्चों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह दिवस 20 नवम्बर को मनाया जाता है। यह दिवस हमें बच्चों के अधिकारों की वकालत करने और उन्हें बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करता है। इस वर्ष यह दिवस 'मेरा दिन, मेरे अधिकार' विषय के साथ मनाया जा रहा है, जो यह सुनिश्चित करने पर जोर देता है कि सभी बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, सुरक्षा और सुरक्षित वातावरण सहित उनके मौलिक अधिकारों तक पहुंच हो। वैश्विक स्तर पर इस दिवस को मनाने का उद्देश्य दुनियाभर में बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार करना, उनकी समस्याओं को हल करना, उनके कल्याण के लिए काम करना तथा अंतरराष्ट्रीय एकजुटता को बढ़ावा देना है। बाल दिवस दुनियाभर में 190 से ज्यादा देशों में मनाया जाता है और अनेक देशों में इसे मनाने की तारीखें अलग-अलग हैं। जनवरी माह से लेकर दिसम्बर तक हर माह किसी न किसी देश में बाल दिवस का आयोजन होता है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 20 नवम्बर 1954 को 'विश्व बाल दिवस' मनाए जाने की घोषणा की गई थी, जिसका उद्देश्य यही था कि इस विशेष दिन के माध्यम से अलग-अलग देशों के बच्चे एक-दूसरे के साथ जुड़ सकें, जिससे उनके बीच आपसी समझ तथा एकता की भावना मजबूत हो सके। सर्वप्रथम बाल दिवस जेनेवा के इंटरनेशनल यूनियन फॉर चाइल्ड वेलफ़ेयर के सहयोग से विश्वभर में अक्तूबर 1953 में मनाया गया था। विश्वभर में बाल दिवस मनाए जाने का विचार वीके कृष्ण मेनन का था, जिसे संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 1954 में अपनाया गया था। संयुक्त राष्ट्र द्वारा विश्वभर के तमाम देशों से अपील की गई थी कि वे अपनी परम्पराओं, संस्कृति तथा धर्म के अनुसार अपने लिए कोई एक ऐसा दिन सुनिश्चित करें, जो सिर्फ बच्चों को ही समर्पित हो। वैसे तो बाल दिवस मनाए जाने की शुरूआत वर्ष 1925 से ही हो गई थी लेकिन वैश्विक रूप में देखें तो इसे दुनियाभर में मान्यता मिली साल 1953 में। दुनियाभर में बाल दिवस के माध्यम से लोगों को बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा, बाल मजदूरी इत्यादि बच्चों के अधिकारों के प्रति जगरूक करने का प्रयास किया जाता है। माना जाता है कि सबसे पहले बाल दिवस तुर्की में मनाया गया था। आईए देखते हैं कि दुनियाभर में किन देशों द्वारा कब बाल दिवस मनाया जाता है। जनवरी के पहले शुक्रवार को बहामास में, 11 जनवरी को ट्यूनिशिया, जनवरी के दूसरे शनिवार को थाईलैंड, फरवरी के दूसरे रविवार कुक द्वीप समूह, नाउरू, निउए, टोकेलौ तथा केमन द्वीप समूह में, 13 फरवरी को म्यांमार, मार्च के पहले रविवार को न्यूजीलैंड, 17 मार्च को बांग्लादेश, 4 अप्रैल को चीनी ताइपे, हंगकांग, 5 अप्रैल को फिलिस्तीन, 12 अप्रैल को बोलिविया तथा हैती, 23 अप्रैल को तुर्की, 30 अप्रैल को मेक्सिको, 5 मई को दक्षिण कोरिया तथा जापान, मई के दूसरे रविवार को स्पेन तथा यूके, 10 मई को मालदीव, 17 मई को नार्वे, 27 मई को नाईजीरिया, मई के आखिरी रविवार को हंगरी, 1 जून को चीन सहित कई देशों में बाल संरक्षण दिवस के रूप में, 1 जुलाई को पाकिस्तान, जुलाई के तीसरे रविवार को क्यूबा, पनामा, वेनेजुएला, 23 जुलाई को इंडोनेशिया, अगस्त के पहले रविवार को उरुग्वे, 16 अगस्त को पैराग्वे, अगस्त के तीसरा रविवार को अर्जेन्टीना तथा पेरू, 9 सितम्बर कोस्टा रीका, 10 सितम्बर को हौण्डुरस, 14 सितम्बर को नेपाल, 20 सितम्बर को आस्ट्रिया तथा जर्मनी, 25 सितम्बर को नीदरलैंड, 1 अक्तूबर को अल साल्वाडोर, ग्वाटेमाला तथा श्रीलंका, अक्तूबर के पहले बुधवार को चिली, अक्तूबर के पहले शुक्रवार को सिंगापुर, 8 अक्तूबर को ईरान, 12 अक्तूबर को ब्राजील, अक्तूबर के चौथे शनिवार को मलेशिया, अक्तूबर के चौथा रविवार को आस्ट्रेलिया, नवम्बर के पहले शनिवार को दक्षिण अफ्रीका, 20 नवम्बर को अजरबैजान, कनाडा, साइप्रस, मिस्त्र, इथियोपिया, फिनलैंड, फ्रांस, यूनान, आयरलैंड, इजराइल, केन्या, मैसिडोनिया, नीदरलैंड, फिलीपींस, सर्बिया, स्लोवेनिया, दक्षिण अफ्रीका, स्पेन, स्वीडन, स्विट्जरलैंड, संयुक्त अरब अमीरात, त्रिनिदाद व टोबेगो, 5 दिसम्बर को सूरीनाम, 23 दिसम्बर को सूडान तथा 25 दिसम्बर कांगो गणराज्य, कैमरून तथा भूमध्यरेखीय गिनी में बाल दिवस का आयोजन किया जाता है।

## सेहत मंत्र

# साइनस इंफ़ेक्शन होने पर दवाई नहीं सिर्फ एक टुकड़ा लहसुन आएगा काम

साइनस इंफ़ेक्शन जिसे साइनसाइटिस या राइनोसिनिटिस के रूप में भी जाना जाता है, वास्तव में साइनस की सूजन है जिसके परिणामस्वरूप व्यक्ति को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इनके लक्षणों में भरी हुई या बहती हुई नाक, बुखार, सिरदर्द, गले में खराश या खांसी आदि होती है। साइनस संक्रमण एक आम स्वास्थ्य समस्या है और ठंड के मौसम में लोगों को इस समस्या का अधिक सामना करना पड़ता है। इतना ही नहीं, साइनसाइटिस होने पर व्यक्ति को अपने दैनिक कार्य करने में भी परेशानी होती है। हालांकि अधिकतर लोग यह समस्या होने पर दवाई लेते हैं, लेकिन हर बार दवाई लेना अच्छा विचार नहीं है। इससे आपको कुछ समय के लिए भले ही राहत मिल जाए, लेकिन लम्बे समय में आपको इन दवाईयों के नुकसान ही झेलने पड़ते हैं। ऐसे में आप अपनी किचन से ही साइनस का इलाज ढूंढ सकते हैं। ऐसी ही एक चीज है लहसुन। यूं तो इसका इस्तेमाल भोजन में किया जाता है, लेकिन इसमें ऐसे कई तत्व जैसे एलिसिन आदि पाया जाता है, जो साइनस संक्रमण को प्रभावी रूप से दूर करता है। इतना ही नहीं, नेचुरल होने के कारण इसका कोई नुकसान भी नहीं होता। यूं तो लहसुन का उपयोग कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं में किया जाता है, लेकिन साइनस संक्रमण में इसे बेहद प्रभावशाली माना गया है। दरअसल, इसमें एलिसिन कंपाउड पाया जाता है, जो लहसुन का एंटीबायोटिक, एंटीवायरल, एंटीफंगल, एंटी-बैक्टीरियल और एंटीऑक्सीडेंट गुण प्रदर्शित करते हैं। वहीं इसके अन्य तत्वों में एलिन और एजीन पाया जाता है, जो सर्क्यलटोरी सिस्टम और इम्यूनोलॉजिकल सिस्टम के हीलिंग इफ़ेक्ट को बढ़ाते हैं। लहसुन स्वाभाविक रूप से आपके नाक मार्ग में सूजन को कम करता है। ऐसे में अगर साइनस इंफ़ेक्शन होने पर लहसुन का प्रयोग किया जाए तो यह बेहद प्रभावी तरीके से काम करता है। लहसुन की मदद से आप नोज़ ड्रॉप बनाकर अपनी नाक में डाल सकते हैं। इससे आपको काफी राहत महसूस होगी। नोज़ ड्रॉप बनाने के लिए आधा कप डिस्टिल्ड वॉटर लेकर उसमें एक लहसुन की कली को कुचलकर डालें और कुछ घंटों के लिए इसे ऐसे ही छोड़ दें। अब पानी को छान लें ताकि पानी में लहसुन के टुकड़े ना रह जाएं।

## धर्म मंत्र

# भक्तों के संकट क्षण में हर लेते हैं श्रीराम भक्त हनुमानजी

रामायण युग में दिव्य शक्तियों से परिपूर्ण रामभक्त हनुमान जी को कौन नहीं जानता और कौन नहीं समझता है। रामभक्त हनुमान जी सर्वगुण सम्पन्न, बाल ब्रह्मचारी, हर प्रकार के कठिन से कठिन कार्य को करने के लिए सदा तत्पर रहने वाले हैं। हनुमान जी एक ऐसे महान देवता हैं जो आज कलियुग के निराशावादी जीवन में भी उत्साह का संचार करते रहते हैं। हनुमान जी कलियुग में आदर्श जीवन कैसे जिया जाये इसकी प्रेरणा प्रदान करते हैं। उत्तर भारत में हनुमान जयन्ती का पर्व अर्धरात्रि व्यापिनी कृष्ण चर्तुदशी को मनाया जाता है। हनुमान जी के जन्म का उल्लेख अगस्त्य संहिता में हुआ है। दूसरी ओर चैत्र मास की एकादशी और पूर्णिमा पर भी हनुमान जी के जन्म के प्रमाण मिलते हैं। हनुमान जयंती के दिन हनुमान जी की विशेष पूजा अर्चना की जाती है। जिससे कई गुना लाभ सभी भक्तों को मिलता है। हनुमान जयंती के अवसर पर हनुमान जी के सभी मंदिरों को बेहद भव्य तरीके से सजाया जाता है। हनुमान जयंती पर उनका षोडपोचार पूजन तथा श्रृंगार किया जाता है। हनुमान जी कलियुग में आज के वातावरण में भी एक सर्वश्रेष्ठ संकटहर्ता हैं। परिवारों के बड़े-बुजुर्ग भी जब उनके बच्चे निराशावाद में चले जाते हैं तब अपने बच्चों को हनुमान जी की शरण में जाने को कहते हैं क्योंकि हनुमान जी का चित्र देखने मात्र से ही सभी प्रकार की निराशा दूर होने लगती है। वैसे भी उल्लेख मिलता है कि जब हनुमान जी कभी-कभी निराश होने लगते थे तब वे स्वयं अपने प्रभु श्रीराम की शरण में चले जाते थे। इसी कारण एक गीत गुनगुनाया भी जाता है कि, ''हनुमान जी न चलें श्रीराम के बिना और श्रीराम जी न चलें हनुमान के बिना।

## पर्यटन



# नागपुर : सतरंगी पहचान वाला बहुत ही खूबसूरत शहर

कुदरती खूबसूरती और ऐतिहासिक समृद्धि का सुंदर मेल नजर आता है यहां। यदि के सम्मोहित कर देने वाले किलों और पुराने मंदिरों में शहर की विरासत की छाप देख सकते हैं। नागपुर महाराष्ट्र के कुछ खास शहरों में से एक है जहां झीलों और हरियाली से भरी वादियां आपका मन मोह लेंगी। खासतौर पर कुदरत के प्रेमियों के लिए यह स्थान बाहें फैलाए स्वागत करने के आतुर रहता है। यदि आप वाइल्ड लाइफ प्रेमी भी हैं और टाइगर सफारी करना चाहते हैं यह शहर आपकी प्रतीक्षा में है। दरअसल, सबसे हरा और सबसे स्वच्छ शहरों में से एक नागपुर में अनेक वाइल्ड लाइफ सेंक्चुअरी हैं। संतरा नगरी तो यह है ही। खास बात है कि आप यहां के संतरा बगान की सैर के लिए भी आ सकते हैं। फूड लवर्स को तो अपना मुरीद बना लेता है यह शहर। यह बौद्ध-दलित लोगों के लिए आंदोलन का एक मुख्य केंद्र रहा है। बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर ने यही अपने लाखों अनुयायियों के साथ बौद्ध-धर्म की दीक्षा ली थी। कुल मिलाकर, विविधता से भरपूर है यह शहर, जिसका हर रंग खास है। अठारहवीं शताब्दी के आरम्भ में गोंड राजा बख्त बुलंद ने नागपुर शहर की स्थापना की गई थी। नागपुर ब्रिटिशकालीन मध्य भारत की एक रियासत थी, जिसे पेशवा बाजीराव प्रथम के समय रघुजी भोंसले ने अपनी राजधानी बनाया। 1761 ई. के बाद नागपुर के भोंसले स्वतंत्र रूप से इस पर शासन करने लगे। 1817 ई. में यह ब्रिटिश प्रभाव में आ गया। 1854 ई. में लॉर्ड डलहौजी ने नागपुर को नागपुर नरेश के उत्तराधिकारी न होने के कारण कब्जा कर ब्रिटिश साम्राज्य का अंग बना दिया और वहां के राजवंश के कीमती रत्न-आभूषणों को नीलाम कर दिया। वर्तमान में नागपुर में भोंसले वंश के शासनकाल का एक दुर्ग तथा अन्य भवनादि स्थित हैं। 1861 ई. में इसे मध्य प्रांत की राजधानी बना दिया गया, जो 1956 ई. तक रही। 1956 में भाषा के आधार पर हुए राज्य पुनर्रचना ने नागपुर को महाराष्ट्र का हिस्सा और उसकी उपराजधानी बना दिया।

# महादेवा महोत्सव : समर के गानों पर जमकर थिरके श्रोता, उमड़ी भारी भीड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी। महादेवा महोत्सव की तीसरी शाम भोजपुरी गायक समर सिंह के नाम रही उन्होंने एक से बढ़कर एक भोजपुरी गानों की शानदार प्रस्तुति देकर शमां बांध दी। पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गुजरात अग्रवाल तहसीलदार विपुल कुमार सिंह बीडीओ जितेंद्र कुमार ने माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। गायक समर सिंह ने सर्वप्रथम अचरा के प्यार माई हो ,भोले बाबा बम बम गूंजेला बाबा की नगरिया. की शानदार प्रस्तुति देकर पूरा माहौल शिवमय कर दिया। इसके बाद

**भोले बाबा फ़ेरी न नजरिया.**

सावन में कधा धुआं धुआं, बोल बम की साड़ी चाही. सुनाया तो दर्शक झूमने लगे। उन्होंने भोजपुरी गाना,ससुरारी मा हरनवि धई धई दबाता. सुनाया तो पूरा पाण्डाल



तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। जान माँरै झुलनिया ना.

गोरा के सुतवैया गानों की शानदार प्रस्तुति पर श्रोता थिरकने लगे। कार्यक्रम में दर्शकों की भारी भीड़ के चलते पूरा पंण्डाल खचाखच भरा था।

महादेवा महोत्सव के तीसरे दिन बुधवार की शाम भोजपुरी नाइट समर सिंह शिल्पी राज के नाम रही । भोजपुरी नाइट कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी तथा ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गुंजिता अग्रवाल ने दीप प्रज्वलन कर किया।भोजपुरी गायक समर सिंह और शिल्पी राज भवन के साथियों द्वारा भोजपुरी गीतों की प्रस्तुति की। कार्यक्रम के शुभारंभ में सहयोगी गायक ने हरियर हरियर निबिया आहे हरी हरी पतइया आहै भोजपुरी गीत गाकर किया ।



गायिका शिल्पी राज के लागल बा कचहरी मैया के दरबार मे ,तनिको न कमी पइबा मैया के प्यार मे , जो न चाहै मैया सिकियाव न डोलय हो , वबुलेट पा जीजा हो बुलेट पा जीजा भोजपुरी गीत पर दर्शक झूम उठे ।

भोजपुरी गायक समर सिंह ने अचरा के प्यार माई हो , जहा जहा नवराता मे , असो मइया के मुरति सजा के ' स्वागत बाटे अवध मे राम भोजपुरी गीत की प्रस्तुति पर पांडाल तालियों की गड़गडाहट से गूँज उठा ।

इस अवसर पर सीओ गरिमा पंत,तहसीलदार विपुल सिंह , नायब विजय प्रकाश तिवारी , भाजपा जिला उपाध्यक्ष शेखर हयारण , एमएलसी प्रतिनिधि कुलदीप सिंह , प्रभारी निरीक्षक अनिल पाण्डेय , चौकी प्रभारी अभिनन्दन पाण्डेय , राजस्व विभाग के अधिकारी व कर्मचारी गण पुलिस प्रशासन समेत हजारो लोगो का जनसमूह उपस्थित रहा ।

# जिला दीवानी न्यायालय में न्याय का नया अध्याय रिकॉर्ड रूम व 13 कोर्ट बिल्डिंग का लोकार्पण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। जनपद दीवानी न्यायालय में बुधवार का दिन इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज हो गया, जब इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश माननीय न्यायमूर्ति अरुण भंसाली ने नवनिर्मित रिकॉर्ड रूम और 13 कोर्ट बिल्डिंग का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में माननीय न्यायमूर्ति मनीष कुमार (लखनऊ पीठ एवं प्रशासनिक न्यायाधीश, बाराबंकी), रजिस्ट्रार जनरल मनजीत सिंह शेओरण, वरिष्ठ रजिस्ट्रार राकेश त्रिपाठी, प्रमुख सचिव (विधि) दिनेश सिंह, जनपद न्यायाधीश प्रतिमा श्रीवास्तव, पीओ एमएसीटी अल्पना सक्सैना, प्रिंसिपल जज फैमिली कोर्ट वंदना सिंह, सहित सभी न्यायिक अधिकारी, बार एसोसिएशन पदाधिकारी, पुलिस प्रशासन व अधिवक्ता मौजूद रहे।दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। सभी अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ व जीवित पौधा भेंटकर किया गया।

**न्याय की नई सोच व नई ऊर्जा का आरंभ : जिला जज**

जनपद न्यायाधीश प्रतिमा श्रीवास्तव ने कहा कि यह उद्घाटन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि न्याय को अधिक सशक्त, पारदर्शी और मानव-केंद्रित बनाने का संकल्प है।



**नए भवन न्याय की गरिमा और सुलभता का प्रतीक – मुख्य न्यायाधीश**

रिकॉर्ड रूम और न्यायालय भवनों का अनावरण करते हुए मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली ने कहा– ल्हम केवल भवन नहीं बना रहे, बल्कि न्याय के मार्ग को उज्ज्वल और सुगम बना रहे हैं। न्याय तभी पूर्ण है जब वह सभी के लिए समान, समयबद्ध और सुलभ हो। उन्होंने कहा कि नवीन 13 न्यायालय भवन बढ़ते वादभार को संभालने में सक्षम होंगे, आधुनिक सुविधाओं से युक्त होंगे और न्यायिक प्रक्रिया को और पारदर्शी बनाएंगे। नए रिकॉर्ड रूम को उन्होंने ल्नन्यायिक धरोहर का संरक्षकङ्क बताते हुए कहा कि यह सुरक्षित, व्यवस्थित और डिजिटलीकरण के अनुरूप तैयार किया गया है। मील का पत्थर न्यायिक दक्षता का प्रतीक – प्रशासनिक न्यायाधीश

न्यायमूर्ति मनीष कुमार ने कहा कि अधिवक्ता और न्यायालय कर्मियों की निष्ठा ने बाराबंकी न्यायालय को निरंतर प्रगति दी है। नए भवन न्यायिक सेवा को गति और सरलता प्रदान करेंगे। सम्मान, विचार और संकल्प का समारोह अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त किए और

**आधुनिक न्यायिक संरचना का शुभारंभ, पारदर्शी व सुलभ न्याय की दिशा में बड़ा कदम**

**मुख्य न्यायाधीश माननीय श्री अरुण भंसाली बोले– ल्नन्यायालय केवल भवन नहीं, जन–आस्था का केंद्र है**

**ऐतिहासिक पल का साक्षी बना बाराबंकी न्यायालय, जिला जज व अन्य न्यायाधीशों की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न**

न्यायिक ढांचे को मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई। सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। कार्यक्रम के अंत में एडीजे-क्र विनय कुमार सिंह ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सहयोग और विश्वास से बाराबंकी न्यायालय न्याय के पथ पर और अधिक दृढ़ता से आगे बढ़ता रहेगा। अंत में राष्ट्रगान हुआ। मंच संचालन एसीजीएम प्राची अग्रवाल और श्रद्धा लाल ने किया।

## 2- अंडर-19 क्रिकेट टीम में हुआ चयन, समर्थकों में खुशी

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। ग्राम निज़ाम पट्टी पोस्ट के.एन.आई. निवासी परनित तिवारी का चयन दिल्ली की अंडर-19 क्रिकेट टीम में हुआ। इनके पिता पिंकल प्रकाश तिवारी कम्पोजिट विद्यालय पूरे दशवत ब्लॉक कुड़वार में शिक्षक के रूप में कार्यरत हैं। परनित ने अपना प्रारम्भिक प्रशिक्षण क्रिकेट कोच दिलशाद अहमद (लकी ) से बाबू के.एन. सिंह क्रिकेट अकादमी में प्राप्त किया। बिहार के खिलाफ चल रहे अपने पहले मैच में पहली पारी में अभी तक 4 विकेट प्राप्त किये हैं।सुल्तानपुर के लिए यह दोहरी खुशी का समय है क्योंकि इसी वर्ष इसी अकादमी से प्रशिक्षण प्राप्त कुशाग्र सिंह का चयन उत्तर प्रदेश की ठ-23 क्रिकेट टीम में हो चुका है।जिला क्रिकेट संघ के सचिव असद अहमद,सदस्य गफ्फार अहमद, जिला क्रीड़ा अधिकारी राजेश सोनकर ने परनित की इस सफलता पर हर्ष जताया।

## भारत की वैश्विक छवि मजबूत करती है प्रवासी भारतीयों की सफलताः डॉ. पेम्मासानी

बाकू। केंद्रीय संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी ने कहा कि प्रवासी भारतीयों की सफलता भारत की वैश्विक छवि को मजबूत करती है, उनके निवेश नए अवसर पैदा करते हैं और उनके बच्चे दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक सेतु का काम करते हैं। डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी अजरबैजान के बाकू में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए भारतीय प्रवासियों से मेंटर बनने, युवा उद्यमियों का मार्गदर्शन करने, भारत में निवेश बढ़ाने और देश की विकास यात्रा में सक्रिय भागीदार बनने की अपील की। कार्यक्रम में 1,000 से अधिक भारतीय मूल के लोग उपस्थित थे। इनमें अंतरराष्ट्रीय तेल-गैस, आतिथ्य एवं कमोडिटी ट्रेडिंग क्षेत्र के पेशेवरों के साथ-साथ अजरबैजान की विभिन्न विश्वविद्यालयों में पढ़ रहे 380 भारतीय छात्र भी शामिल थे। डॉ. पेम्मासानी ने भारतीय समुदाय की एकजुटता और संगठन क्षमता की प्रशंसा की। उन्होंने इंडियन-अजरबैजान एसोसिएशन, अजरबैजान-तेलुगु एसोसिएशन, बाकू तमिल संघम तथा इंडियन स्टूडेंट्स एसोसिएशन ऑफ अजरबैजान जैसी संस्थाओं का विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि हजारों किलोमीटर दूर रहकर भी यह समुदाय आधुनिक, लचीला और अपनी जड़ों से जुड़ा भारत प्रस्तुत कर रहा है। भारत की डिजिटल क्रांति, नवीकरणीय ऊर्ज़ा, अंतरिक्ष कार्यक्रम और आर्थिक प्रगति का जिक्र करते हुए मंत्री ने युवाओं से अपनी दोहरी पहचान को गर्व के साथ अपनाने और प्राचीन भारतीय ज्ञान को आधुनिक बहुसांस्कृतिक दृष्टिकोण के साथ जोड़ने की भी अपील की।

## एटीएस ने बुंदेलखंड में मदरसा संचालकों से मांगा ब्यौरा

महोबा। दिल्ली में बीते दिनों लाल किले के पास हुए बम विस्फोट के बाद उत्तर प्रदेश अलर्ट मोड पर है। इसी कड़ी में उत्तर प्रदेश की एंटी टेररिस्ट स्क्वायड (एटीएस) की प्रयागराज इकाई ने जिले में संचालित सभी मदरसों की विस्तृत जानकारी मांगी है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी महेंद्र प्रताप ने बुधवार को जानकारी देते हुए बताया कि विभाग ने जिले भर के सभी मदरसा संचालकों को पत्र भेजकर ब्यौरा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। जनपद में 21 मदरसे संचालित हैं, जिनमें से दो को सरकारी अनुदान मिलता है। इनमें जिला मुख्यालय के शेखू नगर स्थित दारुल उलूम समदिया निस्वा व मकनियापुरा दारुल उलूम समदिया मदरसा है। जहां दोनों मदरसों में कुल 587 छात्र अध्ययनरत हैं।

एटीएस इकाई प्रयागराज ने पत्र भेजकर मदरसों में पढ़ने व बच्चों, उनके अभिभावकों, अध्यापकों, प्रबंधकों, मौलवियों के नाम, पता, मोबाइल नंबर के साथ ही उनकी गतिविधियों से संबंधित जानकारी का ब्यौरा मांगा है। आदेश के बाद मदरसा संचालक जानकारी एकत्र करने में जुटे हुए है। तो वहीं एटीएस की कार्रवाई से खलबली मची हुई है। एटीएस के पत्र मिलने के बाद मदरसा संचालक ब्यौरा जुटाने में लगे हुए हैं। एकदम से जानकारी मांगे जाने से जिले भर में चर्चाओं का बाजार गर्म है।

## सोनभद्र खनन हादसा : पीड़ित परिवार को मिले 50 लाख का मुआवजा और सरकारी नौकरी : अजय रायइ

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश में सोनभद्र जिले की बिल्ली मारकुंडी खनन क्षेत्र में शनिवार को हुए हादसे में अब तक सात मजदूरों के शव निकाले गए हैं। इस मामले में बुधवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय मृतकों के परिवार से मिलकर शोक संवेदना प्रकट की है। उन्होंने राज्य सरकार से मांग की है कि पीड़ित परिवार को 50 लाख के मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को नौकरी दी जाए।

अजय राय बुधवार को ओबरा तहसील के पनारी गांव में जाकर मृतकों के परिजनों से मुलाक़ात कर पीड़ितों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी उनके दुख में हमेशा उनके साथ खड़ी हैं। इस दौरान उन्होंने प्रदेश सरकार पर जमकर निशाना साधते कहा कि बेलगाम खनन एवं मनमानापन के कारण खनन क्षेत्र में दुर्घटनाएं हो रही हैं।

# जीजीआईसी देवा में मनाया गया स्त्री शक्ति दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज देवा में विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ0 सुविद्या वत्स की अध्यक्षता में रानी लक्ष्मी बाई जयंती के उपलक्ष्य में स्त्री शक्ति दिवस मनाया गया,जिसमें एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।प्रधानाचार्य डॉ0 सुविद्या वत्स द्वारा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ0 अशोक त्रिपाठी प्रधानाचार्य किसान उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवा एवं वैष्णवी, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद,नगर इकाई देवा का पुष्प गुच्छ देकर तथा बैज लगाकर स्वागत किया गया।सुश्री वैष्णवी द्वारा छात्राओं को रानी लक्ष्मी बाई के जीवन तथा उनकी वीरता की चर्चा करते हुए उनकी तरह साहसी बनने के लिए छात्राओं




को प्रेरित किया गया।मुख्य अतिथि डॉ0अशोक त्रिपाठी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि बालिकाएं आज किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं, आप रानीलक्ष्मी बाई के जीवन से प्रेरणा लेते हुए सशक्त बनें। प्रवक्ता अनामिका वर्मा ने छात्राओं को मिशन शक्ति के अंतर्गत बताए गए विभिन्न हेल्प लाइन नंबर तथा रानी लक्ष्मी बाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण में बताते गए आत्मरक्षा के कौशल को याद रखने, अभ्यास करने और सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया गया। अंत में प्रधानाचार्य डॉ0 सुविद्या वत्स द्वारा मुख्य अतिथि डॉ0 अशोक त्रिपाठी एवं वैष्णवी को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया गया और छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि छात्राएं अपना लक्ष्य निर्धारित करते हुए जीवन में आगे बढ़ें और एक सशक्त राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें। इस अवसर पर नीरज, शीतल,श्वेता,ललिता,विनीता सहित विद्यालय की समस्त शिक्षिकाएं,स्टाफ एवं समस्त छात्राएं उपस्थित रहे।

# स्मार्ट ग्राम पंचायत, विकसित भारत की मजबूत नींव




कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब देश के गांव विकसित होंगे। किसी भी ग्राम पंचायत को आधुनिक स्वरूप तब ही दिया जा सकता है, जब वहां की जनता बुनियादी स्तर पर जागरूक हो। अब वक्त है कि ग्राम पंचायतें स्मार्ट बनें, उनमें हर मूलभूत सुविधा उपलब्ध हो, टैक्स व्यवस्था मजबूत हो और टैक्स का पैसा पंचायत के विकास में ही खर्च हो। साथ ही आत्मनिर्भर पंचायतों की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएं।

इसी क्रम में कैनविज टीम ने पंचायत सचिव, ग्राम प्रधान, रोजगार सेवक, पंचायत सहायकों और ग्रामीणों से बातचीत की। सभी की राय लगभग एक जैसी रही कि स्मार्ट ग्राम पंचायत की पहली शर्त है स्वच्छता। ग्रामीण क्षेत्रों में कूड़ेदान का उपयोग बढ़े, कचरे के निस्तारण प्लांट स्थापित हों और इसके लिए लोगों में जागरूकता बढ़ाई जाए। साथ ही कर निर्धारण की पारदर्शी व्यवस्था, लाइब्रेरी, सामुदायिक शौचालय, वाई-फाई सुविधा, ओपन जिम, पार्क जैसी सुविधाएं अनिवार्य हैं।

## बुनियादी सुविधाओं, तकनीकी सशक्तिकरण और जन जागरूकता से ही बदलेगी गांव की तस्वीर



ग्राम पंचायतें तभी तकनीकी रूप से दक्ष बन सकती हैं जब युवाओं को तकनीकी शिक्षा के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध हों। गांव स्वच्छ, पर्यावरण हितैषी हों और अपनी विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान को सुरक्षित रखें तभी एक आदर्श विकसित पंचायत का निर्माण संभव है।

**पवन कुमार, ग्राम पंचायत अधिकारी हैदरगढ़**



गांव में सभी नालीऽखड़ंजे के निर्माण हेतु पर्याप्त बजट मिलना चाहिए, ताकि गांव भी शहरों की तरह विकसित दिखें। मनरेगा मजदूरी को बढ़ाकर 400 रुपये किया जाए, जिससे मजदूरों का शहरों की ओर पलायन रुके और बेरोजगारी कम हो।

**नीलेश पाल, ग्राम प्रधान, गोतौना, हैदरगढ़**



ग्रामीणों को गांव में ही ऑनलाइन सेवाएं मिलें, यह स्मार्ट गांव की मूल आवश्यकता है। सरकार सुविधाएं बढ़ा रही है, पर और विस्तार जरूरी है। हर वर्ष वृक्षारोपण होता है, लेकिन पौधे बच नहीं पाते। इससे भी जरूरी 'ग्रीन गांव' की अवधारणा है– जितने पौधे लगें, उतने सुरक्षित भी रहें।

**आकांक्षा सिंह, पंचायत सहायक, ग्राम बीजापुर, हैदरगढ़**



स्मार्ट ग्राम पंचायत का सपना तभी पूरा होगा, जब हर ग्रामीण जागरूक होगा और इस अभियान को अपना अभियान समझकर इसमें अपनी सक्रिय हिस्सेदारी दर्ज कराएगा। जन सहयोग के बिना न तो कोई पंचायत विकसित हो सकती है, न ही कोई योजना सफल हो सकती है। सरकार योजनाएं बनाती है, पंचायतें उन्हें लागू करती हैं, लेकिन इन सबके केंद्र में ग्रामीण ही हैं। अगर वे स्वच्छता, कर भुगतान, पौधरोपण, सामुदायिक संसाधनों की देखरेख व डिजिटल सेवाओं के उपयोग में सक्रिय भागीदारी निभाएं–तो कोई भी गांव, गांव नहीं बल्कि एक आधुनिक 'स्मार्ट ग्राम' बन जाएगा।ङ्क इसके अलावा , पूरे गांव में सीसीटीवी , एलाउंस सिस्टम , गांव में वाईफाई ,साइकिल ट्रैक मनरेगा पार्क इत्यादि सुविधाएं होनी चाहिए

**श्रीमती बीना, पंचायत सचिव, हरख**

## ऑल इंडिया बुंदेलखंड हॉकी टूर्नामेंट के फाइनल में आमने-सामने होंगे श्याम लाल कॉलेज और साई सेंटर लखनऊ

एजेंसी



चरखारी (बुंदेलखंड)। 81वें ऑल इंडिया बुंदेलखंड हॉकी टूर्नामेंट अपने रोमांचक अंतिम चरण में पहुंच गया है। टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में श्याम लाल कॉलेज और साई सेंटर लखनऊ आमने-सामने होंगे। दोनों टीमों ने पूरे टूर्नामेंट में दमदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल तक का सफर तय किया है।

सेमीफाइनल मुकाबले में श्याम लाल कॉलेज ने करमपुर हॉकी अकादमी को 2-0 से हराते हुए शानदार जीत हासिल की। टीम के स्टार फॉरवर्ड प्रत्यूष सिंह जग्गी ने मैच का पहला गोल कर टीम को बढ़त दिलाई, जबकि मिडफील्डर पंकज ने दूसरा गोल दागकर जीत को पक्का किया। मैच के दौरान श्याम लाल कॉलेज की रक्षा पंक्ति भी मजबूत रही, जिसने करमपुर की किसी भी आक्रामक कोशिश को सफल नहीं होने दिया।

दूसरे सेमीफाइनल में साई सेंटर लखनऊ ने भी अपना दबदबा दिखाते हुए इटारसी हॉकी क्लब को 2-0 से मात दी। पूरे मैच में लखनऊ की टीम ने तेज गति और शानदार पासिंग का प्रदर्शन किया। साई सेंटर के खिलाड़ियों ने मैच की शुरुआत से ही दबाव बनाए रखा और गोल करने के अवसरों का भरपूर फायदा उठाया। टीम की डिफेंस यूनिट ने भी बेहतरीन तालमेल दिखाते हुए इटारसी को गोलरहित रखा।

फाइनल मुकाबले को लेकर दोनों टीमों में जबरदस्त उत्साह है। श्याम लाल कॉलेज अपनी आक्रामक रणनीति और लय को बरकरार रखना चाहेगा, वहीं साई सेंटर लखनऊ अपने अनुशासित खेल और फिटनेस पर भरोसा करेगा। दर्शकों को उम्मीद है कि फाइनल एक कड़े संघर्ष, तेज रफ्तार खेल और रोमांचकारी पलों से भरपूर होगा। चरखारी में हॉकी प्रेमियों में भी फाइनल को लेकर खासा उत्साह है। स्थानीय आयोजक समिति ने तैयारी पूरी कर ली है और खचाखच भरा स्टेडियम देखने की उम्मीद है।

## डेरिल मिचेल ने रोहित शर्मा को पीछे छोड़ा, वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया

एजेंसी




नई दिल्ली। न्यूज़ीलैंड के बल्लेबाज़ डेरिल मिचेल ने वेस्ट इंडीज़ के खिलाफ क्राइस्टचर्च में खेले गए पहले वनडे में शतक ठोककर आईसीसी पुरुष वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। वह 1979 में ग्लेन टर्नर के बाद ऐसे पहले न्यूज़ीलैंड खिलाड़ी बन गए हैं, जिन्होंने वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में नंबर-1 पोज़िशन पाई है।

मिचेल ने 118 गेंदों पर 119 रन की मैच विजेता पारी खेली, जिसने उन्हें रोहित शर्मा और अफगानिस्तान के इब्राहिम जादरान से आगे पहुंचा दिया। रोहित महज एक रेटिंग पॉइंट से पीछे रहते हुए शीर्ष से नीचे खिसक गए। शीर्ष पर रोहित का पहला कार्यकाल केवल 22 दिन चला।

पाकिस्तानी खिलाड़ियों की बड़ी उछाल

बाबर आज़म नाबाद 102 रन की बदौलत एक स्थान ऊपर छलांग लगाकर छठे नंबर पर पहुंच गए हैं, जबकि मोहम्मद रिज़वान और फ़खर ज़मान दो-दो अर्धशतक के बाद क्रमशः 22वें और 26वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

वनडे गेंदबाजी रैंकिंगः अबरार अहमद पहली बार टॉप-10 में पाकिस्तान के लेग-स्पिनर अबरार अहमद 11 स्थान की बड़ी उछाल के साथ नौवें स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं, हारिस रऊफ़ (23वां), जेडन सील्स (20वां) और रोस्टन चेज़ (46वां) की रैंकिंग में भी सुधार हुआ है। टेस्ट रैंकिंगः बवुमा और कुलदीप करियर बेस्ट स्थान पर दक्षिण अफ्रीका के टेम्बा बवुमा नाबाद 55 की पारी से करियर के सर्वश्रेष्ठ पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि साइमन हार्मर 20 स्थान चढ़कर 24वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

भारत के कुलदीप यादव (13वां) और रविंद्र जडेजा (15वां) के भी रैंकिंग में सुधार हुआ है।

बांग्लादेश के नजमुल हुसैन शांतो (34वां) और महमुदुल हसन जॉय (74वां) ने भी प्रगति की है।

## संक्षिप्त समाचार

### शुभमन गिल टीम के साथ गुवाहाटी जाएंगे, दूसरे टेस्ट में खेलना अभी अनिश्चित

नई दिल्ली। भारत के टेस्ट कप्तान शुभमन गिल की फिटनेस को लेकर बड़ी अपडेट सामने आई है। गिल ने उपचार का ठीक तरह से रिस्पॉन्स दिया है और वह आज टीम इंडिया के साथ गुवाहाटी के लिए रवाना होंगे। हालांकि, 22 नवंबर से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट में उनकी भागीदारी अभी भी अनिश्चित बनी हुई है।

शुभमन गिल को कोलकाता टेस्ट के दूसरे दिन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बल्लेबाजी के दौरान गर्दन में चोट लगी थी, जिसके बाद उन्हें तीन गेंद खेलने के बाद रिटायर्ड हर्ट होना पड़ा। इसके बाद उनकी जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया और तीसरे दिन बीसीसीआई ने घोषणा की कि गिल अब इस मैच में हिस्सा नहीं लेंगे।

गिल को मेडिकल टीम की निगरानी में रखा गया था और अगले दिन उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। बीसीसीआई ने एक प्रेस रिलीज़ में पुष्टि की कि शुभमन गिल स्वास्थ्य लाभ कर रहे हैं और 19 नवंबर 2025 को टीम के साथ गुवाहाटी जाएंगे। वहां भी उन पर मेडिकल टीम की नजर बनी रहेगी और दूसरे टेस्ट में उनकी उपलब्धता का फैसला आगे की जांच के बाद किया जाएगा।

गौरतलब है कि अक्टूबर, 2024 में न्यूज़ीलैंड के खिलाफ एक टेस्ट भी गिल गर्दन में ऐंठन (नेक्स स्पैज़्म) की वजह से नहीं खेल पाए थे। आईपीएल 2025 से लगातार क्रिकेट खेल रहे शुभमन हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज के बाद सीधे कोलकाता पहुंचे थे।

### स्कॉटलैंड ने 26 साल बाद फीफा विश्व कप के लिए क्वालिफाई किया, मैक्टोमिने ने दागा करिश्माई गोल

ग्लास्गो। स्कॉटलैंड ने मंगलवार रात 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रही डेनमार्क पर 4-2 की रोमांचक जीत दर्ज कर फीफा विश्व कप 2026 के लिए क्वालिफाई कर लिया। यह स्कॉटलैंड का 1998 के बाद पहला विश्व कप टिकट है। मैच में इंजरी टाइम में आए दो गोलों ने मुकाबले को यादगार बना दिया।

शुरुआती तीसरे मिनट में स्कॉट मैक्टोमिने ने गेंद पर शानदार ओवरहेड किक मारकर स्कॉटलैंड को बढ़त दिलाई। नेपोली मिडफील्डर का यह गोल पूरे स्टेडियम को झूमने पर मजबूर कर गया। हालांकि डेनमार्क ने जल्द ही खुद को संभाला और पहले हाफ में गेंद पर कब्जा बनाए रखा, लेकिन गोल नहीं कर सके।

दूसरे हाफ में 57वें मिनट पर रासमुस होइलुंड ने पेनल्टी को गोल में बदलकर स्कोर 1-1 कर दिया। इसके चार मिनट बाद डेनमार्क को झटका लगा जब रासमुस क्रिस्टेनसन को दूसरा पीला कार्ड मिलने पर मैदान छोड़ना पड़ा और टीम 10 खिलाड़ियों की रह गई।

78वें मिनट में लॉरेंस शेंकलैंड ने कॉर्नर पर शानदार फिनिश करते हुए स्कॉटलैंड को 2-1 की बढ़त दिलाई, लेकिन कुछ ही देर में पैट्रिक डॉर्गु ने स्कोर 2-2 कर दिया। इसके बाद स्कॉटलैंड ने दमदार वापसी करते हुए इंजरी टाइम में दो गोल दागे। 93वें मिनट में कीरन टियरनी ने बाहर से जोरदार शॉट लगाकर गोल किया और टीम को 3-2 से आगे कर दिया। मैच के खत्म होने से ठीक पहले केनी मैकलीन ने आधे मैदान से गेंद को गोल में डालकर स्कॉटलैंड की ऐतिहासिक जीत पक्की कर दी। स्कॉटलैंड ग्रुप ए का विजेता बनकर 13 अंकों के साथ विश्व कप के लिए सीधे क्वालिफाई हुआ, जबकि डेनमार्क को प्लेऑफ का रास्ता अपनाना पड़ेगा।

स्कॉटलैंड मैनेजर स्टीव क्लार्क ने खिलाड़ियों की तारीफ करते हुए कहा, ॒आखिरी कदम हमेशा मुश्किल होता है, और लड़कों ने इसे बखूबी संभाला। मैक्ट्रोमिने का ओवरहेड किक मेरी जिंदगी का सबसे बेहतरीन गोल था।

कप्तान एंड्रयू रॉबर्टसन ने भावुक होकर कहा, ॒हम कभी हार नहीं मानते। यह स्क्वॉड की पहचान है। हमने देश को रोमांच में डाल दिया, लेकिन इसका हर पल वाजिब था। हम विश्व कप में जा रहे हैं।

### कुराकाओ बना फीफा विश्व कप के लिए क्वालिफाई करने वाला सबसे छोटा देश

किंग्सटन । कैरेबियाई क्षेत्र का छोटा सा द्वीप राष्ट्र कुराकाओ ने इतिहास रच दिया है। मंगलवार को जमैका के खिलाफ 0-0 से ड्रॉ खेलकर कुराकाओ ने पहली बार फीफा विश्व कप के लिए क्वालिफाई कर लिया। यह उपलब्धि हासिल करने वाला यह दुनिया का सबसे छोटा देश बन गया है।

कुराकाओ, जिसकी आबादी सिर्फ 1.56 लाख है, ने किंग्सटन में खेले गए मुकाबले में जमैका की ओर से हुए जोरदार दूसरे हाफ के दबाव को झेलते हुए जरूरी ड्रॉ हासिल किया, जिससे उसे संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको में होने वाले आगामी विश्व कप का टिकट मिल गया।

'ब्लू वेव' के नाम से मशहूर टीम का यह सफर किसी परीकथा से कम नहीं रहा। छह मैचों में 12 अंकों के साथ कुराकाओ ने ग्रुप-3 में शीर्ष स्थान हासिल किया और जमैका पर एक अंक की बढ़त के साथ क्वालिफिकेशन पक्का किया।

अगले साल पहली बार विश्व कप में टीमों की संख्या बढ़कर 48 होने जा रही है, और इसी के साथ कुराकाओ ने सबसे छोटे देश के तौर पर क्वालिफाई करने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। इससे पहले यह रिकॉर्ड आइसलैंड (2018) के नाम था, जिसकी आबादी करीब 3.5 लाख है।

### वित्त मंत्री ने आईटी क्षेत्र के विशेषज्ञों और हितधारकों के साथ की बजट पूर्व परामर्श बैठक

नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को नई दिल्ली में आगामी केंद्रीय बजट 2026-27 के संबंध में सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र के विशेषज्ञों और हितधारकों के साथ बजट पूर्व परामर्श बैठक की। बैठक में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव एवं इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और केंद्र सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार भी शामिल हुए। केंद्रीय वित्त राज्?य मंत्री पंकज चौधरी भी आईटी क्षेत्र के प्रतिनिधियों के साथ बजट पूर्व बैठक में शामिल हुए।

उन्होंने कहा कि इस बैठक के दौरान सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में नए अवसरों, महत्वपूर्ण वित्तीय सुधारों तथा आने वाली चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा हुई। यह संवाद निश्चित रूप से आगामी केंद्रीय बजट 2026-27 के लिए एक मजबूत और दूरदर्शी दिशा प्रदान करेगा।

## आईसीसी अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2026 का शेड्यूल जारी, फाइनल 6 फरवरी को हरारे में

एजेंसी



नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने आईसीसी अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2026 का पूरा शेड्यूल जारी कर दिया है। यह टूर्नामेंट 15 जनवरी से 6 फरवरी तक जिम्बाब्वे और नामीबिया में संयुक्त रूप से खेला जाएगा। इस बार 16 टीमें कुल 41 मैचों में खिताब के लिए भिड़ेंगी। फाइनल मुकाबला 6 फरवरी को हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेला जाएगा।

इस टूर्नामेंट की खास बात यह है कि तंजानिया पहली बार अंडर-19 विश्व कप में हिस्सा लेगा और अपने पदार्पण मैच में उसका सामना वेस्टइंडीज से होगा। सभी वार्म-अप मैच 9 से 14 जनवरी के बीच खेले जाएंगे। उद्घाटन दिवस के मुकाबले (15 जनवरी) भारत बनाम अमेरिका ऽ क्वीन्स स्पोर्ट्स क्लब जिम्बाब्वे बनाम स्कॉटलैंड ऽ ताकाशिंगा स्पोर्ट्स क्लब तंजानिया बनाम वेस्ट इंडीज ऽ एचपी ओवल, नामीबिया टूर्नामेंट प्रारूप टूर्नामेंट में चार-चार टीमों के चार ग्रुप होंगे। इसके बाद सुपर सिक्स चरण, फिर सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबला होगा।

मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया अपना पहला मैच 16 जनवरी को आयरलैंड के खिलाफ विंडहोक में खेलेगी। भारत और बांग्लादेश के बीच रोमांचक भिड़ंत 17 जनवरी को बुलावायो में होगी। आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने कहा कि यह टूर्नामेंट हमेशा से भविष्य के सितारों को दुनिया के सामने लाने का मंच रहा है। ब्रायन लारा, सनथ जयसूर्या, विराट कोहली, केन विलियमसन, स्टीव स्मिथ और शुभमन गिल जैसे कई दिग्गज इसी प्रतियोगिता से निखरे हैं। उन्होंने कहा कि 2026 संस्करण युवा खिलाड़ियों के लिए अपने सपनों को उड़ान देने का बड़ा मौका है। साथ ही उन्होंने तंजानिया का पहली बार स्वागत भी किया।

वार्म-अप मैच (9 से 14 जनवरी) भारत, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका, दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, वेस्ट इंडीज आदि टीमें विभिन्न स्थलों पर अभ्यास मुकाबले खेलेंगी। सभी मैच सुबह 09:30 बजे से शुरू होंगे। मुख्य टूर्नामेंट मैच (15 जनवरी से 7 फरवरी) 15 जनवरी से 31 जनवरी तक ग्रुप स्टेज और सुपर सिक्स मुकाबले खेले जाएंगे। 3 और 4 फरवरी को सेमीफाइनल होंगे, जिसके लिए 5 फरवरी रिजर्व डे रखा गया है। फाइनल 6 फरवरी को हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेला जाएगा, जबकि 7 फरवरी को रिजर्व डे रखा गया है।

## 40वी इंदिरा मैराथन में प्रदीप सिंह चौहान व रीनू ने प्रथम स्थान पर मारी बाजी

प्रयागराज। 40वीं इंदिरा मैराथन में बुधवार को 42.195 किलोमीटर की दौड़ पूरी करते हुए पुरुष वर्ग में उत्तराखंड के धावक प्रदीप सिंह चौहान और महिला वर्ग में हरियाणा की रीनू ने प्रथम स्थान पर बाजी मारी। इसी तरह पुरुष वर्ग में द्वितीय स्थान पर उप्र के प्रतापगढ़ जिले के ज्ञान बाबू ने दौड़ पूरी किया। तीसरे स्थान पर प्रयागराज के रोहित सरोज ने दौड़ पूरी किया। महिला वर्ग में द्वितीय स्थान पर महाराष्ट्र की अश्विनी मदान जादव और महाराष्ट्र की ज्योति शंकर गवते पहुंची है।

पहली बार मैराथन में 21 वर्ष से कम उम्र के एथलीटों (न्यूनतम 18 वर्ष तक) को दौड़ने का मौका दिया गया है। जो सीने पर इलेक्ट्रॉनिक चिप युक्त विब लगाकर दौड़े हैं। इस बार भी सर्वाधिक संख्या सेना व पैरामिलिट्री के धावकों की है। जबकि देश के दक्षिणी हिस्से से सर्वाधिक एथलीटों का प्रयागराज में जमावड़ा हुआ है।

## टोक्यो समर डेफलिम्पिक्सः अभिनव देशवाल और प्रांजली धुमाल ने एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में जीता स्वर्ण

एजेंसी

**कुशाग्र सिंह राजावत को 50एम राइफल प्रोन में कांस्य पदक**

टोक्यो । टोक्यो में जारी 25वें समर डेफलिम्पिक्स में भारतीय निशानेबाज़ों का शानदार प्रदर्शन बुधवार को भी जारी रहा, जहां अभिनव देशवाल और प्रांजली प्रशांत धुमाल ने 10एम एयर पिस्टल मिश्रित टीम इवेंट में चीनी ताइपे के या-जू काओ और मिंग-जुई हसु को 16-6 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। दिन की दूसरी स्पर्धा में कुशाग्र सिंह राजावत ने 50एम राइफल प्रोन में कांस्य पदक जीता। इन पदकों के साथ भारत की शूटिंग में कुल पदक संख्या 11 हो गई है, जो अभी तक टोक्यो में भारत के जीते गए कुल पदक हैं।

अभिनव और प्रांजली ने स्वर्ण पदक मैच की शुरुआत से ही अपना दबदबा बनाए रखा और प्रतिद्वंद्वियों को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। इससे पहले क्वालिफिकेशन में दोनों ने डेफ वर्ल्ड और ओलंपिक रिकॉर्ड की बराबरी की थी, जिसे पिछले डेफलिम्पिक्स में इसी जोड़ी ने स्थापित किया था। भारतीय जोड़ी ने 569-20ब का संयुक्त स्कोर किया, जिसमें अभिनव ने 287-12ब (97, 95, 95) और प्रांजली ने 282-8ब (95, 94, 93) स्कोर किया। दोनों निशानेबाज़ सोमवार को व्यक्तिगत वर्ग में भी रजत पदक जीत चुके हैं। भारत की दूसरी जोड़ी महिलाओं की व्यक्तिगत चैंपियन अनुया प्रसाद और रुदार विनोद कुमार क्वालिफिकेशन में 553-10ब के संयुक्त स्कोर के साथ सातवें स्थान पर रही। अनुया ने 280-5ब (93, 91, 96) जबकि रुदार ने 273-5ब (92, 90, 91) स्कोर किया। ईरान के महला सामीई और बिजान गफ़ारी ने यूक्रेन के सोफिया ओलेनिच और ओलेक्ज़ेंडर कोलोडी को हराकर कांस्य पदक जीता। 50एम राइफल प्रोन में कुशाग्र सिंह राजावत ने 224.3 के स्कोर के साथ कांस्य पदक पर कब्ज़ा जमाया। यूक्रेन के दिमित्रो पेट्रेंको ने 251.0 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता और डेफ वर्ल्ड व ओलंपिक रिकॉर्ड तोड़ा, जबकि जर्मनी के कॉलिन म्यूएलर ने 245.4 के साथ रजत पदक जीता। महित संधू और नताशा जोशी कल महिलाओं की 50एम थ्री पोज़िशन्स इवेंट में हिस्सा लेंगी। महित पहले ही 10एम एयर राइफल मिश्रित टीम और व्यक्तिगत वर्ग में क्रमशः स्वर्ण और रजत जीत चुकी हैं।

## दीनदयाल उपाध्याय सीनियर महिला फुटबाल प्रतियोगिता के लिए 16 सदस्यीय टीम चयनित

एजेंसी

**उत्तर प्रदेश के गोंडा में 20 नवंबर से 26 नवंबर तक आयोजित होगी प्रदेश स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता**

मुरादाबाद । दीनदयाल उपाध्याय सीनियर महिला प्रदेश स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता के लिए मुरादाबाद मंडल टीम का चयन बुधवार को नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम में 16 सदस्यीय टीम का चयन किया गया है।

जिला फुटबॉल एसोसिएशन मुरादाबाद के महासचिव मुहम्मद नासिर कमाल ने बताया कि उत्तर प्रदेश के गोंडा में 20 नवंबर से 26 नवंबर तक आयोजित दीनदयाल उपाध्याय सीनियर महिला प्रदेश स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता 2025 का आयोजन खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश व उत्तर प्रदेश फुटबॉल संघ के समन्वय से कराया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी 18 मण्डलों की टीमें प्रतिभाग कर रहीं है। इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए मुरादाबाद मंडल की टीम का चयन नेताजी सुभाष चंद बॉस स्पोर्ट्स स्टेडियम में आज किया गया। चयन समिति में ज़िला फुटबॉल एसोसिएशन मुरादाबाद की महिला विंग की सचिव माधुरी देवी व वरिष्ठ फुटबॉल खिलाड़ी टीना सैनी, क्षेत्रीय खेल कार्यालय से क्रीड़ा अधिकारी सुनील कुमार सिंह रहे।

चयनित टीम में सईदा मरयम, सुबिया कमाल, किंजल, सेहबा समीर, तेहबा समीर, अंजलि, अलिज़ा खान, अलका रानी, माधवी कश्यप, मुस्कान, वर्षा, कनक, पायल सैनी, फलक, प्रियांशु टीम मैनेजर सोनिया रानी अतिरिक्त खिलाड़ी रिफा बतुल शामिल हैं।

## फ्लिपकार्ट समूह ने सालाना 21 हजार टन से ज्यादा कचरा डायवर्ट करके जीरो वेस्ट सिस्टम को दी मजबूती

एजेंसी

नई दिल्ली । देश के ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने सालाना 21 हजार टन से ज्यादा कचरे को डायवर्ट कर कूड़ाघरों में फेंके जाने से बचाया है। इसी के साथ कंपनी के 12 सर्टिफाइड केंद्रों का वेस्ट डायवर्जन रेट (कचरा डायवर्ट करने की दर) 96 फीसदी से ऊपर पहुंच गया है। फ्लिपकार्ट 2023 से जीरो वेस्ट की दिशा में प्रयासरत है और यह उपलब्धि उल्लेखनीय पड़ाव है। फ्लिपकार्ट के मुताबिक कंपनी के प्रयासों से आठ और केंद्रों को ग्रीन बिजनेस सर्टिफिकेशन इंक (जीबीसीआई) की तरफ से टू्र (टोटल रिसोर्स यूज एंड एफिशिएंसी) गोल्ड सर्टिफिकेशन मिला है। इस तरह देशभर में फ्लिपकार्ट के कुल 12 ऐसे केंद्र हो गए हैं, जिन्हें टू्र गोल्ड सर्टिफिकेट मिला है। यह सर्टिफिकेट ऐसे केंद्रों को दिया जाता है, जहां अपनी श्रेणी के सर्वश्रेष्ठ (बेस्ट इन क्लास) रिसोर्स मैनेजमेंट के तरीके अपनाकर रिडक्शन (कचरा कम करना), रीयूज (पुनः प्रयोग करना), रीसाइकिलिंग और रिकवरी के माध्यम से कम से कम 90 फीसदी कचरे को कूड़घरों में जाने से बचाया जाता है। हाल ही में फ्लिपकार्ट के जिन केंद्रों को सर्टिफिकेट मिला है, उनमें आरडीसी कलकत्ता, सांपका, फर्रुखनगर एफसीएससी, साईधाम ग्रॉसरी और एफसी, आंजनेय, मेडचल एवं याकुबपुर शामिल हैं। इन केंद्रों से कुल 15,846 टन कचरा निकला, जिसमें से 15,221 टन कचरे को अलग-अलग तरीकों से डायवर्ट करते हुए कूड़ाघर तक नहीं जाने दिया गया। इस तरह 96 फीसदी का डायवर्जन रेट रहा। फ्लिपकार्ट ग्रुप के हेड ऑफ सस्टेनेबिलिटी निशांत गुप्ता ने इस उपलब्धि को लेकर कहा कि हमारी प्रगति इस भरोसे को दिखाती है कि कचरे को संसाधन के रूप में अपनाया जाना चाहिए। हमारे टू्र गोल्ड सर्टिफिकेट प्राप्त नेटवर्क का बढ़ना एक सतत व्यवस्था, जिम्मेदारी से परिचालन और हर दिन पर्यावरण के अनुकूल प्रक्रियाओं की जिम्मेदारी लेने वाली टीम के प्रयासों का नतीजा है।

## शुरुआती गिरावट के बाद मजबूती के साथ बंद हुआ बाजार, सेंसेक्स और निफ्टी ने लगाई छलांग

एजेंसी



नई दिल्ली। मजबूत ग्लोबल संकेतों और आईटी सेक्टर में हुई तेज खरीदारी के कारण घरेलू शेयर बाजार आज शुरुआती कारोबार में उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद मजबूती के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरुआत सपाट स्तर पर हुई थी। बाजार खुलते ही बिकवाली के दबाव की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में गिरावट भी आई, लेकिन थोड़ी देर बाद खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी। लिवाली के सपोर्ट से दोनों सूचकांकों ने रफ्तार पकड़ ली। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.61 प्रतिशत और निफ्टी 0.55 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। आज दिनभर के कारोबार के दौरान आईटी, पीएसयू बैंक और हेल्थकेयर सेक्टर के शेयरों में जम कर खरीदारी होती रही। इसके अलावा कंज्यूमर ड्यूरेबल, ऑटोमोबाइल, एफएमसीजी, मेटल और टेक इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, ऑयल एंड गैस और कैपिटल गुड्स सेक्टर के शेयरों में आज बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में आज मिला-जुला कारोबार होता रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.34 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। दूसरी ओर, स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.39 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 475.64 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 474.62 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 1.02 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

आज दिनभर के कारोबार में बीएसई में 4,346 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,841 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,337 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 168 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,834 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,253 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,581 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 20 शेयर बढ़त के साथ और 10 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 33 शेयर हरे निशान में और 17 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

# लोक सभा अध्यक्ष ने संयुक्त राष्ट्र में सुधारों का किया आह्वान

एजेंसी



नई दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने तेजी से बदलते वैश्विक परिदृश्य में संयुक्त राष्ट्र की वर्तमान संरचना के पुनर्मूल्यांकन के महत्व पर बल दिया है। उन्होंने वर्तमान चुनौतियों का समाधान करने के लिए किए जाने वाले आवश्यक सुधारों की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। बिरला ने कहा कि युद्ध, आतंकवाद, जलवायु संकट और डिजिटल जोखिमों जैसे गंभीर मुद्दों से जूझ रहे विश्व में संवाद, सहयोग और समयबद्ध वैश्विक सुधार अनिवार्य हो गए हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज विश्व के मुख्य न्यायाधीशों के 26वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं।

बिरला ने भारत के प्राचीन दर्शन वसुधैव कुटुम्बकम और संविधान में निहित शांति, सौहार्द और समता के सिद्धांतों को देश की वैश्विक प्रतिबद्धता का आधार बताया। संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों में भारत की सक्रिय भूमिका, 3 लाख से अधिक शांति सैनिकों के योगदान और कोविड-19 महामारी के दौरान 150 से अधिक देशों को दी गई वैक्सीन सहायता का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भारत ने लगातार ज़िम्मेदारी से वैश्विक सहयोग की भावना के साथ काम किया है। लोकसभा अध्यक्ष ने आशा व्यक्त की कि न्यायपालिका के समक्ष पर्यावरणीय न्याय, सतत विकास, डिजिटल सुरक्षा और आर्टिफिशल इंटेलिजेंस के नैतिक उपयोग जैसी उभरती चुनौतियों पर केन्द्रित यह सम्मेलन विश्व शांति, न्याय और स्थिरता को और सुदृढ़ करेगा। इस अवसर पर भाजपा के चिंतक और राज्यसभा सदस्य सुधांशु त्रिवेदी भी उपस्थित रहे।

# श्री सत्य साईं बाबा की शताब्दी सार्वभौमिक प्रेम, शांति और सेवा का उत्सव : प्रधानमंत्री

एजेंसी

पुट्टापर्थी (आंध्र प्रदेश)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि श्री सत्य साईं बाबा का शताब्दी वर्ष केवल एक धार्मिक या सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि सार्वभौमिक प्रेम, शांति और सेवा की भावना का एक विराट उत्सव है। उन्होंने कहा कि श्री सत्य साईं बाबा ने अपने जीवन और कार्यों से 'वसुधैव कुटुम्बकम' के भारतीय विचार को वैश्विक रूप दिया और आज भी उनकी शिक्षाएं करोड़ों लोगों की प्रेरणा बनी हुई हैं।

प्रधानमंत्री मोदी यहां श्री सत्य साईं बाबा के शताब्दी समारोह को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने बाबा को समर्पित 100 रुपये का स्मारक सिक्का और विशेष डाक टिकट भी जारी किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि बाबा का जीवन मानवता के लिए एक संदेश था, जिसमें सेवा, प्रेम और करुणा सर्वोच्च स्थान पर थे। पुट्टापर्थी की यह पावन भूमि हमेशा से आध्यात्मिक चेतना का केंद्र रही है और यहां होना उनके लिए एक भावनात्मक अनुभव है। मोदी ने बताया कि समारोह में शामिल होने से पहले उन्हें श्री सत्य साईं बाबा की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, जो उनके लिए अत्यंत प्रेरणादायी रहा।



उन्होंने कहा कि भारतीय सभ्यता की जड़ें सेवा से जुड़ी हुई हैं और यह भावना हमारे धर्म, दर्शन और परंपराओं में रची-बसी हैं। चाहे भक्ति का मार्ग हो, ज्ञान का मार्ग हो या कर्म का- हर मार्ग सेवा के मार्ग पर ही ले जाता है। इसी परंपरा को श्री सत्य साईं बाबा ने अपने संपूर्ण जीवन में जिया। प्रधानमंत्री ने कहा, ल्लबाबा का संदेश केवल आश्रमों या प्रवचनों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि समाज के हर हिस्से में दिखाई देता है- शहरी इलाकों से लेकर आदिवासी बस्तियों तक, शिक्षा से लेकर स्वास्थ्य सेवा तक। मोदी ने बताया कि बाबा के अनुयायी मानव सेवा को ही ईश्वर की सेवा मानते हैं और यही भावना आज भी लाखों लोगों को निःस्वार्थ भाव से समाज के लिए कार्य करने के लिए प्रेरित करती है। उन्होंने बाबा के वचनों का उल्लेख करते हुए कहा, ल्लमदद हमेशा करो, कभी चोट मत पहुंचाओ। ज्यादा बातें नहीं, ज्यादा काम करो।ङ्क प्रधानमंत्री ने कहा कि यही शिक्षा आज के समय में समाज को एकजुट करने की सबसे बड़ी शक्ति है।

प्रधानमंत्री ने समारोह में सुकन्या समृद्धि योजना के अंतर्गत 20 हजार बेटियों के नाम पर नए खाते खोले जाने की घोषणा का विशेष रूप से उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि दस वर्ष पहले केंद्र सरकार ने बेटियों की शिक्षा और सुरक्षित भविष्य को ध्यान में रखते हुए यह योजना शुरू की थी। उन्होंने कहा, ल्लयह योजना उन योजनाओं में से एक है, जिसमें सर्वाधिक 8.2 प्रतिशत ब्याज बेटियों को मिलता है। मोदी ने बताया कि अब तक देशभर में 4 करोड़ से अधिक बेटियों के खाते खोले जा चुके हैं और इनमें सवा तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि जमा हो चुकी है। उन्होंने कहा कि श्री सत्य साईं परिवार द्वारा 20 हजार नए खाते खोलना 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान के प्रति समाज के सहयोग का सशक्त उदाहरण है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में देश में सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने वाली कई योजनाएं शुरू की गई हैं। वर्ष 2014 में केवल 25 करोड़ लोग ही सामाजिक सुरक्षा के दायरे में थे, लेकिन आज यह संख्या बढ़कर लगभग 100 करोड़ हो गई है। मोदी ने कहा, ल्लगरीबों के कल्याण के लिए बनाई गई हमारी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं पर अब अंतरराष्ट्रीय मंचों पर चर्चा हो रही है।

# संघ पर पाबंदी लगाने की कोशिश करने वाले अपना खुद का नुकसान करेंगे: आलोक कुमार

एजेंसी

नयी दिल्ली। विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने गैर भाजपा सरकारों वाले राज्यों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की गतिविधियों पर अंकुश लगाने की मांगों के प्रति आगाह करते हुए कहा है कि ऐसा करने वाले खुद अपना नुकसान करेंगे।

श्री आलोक कुमार ने 'यूनीवार्ता' के साथ एक विशेष बातचीत में संघ को भारतीय संस्कृति और परम्परा से जुड़ा संगठन बताया है और कहा है कि संघ पर पहले भी कुछ सरकारों ने पाबंदी लगाने के कदम उठाये थे, या उसे दबाने की कोशिश की गयी थी, लेकिन व्यापक जनभावनाओं के समक्ष उन्हें अपने कदम वापस लेने पड़े। संघ के पंजीकरण को लेकर उठाये जा रहे सवालों पर श्री कुमार ने कहा कि संगठन का स्वरूप क्या हो, यह निर्णय उसका है। उसके वर्तमान स्वरूप से किसी कानून का उल्लंघन नहीं होता। उल्लेखनीय है कि श्री कुमार एक विधिवेत्ता भी हैं। कर्नाटक में कथित तौर पर संघ की गतिविधियों को लक्षित कर सार्वजनिक सभा आदि को लेकर हाल में लगाये गये कुछ विवादास्पद प्रतिबंधों और उस पर मुख्यमंत्री सिद्दारमैया की सफाई से जुड़े मुद्दों पर विहिप नेता ने कहा, ल्ल संघ पर प्रतिबंध लगाना उसके कार्यों में रोक-टोक पैदा करना, उन्हीं लोगों के हित में नहीं है, जो ऐसा कर रहे हैं। श्री कुमार ने कांग्रेस और कर्नाटक की सिद्दारमैया सरकार को नसीहत देने के अंदाज में कहा, ल्लसंघ पर जो भी प्रतिबंध लगाते हैं, या कोई रोक-टोक करते हैं, वे काल के प्रभाव में नष्ट हो जाते हैं, संघ को लेकर अगर कर्नाटक (सरकार) कोई ऐसा प्रयत्न करेगी, तो उसका परिणाम भी यही होगा। उन्होंने कर्नाटक के मुद्दे को गंभीर बताया और कहा कि महात्मा गांधी की हत्या के बाद जवाहर लाल नेहरु सरकार ने संघ को प्रतिबंधित किया था, उस समय जनता के प्यार एवं संघ कार्यकर्ताओं के संकल्प ने पूरे देश में उसके खिलाफ एक विशाल आंदोलन खड़ा किया, जिसके कारण संघ पर लगे प्रतिबंध को हटाना पड़ा। आपातकाल दौर का जिक्र करते हुये श्री कुमार ने कहा, ल्ल उस समय भी इंदिरा गांधी की सरकार ने संघ पर प्रतिबंध लगाते हुये, बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों को जेल में डाल दिया था। आपातकाल के दौरान संघ के कार्यालय पर शासन ने ताले डलवा दिये थे, लेकिन हिन्दुओं के साहस एवं संघ कार्यकर्ताओं के संकल्प के आगे इंदिरा सरकार को संघ पर लगे प्रतिबंध को हटाना पड़ा। इस तरह की कार्रवाई का परिणाम यह हुआ कि आपातकाल के बाद हुए चुनाव में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को पराजय का मुंह देखना पड़ा। संघ के प्रति बार-बार प्रतिबंध वाली सोच को स्वयं के लिए हानिकारक बताते हुए विहिप के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा, ल्ल 1992 में भी तीसरी बार तत्कालीन प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हा राव ने संघ पर प्रतिबंध लगाया था, उस समय कोर्ट ने भी माना प्रतिबंध गलत है, संघ भारत की जड़ों से जुड़ा है, भारत की परम्परा में है, भारत की संस्कृति में है, आज संघ हिन्दू समाज के स्नेह के कारण ही यह ज़िन्दा है। कांग्रेस नेताओं द्वारा संघ के पंजीकरण के मुद्दे को उछाले जाने के विषय में एक सवाल पर कहा पंजीकरण कोई कानूनी आवश्यकता नहीं है, संघ एसोसिएशन आफ पर्सन्स (व्यक्तियों का संघ) है, अब तक ऐसा कोई कानून नहीं बना है कि हर एक एसोसिएशन को पंजीकरण कराना पड़े। इसी संदर्भ में उन्होंने कहा, इसलिये संघ का पंजीकरण कराना या न कराना, ये संघ की इच्छा है। उसके वर्तमान स्वरूप में कुछ भी गैर कानूनी नहीं है।

# भारतीय संविधान में बहुजन महा पुरुषों के चित्र शामिल हों : रंजीत

एजेंसी

नवांशहर । देश विदेश में सामाजिक कार्य को कर रहे नवांशहर पंजाब के मूल निवासी दुबई में रह रहे,सामाजिक कार्यकर्ता रंजीत कुमार सोढ़ी ने भारत सरकार से मांग किया, कि भारत के संविधान में सभी चित्र हिंदू देवी-देवताओं के हैं। मुसलमानों के दो चित्र हैं। और 85% आदिवासी द्रविड़ लोगों का एक भी चित्र नहीं है। भारत के संविधान में 85% आदिवासी लोगों के चित्र होने चाहिए, भगवान बाल्मीकि, गुरु रविदास, बिरसा मुंडा आदि के चित्र के साथ सिखों के पांच प्यारो का चित्र शामिल होना चाहिए।

भारतीय संविधान की मूल प्रति में डॉ. बी.आर. अंबेडकर जैसे महा पुरुष का कोई चित्र नहीं है, संविधान ने सभी नागरिकों के लिए समानता और सामाजिक न्याय सुनिश्चित किया है, और डॉ. अंबेडकर ने इसे बनाने में मुख्य भूमिका



निभाई थी, जिससे उन्हें संविधान के निर्माता और दलितों के मसीहा के रूप में सम्मानित किया जाता है।

भारतीय संविधान की मूल प्रति को नंदलाल बोस और बेहर राममनोहर सिन्हा के नेतृत्व वाली एक टीम ने सजाया था। इन चित्रों में भारतीय इतिहास और संस्कृति के विभिन्न पहलुओं को दर्शाया गया है, जिसमें वैदिक काल, रामायण, महाभारत और अन्य शामिल हैं।

डॉ. भीम राव अंबेडकर भारतीय संविधान के मुख्य निर्माता थे, जिन्होंने संविधान सभा में मसौदा समिति की अध्यक्षता की थी। उनके द्वारा किए गए काम ने देश के दलितों, शोषितों और वंचितोंम के अधिकारों और समानता सुनिश्चित की।

समानता का अधिकारः भारतीय संविधान में समानता, स्वतंत्रता और सामाजिक न्याय के अधिकार दिए गए हैं, जो सभी नागरिकों के लिए समान हैं। डॉ. अंबेडकर के प्रयासों ने संविधान के माध्यम से दलितों को समाज में समान अधिकार और सम्मान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# पेज एक का शेष

## आज शपथ की...

तक वाजपेयी सरकार में मंत्री और रेल मंत्री रहे। 2004 के लोकसभा चुनाव में श्री कुमार ने दो सीटों से चुनाव लड़ा जिसमें वह बाढ़ से चुनाव हार गये लेकिन नालंदा सीट से विजयी हुए । उस साल केन्द्र में संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) की सरकार बनने के बाद श्री कुमार ने अपने आप को पूरी तरह बिहार की राजनीति पर केन्द्रित कर लिया । फरवरी 2005 में जब विधानसभा का चुनाव हुआ तब किसी भी दल को बहुमत नहीं मिला और कोई भी दल सरकार बनाने में सफल नहीं रहा। नवम्बर 2005 में दुबारा हुए चुनाव में श्री कुमार के नेतृत्व वाले राजग को स्पष्ट बहुमत मिल गया और वह दूसरी बार मुख्यमंत्री बने। मुख्यमंत्री के रूप में विकास पुरुष की छवि बना चुके श्री कुमार के नेतृत्व में जब राजग ने 2010 का विधानसभा चुनाव लड़ा तो उसे दो-तिहाईबहुमत हासिल हुआ । श्री कुमार ने तीसरी बार मुख्यमंत्री पद की जिम्मेवारी संभाली । उन्होंने 2014 के लोकसभा चुनाव के लिए श्री नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री के उम्मीदवार के तौर पर पेश किये जाने की कोशिशों के विरोध में भाजपा से 17 साल पुराना अपना नाता तोड़कर एक बड़ा राजनीतिक जोखिम उठाया । भाजपा से नाता टूटने के बाद अल्पमत में आयी अपनी सरकार को उन्होंने निर्दलीय और अन्य दलों के बाहर से समर्थन के बल पर किसी तरह से बचा कर रखा । इसके बाद जब वर्ष 2014 का लोकसभा चुनाव हुआ तो श्री कुमार की पार्टी जदयू को करारी हार का सामना करना पड़ा । इस हार की नैतिक जिम्मेवारी लेते हुए उन्होंने 17 मई 2014 को मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया और अपने भरोसेमंद नेता जीतन राम मांझी को मुख्यमंत्री बनवा दिया लेकिन छह माह के अंदर ही श्री कुमार को लगने लगा कि उन्होंने श्री मांझी को मुख्यमंत्री बनाकर एक बड़ी राजनीतिक भूल कर दी । करीब 15 दिनों के राजनीतिक ड्रामे के बाद श्री मांझी ने इस्तीफा दिया और 22 फरवरी 2015 को श्री कुमार ने चौथी बारमुख्यमंत्री का पद संभाला। बिहार में 2015 का विधानभा चुनाव कई मायनों में थोड़ा अलग और दिलचस्प था। वर्षों के सहयोगी भाजपा और जदयू इस बार फिर जुदा हो गए थे और 20 साल बाद दो पुराने दोस्त लालू प्रसाद यादव और नीतीश कुमार साथ आ गए थे। लालू और नीतीश के इस महागठबंधन में कांग्रेस भी शामिल थी। वर्ष 2015 के विधानसभा चुनाव चुनाव के नतीजे आने पर राष्ट्री जनता दल ( राजद) 80 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी।इसके बाद जदयू को 71 और कांग्रेस को 27 सीटें मिली थीं। इस चुनाव में महागठबंधन की सरकार बनी और नीतीश कुमार पांचवी बार मुख्यमंत्री बने। इस बार श्री कुमार की सरकार करीब 20 महीने ही चल पाई । दरअसल सरकार के कार्यों में राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव का बढ़ते हस्तक्षेप की वजह से पहले से ही असहज महसूस कर रहे श्री कुमार को राजद से नाता तोड़ने का तब बहाना मिल गया जब लालू परिवार के खिलाफ मंत्री पद और सरकारी नौकरी के बदले जमीन-फ्लैट लिखवाने का मामला भाजपा नेता सुशील कुमार मोदी ने उजागर किया तथा रेलवे टेंडर घोटाला की जांच शुरू हुई । इसपर श्री कुमार ने उप मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव से जनता के समक्ष स्थितिस्पष्ट करने को कहा लेकिन जब उन्होंने ऐसा नहीं किया तो श्री कुमार ने 26 जुलाई 2017 को महागठबंधन से नाता तोड़ते हुए मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा भी दे दिया ।इसके बाद तुरंत भाजपा ने श्री कुमार को समर्थन देने की घोषणा कर दी और 24 घंटे के अंदर ही श्री कुमार ने छठी बार बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली । इसके साथ ही फिर से बिहार में राजग सरकार की वापसी हो गई। वर्ष 2020 में एक बार फिर नीतीश कुमार के नेतृत्व में राजग की सरकार बनीं। हालांकि अगस्त 2022 में घटनाक्रम तेजी से बदले और नीतीश ने राजग से अलग होने का फैसला कर लिया। श्री कुमार एक बार फिर महागठबंधन में शामिल हो गए और उनके नेतृत्व में नई सरकार बनी। नीतीश महागठबंधन में गये लेकिन 17 माह में ही असहज महसूस करने लगे। जनवरी 2024 के आते-आते स्थितियां फिर से बदलने लगीं और नीतीश फिर से राजग में वापस लौट आए। चौहत्तर साल के नीतीश कुमार अपनी राजनीति का उफान देख चुके हैं। के मुख्यमंत्री पद की दसवीं बार जिम्मेवारी संभालने जा रहे श्री कुमार ने अपने संघर्षपूर्ण जीवन में अब तक अपनी शर्तों पर ही राजनीति की है। इस बार उनका साथ ऐसी भाजपा से है जो राज्य में सबसे बड़े दल के रूप में उभरी है।

## प्रदूषण नियंत्रण...

वाहन एक साल में 30,000 किलोमीटर से ज़्यादा चल सकते हैं, जबकि अन्य, जैसे आधिकारिक अदालती वाहन पाँच साल में 15,000 किलोमीटर भी नहीं चल पाते हैं। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि उन्होंने एक दिन पहले एक लेख पढ़ा था, जिसका हवाला देते हुये उन्होंने कहा ''किसी वाहन की उम्र का प्रदूषण उत्सर्जन से कोई लेना-देना नहीं है। यह इस बात पर निर्भर करता है कि उसका कितना इस्तेमाल किया गया है।'' केंद्र सरकार की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने न्यायालय का ध्यान राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में 10 वर्ष से अधिक पुराने डीजल वाहनों और 15 वर्ष से अधिक पुराने पेट्रोल वाहनों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई पर रोक लगाने वाले अपने पूर्व आदेश की ओर आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि जहाँ बीएस-4 वाहनों को जीआरएपी प्रतिबंधों से छूट दी गई है वहीं 15 वर्ष पुराने बीएस-3 वाहनों के लिए भी इसी तरह की छूट पर विचार किया जाना चाहिए। न्यायालय ने अपने आदेश में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) को संबंधित हितधारकों से परामर्श के बाद वायु प्रदूषण कम करने के लिए उचित उपाय करने की अनुमति दी। वरिष्ठ अधिवक्ता अपराजिता सिंह ने न्यायमित्र के रूप में न्यायालय की सहायता की। सीएक्यूएम की कार्रवाई रिपोर्ट की समीक्षा के लिए अब यह मामला मासिक रूप से सूचीबद्ध किया जाएगा। पीठ ने सीएक्यूएम द्वारा ग्रेप - 3 के तहत प्रतिबंधों को ग्रेप -2 में करने के प्रस्ताव पर कहा कि प्रदूषण को कम करने के उद्देश्य से किसी भी प्रतिबंधात्मक कार्रवाई का स्वागत किया जाएगा लेकिन इस बात पर जोर दिया कि कार्यान्वयन से पहले सभी हितधारकों से परामर्श किया जाना चाहिए।

## धनशोधन मामले में 13...

आय अर्जित हुई। 2014-15 से 2024-25 तक आयकर रिटर्न के वित्तीय विश्लेषण से पता चला कि शैक्षणिक राजस्व में भारी वृद्धि हुई है, जिन वर्षों में संस्थान को मान्यता प्राप्त नहीं हुए थे उन वर्षों के दौरान कुल 415.10 करोड़ रुपये को शैक्षणिक राजस्व घोषित किया गया था। ईडी ने रिमांड अर्जी में आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय का संचालन करने वाले अल-फलाह चैरिटेबल ट्रस्ट के नियंत्रक सिद्दीकी इस योजना में अहम भूमिका निभा रहे थे। एजेंसी ने मुख्य वित्तीय अधिकारी सहित अधिकारियों के बयानों का हवाला दिया जिनमें कहा गया था कि सभी बड़े वित्तीय फैसलों को सिद्दीकी ने ही मंजूरी प्रदान की थी। ईडी की याचिका का विरोध करते हुए, सिद्दीकी के वकील ने तर्क दिया कि उनके मुवक्किल को झूठा फंसाया गया है। बचाव पक्ष ने दलील दी कि धनशोधन मामले का आधार बनने वाली दोनों प्राथमिकी झूठी और मनगढ़ंत थीं। उन्होंने कहा कि सिद्दीकी जांच में सहयोग करने के लिए तैयार हैं और 14 दिन की हिरासत अनावश्यक है। उन्होंने सुझाव दिया कि अगर हिरासत में लेना तो इसे सात दिनों तक सीमित करना चाहिए। दोनों पक्षों को सुनने और मामले के रिकॉर्ड की जांच करने के बाद, अदालत ने माना कि पीएमएलए के अंतर्गत गिरफ्तारी के लिए अनिवार्य कानूनी प्रक्रियाओं का पालन किया गया। न्यायाधीश ने अपराध की गंभीरता और जांच के प्रारंभिक चरण को देखते हुए ईडी की हिरासत में पूछताछ के अनुरोध को उचित माना। हालांकि, ईडी के 14 दिनों का अनुरोध किया था लेकिन अदालत ने 13 दिनों की ईडी हिरासत को मंजूरी प्रदान की और निर्देश दिया कि सिद्दीकी को एक दिसंबर को अदालत में पेश किया जाए। सारी कार्यवाही तड़के ही पूरी हो गई, जिससे अधिकारियों द्वारा इस मामले में दिखाई गई तत्परता और महत्व का पता चलता है। अब जांच पूरी तरह से धन के लेन-देन का पता लगाने और सैकड़ों करोड़ रुपये की धोखाधड़ी वाली शैक्षिक गतिविधियों के पीछे की कथित साज़िश को उजागर करने पर केंद्रित होगी, जिसे ईडी फर्जी शैक्षिक गतिविधियां बता रहा है।

## राममंदिर में 25...

ध्वजारोहण समारोह में जो आमंत्रित अतिथि एक दिन पूर्व आ जायेंगे उनको 24 नवंबर को ही रामलला के दर्शन करा दिये जाएंगें। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र द्वारा राममंदिर ध्वजारोहण समारोह में आमंत्रित अतिथियों को साथ में मोबाइल फोन ले जाने पर रोक के बाद राममंदिर में आमंत्रित अतिथियो को कोई दर्शन आवागमन में परेशानी न हो जिला प्रशासन और ट्रस्ट दोनों ने व्यवस्थित योजना बनाकर उसी पर अमल कर रहा है। एसएसपी डॉ गौरव ग्रोवर ने बताया कि अयोध्या में 24 नवम्बर को आने वाले राममंदिर ध्वजारोहण समारोह के अतिथियों के रुकने आने जाने और उनके वाहनों की पार्किंग सब तय कर लिए गए हैं। 25 नवम्बर को कौन सा वाहन उनको राममंदिर ले जाएगा, सब सुनिश्चित कर आने वाले अतिथियों को ट्रस्ट सभी जानकारियों और सूचनाओं को साझा कर चुका है।

## अनमोल बिश्नोई 11...

को अंजाम देने में नामित आतंकवादी गोल्डी बरार और लॉरेंस बिश्नोई की सक्रिय रूप से सहायता की थी। एनआईए ने मार्च 2023 में अनमोल के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया था। गौरतलब है कि अनमोल पर सिद्धू मूसेवाला और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता बाबा सिद्दीकी हत्याकांड और बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के घर फायरिंग सहित गंभीर मामले दर्ज हैं।एनआईए ने उस पर दस लाख का ईनाम घोषित किया था। अनमोल पर कुल 18 मामले दर्ज हैं, जिनमें जबरन वसूली, हत्या और हथियार तस्करी शामिल हैं। गिरोह के विभिन्न सहयोगियों के साथ मिलकर काम करते हुये अनमोल ने लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के लिए अमेरिका से आतंकवादी सिंडिकेट चलाना और आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देना जारी रखा। इसके लिए उसने ज़मीनी स्तर पर अपने गुर्गों का इस्तेमाल किया। जाँच से पता चला कि अनमोल बिश्नोई ने गिरोह के शूटरों और अन्य गुर्गों को आश्रय और रसद सहायता प्रदान की थी। वह अन्य गैंगस्टरों की मदद से विदेशी धरती से भारत में जबरन वसूली में भी शामिल था। एनआईए इस मामले (लॉरेंस बिश्नोई की अगुवाई वाले आतंकवादी-गैंगस्टर षड्यंत्र)की जाँच कर रही है ताकि आतंकवादियों, गैंगस्टरों और हथियार तस्करों के बीच गठजोड़ को नष्ट किया जा सके। इसमें उनका बुनियादी ढाँचा और धन स्रोत भी शामिल हैं। पंजाब के फाजिल्का जिले का रहने वाला अनमोल नेपाल, दुबई और केन्या के रास्ते अप्रैल 2022 में फर्जी पासपोर्ट पर अमेरिका भागा था। उसकी दिल्ली पुलिस, पंजाब पुलिस और राजस्थान पुलिस को विभिन्न मामलों में तलाश है।

## परियोजनाओं में निजी...

कि अयोध्या, वाराणसी, गोरखपुर और प्रयागराज की तर्ज पर अब मेरठ, कानपुर और मथुरा-वृंदावन के लिए भी समेकित विकास मॉडल अपनाया जा रहा है। जनप्रतिनिधियों से विमर्श और विभागों के बीच समन्वय के आधार पर इन शहरों में कुल 478 परियोजनाओं की रूपरेखा तैयार की गई है। इनमें मेरठ में 111, कानपुर में 109 और मथुरा-वृंदावन में 258 परियोजनाओं का विकास प्रस्तावित है। इन परियोजनाओं को अल्पकालिक, मध्यमकालिक और दीर्घकालिक श्रेणी में विभाजित कर स्पष्ट समयसीमा तय की गई है। बैठक में बताया गया कि पहले चरण की कार्ययोजना के रूप में वर्ष 2025-26 में मेरठ में 11, कानपुर में 13 और मथुरा-वृंदावन में 14 प्राथमिक परियोजनाओं पर कार्य किया जाए। इन परियोजनाओं में यातायात सुधार, चौराहों का पुनर्विकास, मल्टीलेवल पार्किंग, हरित क्षेत्र, सड़क और पेवमेंट सुधार, बिजली लाइनों का भूमिगतकरण, जल प्रबंधन, पर्यटन सुविधाओं का उन्नयन और शहरी सौंदर्यीकरण जैसी जरूरतों को प्राथमिकता दी गई है। बैठक में बताया गया कि मेरठ में यातायात सुगमता के लिए बिजली बम्बा बाईपास, लिंक रोड, हापुड़ अड्डा से गांधी आश्रम तक चौड़ीकरण, ईस्टर्न कचहरी रोड, सूरजकुंड चौराहा, क़य्यम नगर पार्क, 19 प्रमुख चौराहों पर जंक्शन इम्प्रूवमेंट, संजय वन, शताब्दी नगर एसटीपी से मोहकमपुर औद्योगिक क्षेत्र तक जल पुनर्चक्रण व्यवस्था, स्मार्ट रोड और यूनिवर्सिटी रोड क्षेत्रीय पुनर्विकास जैसी परियोजनाएं प्रस्तावित हैं। कानपुर के संबंध में बताया गया कि विकास का आधार ल्लरूटेड इन लेगेसी, राइजिंग टू टुमॉरोङ्क की अवधारणा होगी। मैनावती मार्ग चौड़ीकरण, मल्टीलेवल पार्किंग, मास्टर प्लान सड़कों का निर्माण, ग्रीन पार्क के आसपास शहरी डिजाइन सुधार, मकसूदाबाद सिटी फॉरेस्ट, बॉटनिकल गार्डन, वीआईपी रोड, रिवरफ्रंट लिंक, ग्रीनफील्ड कॉरिडोर, मेट्रो विस्तार और ग्रेटर कानपुर के रूप में नए विस्तार क्षेत्र की दृष्टि इस योजना में शामिल हैं। मथुरा-वृंदावन के लिए प्रस्तुत मास्टर प्लान के तहत शहर को 'विजन-2030' के रूप में विकसित करने की रणनीति पर चर्चा हुई। बैठक में बताया गया कि श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा के लिए स्ट्रीट फसाड डेवलपमेंट, मल्टीलेवल पार्किंग, बस पार्किंग, प्रवेश द्वारों का सौंदर्यीकरण, नए मार्गों का निर्माण, बरसाना-गोवर्धन-राधाकुंड कॉरिडोर सुधार, परिक्रमा मार्ग पर सुविधाएं और नगर प्रवेश से धार्मिक स्थलों तक संकेतक एवं प्रकाश व्यवस्था की योजना शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं के लिए नवाचार, बेहतर प्रबंधन और वित्तीय संयोजन पर ध्यान दिया जाए। उन्होंने अधिकारियों को रेवेन्यू शेयरिंग मॉडल पर निजी क्षेत्र का सहयोग लेने और जहां संभव हो वहां पीपीपी मोड अपनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास का उद्देश्य ऐसा शहरी ढांचा तैयार करना है जो यातायात को सुगम बनाए, पैदल यात्रियों और सार्वजनिक परिवहन को प्राथमिकता दे, हरे-भरे शहरों की दिशा में आगे बढ़े और स्थानीय पहचान को मजबूत करे। उन्होंने कहा कि परियोजनाओं के लिए यदि अतिरिक बजट की आवश्यकता होगी तो उसे उपलब्ध कराया जाएगा।

## नहर व्यवस्था सुधार के...

क्षमता बढ़ेगी और विभिन्न क्षेत्रों में जल उपलब्धता सुचारू होगी, विशेष रूप से पूर्वांचल, तराई, बुंदेलखंड और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसानों को इनसे बड़ा लाभ मिलने की संभावना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं का उद्देश्य केवल निर्माण नहीं बल्कि जल प्रबंधन की दक्षता, किसान हित, कृषि उत्पादन वृद्धि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश का कोई भी किसान सिंचाई के अभाव में अपनी फसल प्रभावित न होने पाए। मुख्यमंत्री ने बैठक में विभाग को अनुपयोगी पड़ी भूमि के सर्वेक्षण और उसके सदुपयोग हेतु विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभागीय भूमि का सुविचारित उपयोग विभाग की आय संवर्द्धन में सहायक होगा। बैठक में मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रबंधन से जुड़े कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि आगामी वर्ष की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए सभी तैयारियां जनवरी माह से प्रारम्भ कर दी जाएं। उन्होंने कहा कि इस संबंध में जनप्रतिनिधियों के मार्गदर्शन से विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाए ताकि समय रहते आगे की कार्यवाही सुनिश्चित हो सके।

# मुख्यमंत्री ने गढ़वाल और कुमाऊं मंडलों में स्प्रिचुअल इकोनॉमिक जोन के लिए रोडमैप तैयार करने के दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून । मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश के गढ़वाल और कुमाऊं दोनों मंडलों में एक-एक स्प्रिचुअल इकोनॉमिक जोन की स्थापना के लिए विस्तृत कार्ययोजना (रोडमैप) शीघ्र तैयार के निर्देश दिए हैं। साथ ही कहा है कि इसी वित्तीय वर्ष में इस योजना पर कार्य धरातल पर प्रारंभ किया जाए।

बुधवार को मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उच्च स्तरीय बैठक के दौरान अधिकारियों को यह निर्देश दिए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल उत्तराखंड को वैश्विक आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगी। इस परियोजना के अंतर्गत धार्मिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहरों के संरक्षण के साथ-साथ तीर्थ स्थलों एवं उनके आस-पास के क्षेत्रों का समग्र विकास किया जाए। इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे, वहीं राज्य की अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी।

उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत योग, ध्यान, आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा, स्थानीय हस्तशिल्प, पर्वतीय उत्पादों और सांस्कृतिक आयोजनों को भी प्रोत्साहन दिया जाए। इस पहल से राज्य का पर्यटन परिदृश्य और समृद्ध होगा तथा उत्तराखंड की पहचान 'आध्यात्मिक राजधानी' के रूप में और मजबूत होगी।

मुख्यमंत्री ने बैठक में शीतकालीन यात्रा व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ करने पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि राज्य के शीतकालीन स्थलों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार करते हुए, वहां की यात्रा, आवास, परिवहन और सुरक्षा व्यवस्थाओं को मजबूत किया जाए ताकि अधिक से अधिक पर्यटक राज्य की प्राकृतिक और सांस्कृतिक विविधता का अनुभव कर सकें। शीतकालीन यात्रा स्थलों के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए पारंपरिक व आधुनिक माध्यमों के जरिए राज्य की पर्यटन संभावनाओं को देश-विदेश तक पहुंचाया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा लक्ष्य राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ ही जनसामान्य के जीवन स्तर में सुधार लाने और राज्य के प्राकृतिक और आध्यात्मिक धरोहरों को सहेजते हुए सतत विकास की दिशा में आगे बढ़ना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं को धरातल पर लाने के लिए ठोस कार्यनीति तैयार की जाए और समयबद्ध रूप से प्रत्येक चरण की मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए।

बैठक में वर्चुअल माध्यम से पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज भी जुड़े थे। बैठक में बद्री-केदार मंदिर समिति के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी, मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, डॉ. आर. मीनाक्षी सुंदरम, सचिव शैलेश बगोली, धीराज सिंह गर्ब्याल, स्थानिक आयुक्त अजय मिश्रा, अपर सचिव अभिषेक रोहिला एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# सज्जन कुमार ने सिख विरोधी दंगों में सजा को चुनौती दी, सीबीआई को नोटिस

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली । दिल्ली उच्च न्यायालय ने 1984 के सिख विरोधी दंगे के दौरान सरस्वती विहार के मामले में मिली उम्रकैद की सजा को चुनौती देने वाली सज्जन कुमार की याचिका पर सीबीआई को नोटिस जारी किया है। जस्टिस विवेक चौधरी की अध्यक्षता वाली पीठ ने मामले की अगली सुनवाई 28 जनवरी, 2026 को करने का आदेश दिया।

राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 12 फरवरी को सज्जन कुमार को दोषी करार दिया था और 25 फरवरी को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। मामला एक नवंबर, 1984 का है, जिसमें पश्चिमी दिल्ली के राज नगर में सरदार जसवंत सिंह और सरदार तरुण दीप सिंह की हत्या कर दी गई थी। शाम को करीब चार-साढ़े चार बजे दंगाइयों की भीड़ ने पीड़ितों के राज नगर इलाके स्थित घर पर लोहे के सरियों और लाठियों से हमला कर दिया। शिकायतकर्ताओं के मुताबिक इस भीड़ का नेतृत्व सज्जन कुमार कर रहे थे जो उस समय बाहरी दिल्ली लोकसभा सीट से कांग्रेस के सांसद थे।

शिकायत के मुताबिक सज्जन कुमार ने भीड़ को हमला करने के लिए उकसाया था, जिसके बाद भीड़ ने सरदार जसवंत सिंह और सरदार तरुण दीप सिंह को जिंदा जला दिया। भीड़ ने पीड़ितों के घर में तोड़फोड़, लूटपाट और आगजनी को अंजाम दिया। शिकायतकर्ता की ओर से तत्कालीन रंगनाथ मिश्रा की अध्यक्षता वाली जांच आयोग के समक्ष दिए गए हलफनामे के आधार पर उत्तरी जिले के सरस्वती विहार थाने में एफआईआर दर्ज की गई। एफआईआर में भारतीय दंड संहिता की धारा 147, 148, 149, 395, 397, 302, 307, 436 और 440 की धाराओं के तहत आरोप लगाए गए थे।

# संक्षिप्त समाचार

## एसआईआर के खिलाफ केरल सरकार की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट 21 नवंबर को सुनवाई करेगा

नई दिल्ली । केरल में शुरू हुई मतदाता सूची में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को चुनौती देने वाली केरल सरकार की याचिका पर उच्चतम न्यायालय 21 नवंबर को सुनवाई करेगा। याचिका में केरल सरकार ने राज्य में चल रही स्थानीय चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक विशेष गहन पुनरीक्षण रोकने की मांग की है। याचिका में कहा गया है कि केरल में 1200 स्वशासी संस्थाएं हैं, जिनमें 941 ग्राम पंचायत, 152 ब्लॉक पंचायत, 14 जिला पंचायत, 87 नगर निगम और 6 कॉरपोरेशन शामिल हैं, जिनमें 23,612 वार्ड शामिल हैं। केरल में ये स्थानीय निकाय चुनाव दो चरणों में 9 दिसंबर और 11 दिसंबर को कराए जाएंगे, जबकि राज्य में 4 नवंबर से एसआईआर प्रक्रिया शुरू हो गई है और 4 दिसंबर को ड्राफ्ट प्रकाशित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग ने भी केरल में विशेष गहन पुनरीक्षण के आदेश को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी है। मुस्लिम लीग ने दायर याचिका में कहा है कि चुनाव आयोग को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का काम तत्काल रोक देना चाहिए क्योंकि स्थानीय चुनाव के बीच वोटर लिस्ट में बदलाव नहीं किया जा सकता।

## लोक सभा अध्यक्ष ने संयुक्त राष्ट्र में सुधारों का किया आह्वान

नई दिल्ली । लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने तेजी से बदलते वैश्विक परिदृश्य में संयुक्त राष्ट्र की वर्तमान संरचना के पुनर्मूल्यांकन के महत्व पर बल दिया है। उन्होंने वर्तमान चुनौतियों का समाधान करने के लिए किए जाने वाले आवश्यक सुधारों की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। बिरला ने कहा कि युद्ध, आतंकवाद, जलवायु संकट और डिजिटल जोखिमों जैसे गंभीर मुद्दों से जूझ रहे विश्व में संवाद, सहयोग और समयबद्ध वैश्विक सुधार अनिवार्य हो गए हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज विश्व के मुख्य न्यायाधीशों के 26वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं। बिरला ने भारत के प्राचीन दर्शन वसुधैव कुटुम्बकम और संविधान में निहित शांति, सौहार्द और समता के सिद्धांतों को देश की वैश्विक प्रतिबद्धता का आधार बताया। संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों में भारत की सक्रिय भूमिका, 3 लाख से अधिक शांति सैनिकों के योगदान और कोविड-19 महामारी के दौरान 150 से अधिक देशों को दी गई वैक्सीन सहायता का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भारत ने लगातार ज़िम्मेदारी से वैश्विक सहयोग की भावना के साथ काम किया है। लोकसभा अध्यक्ष ने आशा व्यक्त की कि न्यायपालिका के समक्ष पर्यावरणीय न्याय, सतत विकास, डिजिटल सुरक्षा और आर्टिफिशल इंटेलिजेंस के नैतिक उपयोग जैसी उभरती चुनौतियों पर केन्द्रित यह सम्मेलन विश्व शांति, न्याय और स्थिरता को और सुदृढ़ करेगा। इस अवसर पर भाजपा के चिंतक और राज्यसभा सदस्य सुधांशु त्रिवेदी भी उपस्थित रहे।

## दसवी कक्षा के छात्र ने मेट्रो स्टेशन से नीचे कूदकर दी जान

नई दिल्ली। राजेंद्र नगर मेट्रो स्टेशन के प्लेटफार्म से नीचे कूदकर 10 वीं के एक छात्र ने खुदकुशी कर ली। उसके पास से एक पन्ने का सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उसने तीन से चार शिक्षक पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है और उनके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। नोट में उसने अपने माता-पिता से माफी मांगी है। पुलिस ने उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। राजा गार्डन मेट्रो थाना पुलिस ने मृतक बच्चे के पिता के बयान पर आत्महत्या के लिए उगसाने का मामला दर्ज किया है। मेट्रो पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि छात्र राजेन्द्र नगर के रहने वाला था। वह एक निजी स्कूल की दसवीं कक्षा में पढ़ता था। परिवार में माता पिता के अलावा अन्य सदस्य हैं। मंगलवार दोपहर करीब तीन बजे राजा गार्डन मेट्रो थाना पुलिस को राजेंद्र नगर मेट्रो स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो से नीचे एक छात्र के छलांग लगाने के जानकारी मिली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। मौके पर पहुंची पुलिस को छात्र घायल अवस्था में मिला। पुलिस ने उसे पास के अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके पास से एक पन्ने का सुसाइड नोट मिला। नोट में उसने शिक्षकों पर प्रताड़ित करने आरोप लगाकर उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की है ताकि कोई और छात्र ऐसा न करें। जांच में पता चला कि छात्र के माता-पिता दिल्ली से बाहर गए हुए थे। पुलिस ने उनको घटना की जानकारी दे दी है।

## मनाई गई स्व इन्दिरा गांधी की जयन्ती

भागलपुर। भागलपुर के पूर्व विधायक अजीत शर्मा के निवास स्थित कांग्रेस के कैम्प कार्यालय में बुधवार को भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री स्व इन्दिरा गांधी की जयन्ति समारोहपूर्वक मनाई गयी। इस अवसर पर शर्मा सहित उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्त्ताओं को संबोधित करते हुए शर्मा ने कहा कि स्व इन्दिरा गांधी ने अपने शासन काल में युगान्तकारी परिवर्तन लाकर देश को विकास के पैमाने के सर्वोच्च स्थान पर पहुंचा कर दुनियां के अग्रणी देशों की श्रेणी में लाया। उन्होंने कहा कि भारत से जमींदारी प्रथा का उन्मूलन, पाकिस्तान को दो फाड़ कर बंगला देश का निर्माण, हरित क्रान्ति लाने कके साथ देश को सामरिक रूप से मजबूत बनाया। जिसके लिए देश हमेश उन्हें याद करता रहेगा। इन्दिरा जी का प्रेरणा लेकर भारतीय लोकतंत्र और संविधान की रक्षा का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के प्रतिनिधि डॉ अभय आनन्द, नगर कांग्रेस अध्यक्ष सोईन अंसारी, अभिमन्यु यादव, बाबर अंसारी, डॉ जयशंकर ठाकुर, अभिषेक चौबे, पार्षद जाबीर अंसारी, नजाहत अंसारी, मिन्टू कुरैशी, उषा रानी, मिनाक्षी देवी, रमीज राजा, मो अब्दुल्ला, मो मेहताब, मो फिरोज सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## स्वयंसेवक बढ़ा रहे हैं विश्वविद्यालय की शान

भागलपुर। राष्ट्रीय सेवा योजना तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय भागलपुर के स्वयंसेवक और स्वयंसेवी लगातार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भागीदारी कर विश्वविद्यालय के ब्रांड एंबेसडर और शाइनिंग स्टार के तौर पर विश्वविद्यालय के शान में बढ़ोतरी कर रहे हैं। उसी कड़ी में राष्ट्रीय सेवा योजना तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय भागलपुर के दो वॉलंटियर क्रमशः सानू मिश्रा बी. एन महाविद्यालय एवं मुस्कान कुमारी तारर कॉलेज तारर द्वारा 5 नवंबर से 15 नवंबर तक हुए राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस शिविर, ग्वालियर में सफलतापूर्वक प्रतिभाग किया गया।

# आमजन के सहयोग के बिना भारत नहीं बन सकता विकसित राष्ट्रः कुलपति

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नवादा । मगध विश्वविधालय के कुलपति प्रो शशि प्रताप शाही ने कहा कि आम-आवाम के सहयोग वगैर भारत विकसित राष्ट्र नहीं बन सकता.सरकार की बेहतर विकसित नीति के साथ समाज के बंचित वर्गो तक शिक्षा की ज्योति जगाने जैसी व्यवस्थाओं के बावजूद अगर आमजनों का सहयोग व सोच नहीं बदलेगा,तब तक विकसित राष्ट्र की परिकल्पना करना संभव नहीं होगा। .वे बुधवार को नवादा जिलांतर्गत वारिसलीगंज प्रखंड के रविकांत- पूनम महाविद्यालय दोसुत के परिसर स्थित सभागार में विकसित भारत अ 2047 सेमिनार को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत से दो वर्ष बाद आजाद हुआ चाइना अपने अंतर्विषयक बेहतर सोच के कारण हर क्षेत्रों में भारत से आगे चल रहा है.जबकि तक्षशिला, विक्रमशिला,नालंदा विश्वविद्यालय जैसे कई तरह के ऐतिहासिक शिक्षा प्रणाली जैसी गौरवमयी शिक्षा विरासत रहने के बावजूद भी भारत विश्व स्तर पर चुका हुआ माना जा रहा है । कुलपति ने राष्ट्र निर्माण में युवाओं को आगे बढ़कर योगदान करने की अपील की.और कहा कि वह राष्ट्र तब तक उन्नत व विकसित नहीं होगा,जब तक युवाओं में अपने देश के प्रति कुछ करने की जज्बा नहीं होगी. कुलपति ने देश में कुटीर,लघु के साथ शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को दिल से आभार प्रकट किया.उन्होंने कहा कि शोशितों,बंचितों एवं महिलाओं को आरक्षण देकर जिस तरह से समाज के मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास किया है,उसका असर विकसित प्रदेश व राष्ट्र के निर्माण में निर्णायक होगी. स्वागत सम्मान से अभिभूत कुलपति शाही ने रविकांत-पूनम महाविद्यालय में बायोटेक्नोलॉजी,सूचना एवं जनसंचार सहित कई संकायों की पढ़ाई बहुत जल्द शुरू करने की अनुमति दी है.17 एकड़ भू-भाग में फैले रविकांत-पूनम बीएड कॉलेज दोसुत की व्यवस्था पर प्रकाश डालते हुए निदेशक डॉ0रविकांत ने महाविद्यालय परिसर में ही 50 बेड का निःशुल्क डायलिसिस सेन्टर के निर्माण बाद शीघ्र ही गरीब व लाचार मरीजों के हवाले करने की बात कही.उन्होंने कहा कि मानव सेवा इंसान का सबसे बड़ा धर्म है.आप अगर सच्चे मानवसेवी हैं तो मंदिर-मस्जिदों में जाने की जरूरत नहीं है.सुदूर ग्रामीण व पिछड़े इलाकों में बेहतर शिक्षा मंदिर का निर्माण कर युवाओं को शिक्षित व स्वाबलंबन की दिशा में बेहतर पहल को लेकर तमाम वक्ता व शिक्षाविदों ने उन्हें दिल से आभार प्रकट किया.इससे पूर्व कुलपति प्रो0शशि प्रताप शाही को आगमन के वक्त ढोल-बाजे व पुष्प वर्षा के बीच महाविद्यालय कर्मियों ने जोरदार स्वागत किया.सेमिनार कार्यक्रम की अध्यक्षता रविकांत-पूनम बीएड कॉलेज के उपनिदेशक डॉ0पूनम व संचालन केएलएस कॉलेज नवादा के व्याख्याता डॉ0एम जेड शहजादा ने की।

इस अवसर पर मगध विश्वविद्यालय के विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो0एस एन पी यादवदीन,निदेशक शिक्षा विभाग प्रो0 सुशील कुमार सिंह,कुलानुशासक प्रो0 उपेन्द्र कुमार, डा0 शैलेन्द्र कुमार,प्रो0 बिनोद कुमार,डा0 दीपक कुमार,प्रो0 पवन कुमार शर्मा,बीएड कॉलेज के उपनिदेशक डॉ0पूनम कुमारी,डॉ0 अशोक कुमार सिंह, प्रो0रामजतन सिंह,प्रो0 बिपिन कुमार,रंजीत कुमार झा, रामजतन यादव सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं शहादत वर्षगांठ पर श्री आनंदपुर साहिब में गूंजी गुरबाणी

चंडीगढ़ । मानवता और धर्म की आज़ादी के लिए अपना शीश न्योछावर करने वाले हिंद की चादर नौवें पातशाह श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की लासानी शहादत के 350वें वर्ष को समर्पित भव्य धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला का शुभारंभ करते हुए बुधवार को भारतीय जनता पार्टी पंजाब ने आनंदपुर साहिब में विशाल कीर्तन दरबार का आयोजन किया। हज़ूरी रागी भी. रंजीत सिंह जी (पटना) के साथ भाई राजिंदर सिंह (आनंदपुर साहिब), भाई गगनदीप सिंह (गंगानगर) और भाई देविंदर सिंह खालसा (खन्ना) ने गुरबाणी कीर्तन द्वारा गुरु तेग बहादुर जी के उपदेशों और बलिदान का स्मरण करवाया। कीर्तन दरबार से पूर्व केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, भाजपा राष्ट्रीय सचिव एवं सह-प्रभारी डॉ. नरिंदर सिंह रैना, प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी शर्मा, भाजपा के संसदीय बोर्ड के सदस्य इकबाल सिंह लालपुरा, संगठन महामंत्री मंथरी श्रीनिवास सुल्लू, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय सांपला, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद अविनाश राय खन्ना, पूर्व केंद्रीय मंत्री महारानी परनीत कौर, पूर्व मंत्री तीक्ष्ण सूद, पूर्व विधायक केवल सिंह ढिल्लों, महिला मोर्चा पंजाब की प्रदेश अध्यक्ष जय इंदर कौर, प्रदेश उपाध्यक्ष विक्रम सिंह चीमा एवं डॉ. सुभाष शर्मा, आदि।

# भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 108वीं जयंती पर कांग्रेस ने अर्पित की श्रद्धांजलि

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नैनीताल । नगर कांग्रेस कमेटी नैनीताल ने बुधवार को तल्लीताल स्थित पार्टी कार्यालय में देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री, भारत रत्न लौह महिला इंदिरा गांधी की 108वीं जयंती श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाई। कांग्रेसजनों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर राष्ट्रनिर्माण में दिए गए ऐतिहासिक योगदान को स्मरण किया तथा तत्पश्चात मिष्ठान वितरण किया गया।

इस अवसर पर नगर अध्यक्ष अनुपम कबड्वाल ने कहा कि इंदिरा गांधी भारतीय राजनीति की अद्वितीय व्यक्तित्व थीं, जिन्होंने श्वेत क्रांति, हरित क्रांति, बैंकों का राष्ट्रीयकरण, पाकिस्तान विभाजन, ऑपरेशन मेघदूत के माध्यम से सियाचिन पर नियंत्रण तथा वर्ष 1974 के परमाणु परीक्षण जैसे साहसिक निर्णयों से भारत को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दिलाई। उन्होंने कहा कि उनके राष्ट्रहितकारी कार्य आज भी पीढ़ियों को प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम में नगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश कर्नाटक, महामंत्री कैलाश अधिकारी, सचिव बंटू आर्या, पूर्व दायित्वधारी रईस भाई, डीसीएस खेतवाल, नासिर भाई, कनक साह, यूथ कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष अमन महिंद्रा, शिवम बजाज, छात्रसंघ सचिव आयुष कुमार, अमन जाटव, जयंत उप्रेती, प्रियांशु बेलवाल, विनोद परिहार, गौरव कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मखाना बोर्ड का लाभ छत्तीसगढ़ के किसानों को भी मिलेगा: शिवराज चौहान

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली । केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि केंद्र द्वारा गठित मखाना बोर्ड का लाभ छत्तीसगढ़ के किसानों को भी मिलेगा। छत्तीसगढ़ के किसान मखाने की खेती कर रहे हैं। केंद्र सरकार ने मखाने की खेती को आगे बढ़ाने, मखाने की प्रोसेसिंग, मार्केटिंग, ब्रांडिंग के लिए मखाना बोर्ड का गठन किया है। मखाने का उत्पादन मुख्यतः बिहार में होता था लेकिन अब मखाने का उत्पादन छत्तीसगढ़ में भी होता है इसलिए मखाना बोर्ड में छत्तीसगढ़ को भी शामिल किया जाएगा ताकि यहां के किसानों को जो मखाना पैदा कर रहे हैं, उनको लाभ दे सकें और ज्यादा से ज्यादा किसान मखाने की खेती में लगकर अपनी आय बढ़ा सकें।

शिवराज सिंह ने बुधवार को विज्ञप्ति जारी कर कहा कि पीएम-किसान, सड़क परियोजनाओं के साथ मनरेगा, स्वयं सहायता समूहों का विस्तार जैसे प्रभावी कदम देश के कृषि एवं ग्रामीण परिदृश्य को बदल रहे हैं। छत्तीसगढ़ ने नक्सलवाद के दर्द को झेला है। छत्तीसगढ़ का कोई भी इलाका अब विकास से अछूता नहीं रहेगा, नक्सलवाद पूरी तरह समाप्त होगा।

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि राज्य की पुरानी कांग्रेस सरकार ने 5 साल बर्बाद कर दिए। कांग्रेस अब ऐसा बोझ बन गई है कि कांग्रेस जिसके साथ हो जाती है, वही डूब जाता है। राहुल गांधी मुद्दा ले आए एसआईआर वोटर लिस्ट। बिहार ने ऐसा तमाचा मारा कि सांस भी नहीं ले पा रहे हैं। शिवराज ने कहा कि अगर वोटर लिस्ट में घुसपैठियों के नाम जुड़े हों, तो वो नाम कटने चाहिए। केंद्र-राज्य सरकार मिल कर घुसपैठिए को चुन-चुनकर निकालेंगे। घुसपैठियों के लिए कोई जगह नहीं है।

# भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 108वीं जयंती पर कांग्रेस ने अर्पित की श्रद्धांजलि

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। जिला महानगर कंग्रेस व जिला हरिद्वार ग्रामीण कंग्रेस द्वारा किसान घाट पर पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की जयंती के अवसर पर पुष्पांजलि अर्पित कर पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत द्वारा किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर मौन उपवास व सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया गया।

इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने किसानों की विभिन्न मांगों को जिनमें गन्ना मूल्य 450 रुपये करने, इकबालपुर चीनी मिल के बकाया भुगतान और ऊधमसिंह नगर सहित कई स्थानों पर धान की सरकारी खरीद में जानबूझकर किये जा रहे विलंब के खिलाफ धामी सरकार को चेतावनी दी और कहा अगर जल्द ही किसानों की मांगों का समाधान नहीं हुआ तो आने वाले 2027 में किसान इस भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेगा। जिला महानगर कंग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष अमन गर्ग और स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष मुरली मनोहर , जिला हरिद्वार ग्रामीण कंग्रेस अध्यक्ष बालेश्वर सिंह व विधायक ममता राकेश ने कहा कि भाजपा सरकार में किसानों की लगातार अनदेखी की जा रही है जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विधायक रवि बहादुर व अनुपमा रावत ने कहा कि स्मार्ट मीटर के नाम पर सरकार जनता का शोषण कर रही है जिसके खिलाफ सड़क पर संघर्ष करने का काम करेंगे। वरिष्ठ नेता वीरेंद्र रावत व राजबीर सिंह, पूर्व अध्यक्ष महिला आयोग संतोष चौहान और मनोज सैनी ने कहा कि कंग्रेस कार्यकाल में दलितों के वर्ग 4 व वर्ग 3 की भूमि पट्टों को धामी सरकार द्वारा निरस्त किया जाना दलित विरोधी मानसिकता का परिचायक है। एससी कंग्रेस जिलाध्यक्ष तीर्थपाल रवि और पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत राव आफाक ने कहा कि भाजपा सरकार में दलित,किसान मजदूर हितों पर डाका डाला जा रहा है जिसका खामियाजा भाजपा को 2027 में उठाना पड़ेगा।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063